आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* सूर्य षष्ठी व्रत

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 302 | उज्जैन, रविवार 15 नवम्बर, 2026 | कार्तिक शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

गिग वर्कर्स को मोबाइल पर मिलेगा काम और कमाई का पूरा हिसाब

हैदराबाद। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना में गिग वर्कर्स के लिए शुरू की गई सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम को महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गिग वर्कर्स अपने मोबाइल फोन पर काम, पूरी की गई राइड और कमाई से जुड़ा पूरा विवरण देख सकेंगे। इसके साथ ही हैदराबाद सहित राज्य के अन्य शहरों में उनके लिए वाई-फाई सुविधा वाले रेस्ट जोन भी बनाए जाएंगे। योजना के लॉन्च के अवसर पर राहुल गांधी ने कहा कि 21वीं सदी में डेटा की अहमियत लगातार बढ़ रही है।

सैम पित्रोदा बोले- मेरा फोन और लैपटॉप टैप हुआ

नई दिल्ली। राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोपों के बीच इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि उनका फोन टैप किया जा रहा है, लेकिन पीएम मोदी खुद ऐसा नहीं करते। एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'पीएम खुद स्क्रूड्राइवर लेकर ऐसा नहीं कर रहे।' हालांकि, पित्रोदा ने यह नहीं बताया कि इसके पीछे किसका हाथ है। दरअसल, राहुल ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका मोबाइल फोन टैप कर रहे रहे हैं। पित्रोदा ने कहा कि राजनीति की लड़ाई को निजी रिश्तों पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने के प्रस्ताव पर एनसीपी-एसपी सहमत

मुंबई। एनसीपी (शरद गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा सीटों की संख्या 50% बढ़ाने के भाजपा के प्रस्ताव का समर्थन करने को तैयार है। इसके साथ ही महिला आरक्षण लागू करने की भी बात कही गई है। सुले ने बताया कि भाजपा ने परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए विपक्षी नेताओं को बैठक में बुलाया था। बैठक में भाजपा ने सभी राज्यों में लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, सुले ने स्पष्ट किया कि एनसीपी-एसपी ने विधेयक का समर्थन करने का अभी औपचारिक फैसला नहीं लिया है।

अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' पर प्रॉपर्टी विवाद



भाई अजिताभ की पत्नी ने जया के नाम ट्रांसफर किए जाने पर शिकायत की

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के मुंबई स्थित मशहूर बंगले 'जलसा' पर विवाद शुरू हो गया है। कुछ दिन पहले बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के बीच अब बिग बी के भाई अजिताभ की पत्नी रमोला ने बंगला जया बच्चन के नाम ट्रांसफर होने पर सवाल उठाया है। रमोला ने पिछले 7 महीनों में रजिस्टरार ऑफिस में इसकी कई बार शिकायत की है। उनका कहना है कि बिना उनकी जानकारी के बंगले का मालिकाना हक जया बच्चन के नाम ट्रांसफर कर दिया गया। टाइम्स ऑफ इंडिया और मुंबई मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, रामोला बच्चन का दावा है कि जलसा पहले उनके नाम पर रजिस्टर्ड था। बाद में 1993 की एक गिफ्ट डीड के जरिए इसका मालिकाना हक जया बच्चन के नाम कर दिया गया। रामोला ने इस ट्रांसफर की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने इसके लिए अपनी सहमति दी थी।

नैनो न्यूज

- **चंडीगढ़** : पंजाब में बीजेपी-अकाली दल गठबंधन की अटकलों के बीच पीएम मोदी से मिले कैप्टन अमरिंदर सिंह, नशे और गैंगस्टरों के मुद्दे पर हुई चर्चा।
- **सूरत** : कपड़ा गोदाम में लगी आग, दूर तक दिखीं लपटें, लाखों के नुकसान की आशंका।
- **भोपाल** : सीएम ने कहा, आदिवासियों ने न केवल अंग्रेजों से बल्कि मुगलों से भी लड़ाई लड़ी है, अमर शहीदों को कांग्रेस ने भुलाया है।
- **गया** : बिहार के गया रेलवे स्टेशन पर 22 वर्षीय युवती गिरफ्तार, झोले में मिले गांजे के 12 पैकेट, कीमत 6.37 लाख रुपये।
- **पंजाब** : युवाओं को मिलेगा एक करोड़ जीतने का मौका, सीएम भगवंत मान ने लॉन्च किया पंजाब दा करोड़पति।
- **वाशिंगटन** : अमेरिका के एयरपोर्ट्स पर 15 लाख यात्री फंसे: कुर्सियां भरीं तो फर्श पर बैठे, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स और बच्चों के साथ टाइम पास किया।


मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में 25 दिन के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए

तीव्रता 4.5, 3-4 सेकंड तक हिली धरती, लोग घरों से निकले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में 25 दिन के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। शनिवार सुबह 9.15 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 दर्ज की गई। करीब 3-4 सेकंड तक जमीन में कंपन हुआ। भूकंप का केंद्र मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा से लगे सतपुड़ा क्षेत्र में बताया गया है। यह खरगोन जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर और जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था।

इससे पहले 18 अक्टूबर को दोपहर 12.14 बजे 4.1 तीव्रता का भूकंप आया था। उस समय भी भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। शनिवार को आए झटकों का असर खरगोन, सेंधवा, खंडवा, बुरहानपुर और भीकनगांव के सीमावर्ती इलाकों में महसूस किया गया। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक, खरगोन में भूकंप के बाद सुबह 10.29 बजे लेह-लद्दाख क्षेत्र में भी भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.9 दर्ज की गई।





कंपन से सोफा खिसका, लोग घरों से बाहर निकले

सुबह अचानक कंपन महसूस होने पर लोग घबरा गए। दीपक कानूनगो, प्रभुराम मालवी और बसंत सोनी ने बताया कि घर में रखे सोफे अपनी जगह से खिसकने लगे। वे परिवार के साथ तुरंत घरों से बाहर आ गए। सनावद रोड स्थित अविसंस स्कूल में भी कंपन महसूस हुआ। इसके बाद शिक्षक बच्चों को भवन से निकालकर मैदान में ले गए। बाद में उन्हें भूकंप के दौरान बचाव के तरीके बताए गए।

- **कई जगह से मिली झटके महसूस होने की सूचना-** खरगोन एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने बताया कि जिले के कई इलाकों से कंपन महसूस होने की सूचना मिली है। प्रशासन ने इसकी जानकारी जुटाई है। फिलहाल, नुकसान की सूचना नहीं है। लोगों से सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।
- **विधायक बोले- हमने भी झटके महसूस किए-** सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा आज सुबह लगभग 9 बजकर 15 मिनट पर तीन बार झटके महसूस हुए। कन्फर्म करने के लिए जब हम हॉल में गए, तो वहां बैठे कार्यकर्ताओं ने भी इसकी पुष्टि की। आधे घंटे बाद खरगोन से कन्फर्म हुआ कि ये भूकंप के झटके ही थे।

भारत ने पाकिस्तान के मुंह से छीना हारा हुआ मैच, मोहित ने आखिरी बॉल पर चौके से जीत दिलाई

भारत नौवीं बार जीता अंडर-19 एशिया कप

एजेंसी ▸▸ अल अमीरात

भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप फाइनल में एक विकेट से हरा दिया। शनिवार को अल अमीरात में भारत ने 9वीं बार यह टूर्नामेंट में जीता।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तान ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 337 रन बनाए। उस्मान खान ने 107 रन बनाए। उन्होंने 11 चौके और 3 सिक्स लगाए। अब्दुल कादिर ने 80 रन की पारी खेली। भारत से काव्य पटेल ने 4 और सी. वेंकट ने 3 विकेट लिए।

जवाब में भारतीय टीम ने 49.6 ओवर में 9 विकेट पर 339 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 80 रन की पारी खेली। उन्होंने 5 चौके लगाए। आर्यवीर सहवाग ने 58 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके लगाए। आखिरी ओवर में मोहित ने चौका लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने 49 रन बनाए।



आखिरी ओवर में 8 रन की जरूरत

49वें ओवर में मोहम्मद उल्वा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 17 रन बटोरे। मोहम्मद सय्यम के ओवर की पहली गेंद पर उल्वा ने चौका लगाया। दूसरी गेंद पर डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का जड़ा। इसके बाद चिगुरुपति वेंकट ने चौथी गेंद पर चौका लगाया। ओवर में दोनों बल्लेबाजों ने 1-1 रन भी लिया। 49 ओवर के बाद भारत का स्कोर 9 विकेट पर 330 रन हो गया। उल्वा 22 गेंदों में 43 और वेंकट 6 गेंदों में 9 रन बनाकर खेल रहे थे।

राजस्थान में एक बड़ा दर्दनाक हादसा

टैंक में डूबने से 4 मासूमों की मौत

एजेंसी ▸▸ जैसलमेर

राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। रूपसी गांव में खेत पर बनी पानी की डिग्गी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में तीन सगी बहनें और उनका एक ममेरा भाई शामिल है। बताया जा रहा है कि परिवार खेत में ट्यूबवेल से जुड़े काम में लगा हुआ था। इसी दौरान एक बच्ची अचानक पानी की डिग्गी में गिर गई, उसे बचाने के लिए तीन अन्य बच्चे भी पानी में उतर गए, लेकिन चारों बाहर नहीं निकल सके।

हादसे के बाद परिजन बच्चों को तत्काल जवाहिर चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद चारों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रूपसी गांव में एक परिवार खेत पर ट्यूबवेल के पास काम कर रहा था, इसी दौरान खेलते समय आसपास मौजूद बच्चों में से एक बच्ची पानी से भरी डिग्गी में गिर गई। उसे डूबता देखकर बाकी तीन बच्चे भी बचाने के लिए पानी में उतर गए लेकिन देखते ही देखते चारों बच्चे डिग्गी में डूब गए।

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युवक को 30 साल जेल

एजेंसी ▸▸ लंदन

ब्रिटेन में भारतीय मूल के 27 साल के बिलाल काजी को 70 नाबालिग लड़कियों को ऑनलाइन फंसाने और ब्लैकमेल करने के मामले में 30 साल की जेल हुई है।

वह सोशल मीडिया पर खुद को 14 साल का लड़का बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था। फिर उनसे अश्लील फोटो और वीडियो



मांगता था। बाद में इन्हें वायरल करने की धमकी देकर लड़कियों को अपनी बात मानने के लिए मजबूर करता था। बिलाल चेस्टर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार को अदालत ने उसे 37 मामलों में दोषी मानते हुए सजा सुनाई। इनमें बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने, ब्लैकमेल करने और नाबालिग लड़कियों को गलत कामों के लिए उकसाने के मामले शामिल हैं। ब्रिटिश पुलिस के मुताबिक, बिलाल ने अगस्त 2021 से अगस्त 2025 के बीच सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म पर लड़कियों को निशाना बनाया।

बर्फबारी शुरू होने से पहले भारत में घुसपैठ की तैयारी

पाकिस्तान ने पीओके में 80 आतंकी लॉन्चपैड बनाए

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान सर्दियों में बर्फबारी शुरू होने से पहले जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में में करीब 80 लॉन्चपैड बनाए गए हैं। इनमें से 60 से ज्यादा जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के सामने हैं। इन ठिकानों पर थर्मल सेंसर और एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की शह पर खुफिया एजेंसी आईएसआई इनका संचालन कर रही है। यहां लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के 4 से 5 आतंकियों को रखा गया है। ये भारतीय सीमा में घुसपैठ का मौका मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के कई बड़े आतंकी ठिकाने तबाह हो गए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अपनी रणनीति बदल दी। अब बड़े ठिकानों के बजाय छोटे-छोटे लॉन्चपैड बनाए जा रहे हैं। हर लॉन्चपैड पर कम संख्या में आतंकियों को रखा जा रहा है। इससे अगर भारतीय सेना किसी एक ठिकाने पर कार्रवाई करती है, तो पूरे आतंकी नेटवर्क को एक साथ नुकसान नहीं पहुंचेगा।

सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ने कहा

गोधरा कांड दुर्घटना नहीं, साजिश थी

एसआईटी, नानावती आयोग की रिपोर्ट में भी बताया- ट्रेन में आग जानबूझकर लगाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व सीबीआई स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर दावा किया कि साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश थी।

अस्थाना ने कहा- सुप्रीम कोर्ट की बनाई एसआईटी और नानावती आयोग की रिपोर्ट में भी आग को जानबूझकर लगाना बताया था। साथ ही गुजरात पुलिस की जांच को सही पाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें इस केस में फंसाना चाहते थे। 27 फरवरी 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई थी। इनमें अयोध्या से लौट रहे कारसेवक भी शामिल थे। इसके बाद गुजरात में हिंसा हो गई थी। गुजरात पुलिस ने गोधरा कांड की जांच के लिए राकेश अस्थाना की अगुआई में एसआईटी गठित की थी। सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में पेज 401 से 403 के बीच गोधरा कांड और दंगों के बारे में लिखा है। उन्होंने लिखा- दंगे तब भड़के, जब साबरमती एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लगा दी गई। इसके चलते 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। ट्रेन अयोध्या से अहमदाबाद जा रही थी, जिसमें कारसेवक बैठे थे। आग लगने का कारण अभी भी विवादित विषय है। इसके चलते राज्य के हिस्सों में उथल-पुथल मच गई थी।

दूध-दही, पनीर के पैकेट पर नया लोगो दिखेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अब बाजार से दूध, दही और पनीर खरीदते समय असली डेयरी प्रोडक्ट्स को पहचानना आसान हो जाएगा। फूड सेफ्टी रेगुलेटर ने दूध और इससे बने सभी सामानों के पैकेट पर एक जैसा नया लोगो लगाना अनिवार्य कर दिया है। 1 जुलाई 2028 से डेयरी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों को पैकेट पर नीले चौकोर बॉक्स के अंदर सफेद रंग की एक बूंद वाला निशान छापना होगा। इससे ग्राहक दुकान पर पैकेट देखते ही आसानी से पहचान सकेंगे कि वह असली डेयरी प्रोडक्ट है।


एआई अगले 3 साल में मिटा सकता है इंसानों को

नोबेल विजेता हिंटन की चेतावनी- हम उसे कंट्रोल नहीं कर पाएंगे, वह खुद फैसले लेने लगेगा

एजेंसी ▸▸ डबलिन

एआई के गॉडफादर कहे जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने एआई को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगले 3 साल में एआई इंसानों को खत्म कर सकता है और दुनिया पर कब्जा कर सकता है।

उन्होंने कहा मैं पहले कहता था कि एआई 10 साल में हमसे ज्यादा स्मार्ट हो जाएगा, लेकिन अब यह 18 महीने में हो सकता है। यह डराने वाली बात है।



एआई इंसानों की जगह खुद फैसले लेने लगेगा

एआई सुरक्षा विशेषज्ञ और एलाइनमेंट रिसर्च सेंटर के संस्थापक पॉल क्रिस्टियानो ने कहा कि अगले 6 से 12 महीने में ही एआई से ऐसी घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें इंसानों का उस पर कंट्रोल खत्म हो जाए। क्रिस्टियानो के मुताबिक, अगले एक साल में एआई पर से इंसानों का हमेशा के लिए कंट्रोल खत्म होने की आशंका 4% है। वहीं, अगले 3 साल में यह खतरा बढ़कर 15% हो सकता है। उनका कहना है कि एआई का टेकओवर फिल्मों की तरह रोबोटों का हमला करना नहीं, बल्कि खुद फैसले लेकर इंसानों को अपने रास्ते की रुकावट समझना और सरकारों, कंपनियों व जरूरी सिस्टम पर कंट्रोल करना है। ऐसी स्थिति में इंसानों की आजादी और खुद फैसले लेने का अधिकार भी खत्म हो सकता है।

एआई खुद बना सकता है हथियार और ड्रोन

विशेषज्ञों को डर है कि एआई भविष्य में खुद नए हथियार बना सकता है। वह ड्रोन और रोबोट की मदद से जरूरी ठिकानों पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है। एआई का इस्तेमाल खतरनाक जैविक हथियार बनाने में भी हो सकता है। क्रिस्टियानो के मुताबिक, अगर एआई अपने फैसले खुद लेने लगा और इंसानों को अपने काम में रुकावट समझने लगा, तो उसे रोकना मुश्किल हो जाएगा।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

केंद्रीय निर्माणों पर सवाल

धर्मनगरी में एक से एक निर्माण हो रहे हैं। इन निर्माणों की गुणवत्ता को परखने के लिए अलग-अलग स्टैंडर्ड हैं। महाआयोजन के निर्माणों की गुणवत्ता के लिए अलग से स्वतंत्र एजेंसी नियुक्ति की गई है जिसने पहले बाबा के घर में निर्माणों की गुणवत्ता को परखा था उसे ही महाआयोजन के लिए भी काम दिया गया है। केंद्र के कामों को लेकर 283 करोड़ का माल घर बनाने और भूखंड विकसित करने वाली संस्था कर रही है। इसके निर्माण की गुणवत्ता पर सिरे से धर्मनगरी और क्षेत्र के सबसे बड़े जनप्रतिनिधि ने सवाल खड़े किए हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर सड़क बनाने वाली एजेंसी की सड़क निर्माण को लेकर भी उन्होंने सवाल खड़ा किया था। दोनों ही मामले में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय मंत्रियों तक बात पहुंची है। अब तक इनकी गुणवत्ता को उठे सवाल का परीक्षण होने की स्थिति सामने नहीं हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सड़क बनाने वाली संस्था ने और भी कई ऐसे कामों को अंजाम दिया है जिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गरोठ वाले रोड के नीचे अंडर पास भी ऐसे बनाए गए हैं कि उनको अभी तक चालू ही नहीं किया गया है। आवागमन खतरे में ही चल रहा है। ग्रामीण परेशानी में हाईवे पार कर अपना काम चला रहे हैं। माल के साथ सड़कों की गुणवत्ता एवं उनकी उपयोगिता पर सवाल से यह तो तय हो रहा है कि योजना के अमल में लाने में आम आदमी की भागीदारी मात्र कागजों तक सिमट कर रह गई है और मनमानी का निर्माण स्थल पर अधिकारियों ने किया है। इस मनमानी का परिणाम आमजन को भुगतना पड़ेगा। खुसूर-फुसूर है कि जब केंद्र का जनप्रतिनिधि ही सिरे से गुणवत्ता की स्थिति पर सवाल खड़े कर रहा है तो उसके बाद तो ऐसे मामलों में तत्काल ही कार्रवाई को अंजाम दिया जाना चाहिए लेकिन ऐसे मामलों में भी पूरी तरह से ठंडी स्थिति बनी हुई है। केंद्र वाले जनप्रतिनिधि ने तो इन मामलों में सिरे से माल और सड़क के निर्माण में संबंधित केंद्रीय अगेवानों को पत्र लिखने के साथ ही उनसे मुलाकात करते हुए सब कुछ लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवाया है फिर भी मामला ठंडे बस्ते में जाता दिख रहा है ऐसे में नक्कारखाने में आम आदमी की आवाज सुनने वाला कौन है।

नैनो न्यूज

- **संत कँवर** राम साहिब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आज होगा व्याख्यान, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सहयोग से सिंधी धर्मशाला में होगा आयोजन
- **कुश्ती** संघ अध्यक्ष नारायण यादव के दादा बनने पर हर्ष, मंगेश श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर कराया मुंह मीठा, अभय यादव को हुई पुत्र रत्न की प्राप्ति
- **आधुनिक** भारत के निर्माण और देश की एकता के प्रति समर्पित था नेहरू जी का जीवन, शहर कांग्रेस ने मनाई पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- **अन्नकूट** महोत्सव में हुई माँ गढ़कालिका की महाआरती, भक्तों ने ग्रहण की महाप्रसादी, महंत टीना नाथ और आदित्यनाथ के सानिध्य में हुआ आयोजन, शामिल हुए कई गणमान्य
- **बाल दिवस** के अवसर पर शनिवार को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीवाजीगंज में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल को भी आमंत्रित किया गया। मेले में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उद्यमिता और कौशल का अद्भुत संगम देखने को मिला।
- **श्री रविदास** सेवक संघ जिला उज्जैन द्वारा दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन आज 15 नवंबर 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 से 2 बजे तक समाज की धर्मशाला, राजीव नगर में आयोजित होगा।
- **पानी पताशी** खाने का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर मिलेंगे 10 हजार रुपए, कालिदास अकादमी में आज अनोखा भंडारा, 100 गोलगप्पे खाने पर 1100 का इनाम
- **जिला** स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में निर्मला महाविद्यालय उपविजेता, दो खिलाड़ी संभाग के लिए चयनित, कप्तान ऋषिराज के नेतृत्व में टीम का शानदार प्रदर्शन
- **अंतर्मन** का अंधकार मिटाकर समाज को नई दिशा देता है साहित्य, बैंकर्स साहित्यिक संस्था प्राची के दीपावली मिलन समारोह में सजी काव्य गोष्ठी
- **नारायणा** ई-टेक्नो स्कूल में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का आगाज, 13 ब्रांचों के 1200 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम, वॉलीबॉल और क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों के हो रहे मुकाबले
- **सिंहस्थ** से पूर्व मंदिरों और वक्फ की जमीनों पर बने गौशालाएं अन्यथा होगा सत्याग्रह, महाकाल मंदिर की प्रस्तावित गौशाला भूमि पर भू-माफिया के कब्जे का आरोप, शिप्रा का परिक्रमा पथ बनाने की मांग
- **युवाओं** से फिटनेस के प्रति समर्पित रहने का आह्वान, संजय जोशी का उज्जैन में सम्मान, मध्यप्रदेश में बॉडीबिल्डिंग को बढ़ावा देने हरसंभव सहयोग करेंगे- संजय जोशी
- **अल्प आयु** में टाइप-2 मधुमेह चिंता का विषय, योग व नियमित दिनचर्या से नियंत्रण संभव, माधव विज्ञान महाविद्यालय में विश्व मधुमेह दिवस पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

दशकों से कैप्टन रूप सिंह हाकी प्रतियों का दर्शकों को इंतजार

उज्जैन को दशकों से आस, राजधानी में हाकी स्पर्धा की महफिल सजेगी

नगर निगम 2026 बीतने पर भी नहीं करवा पाया आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर से पूरा साल बीतने को आया है और नगर निगम प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि पिछले कई सालों से कैप्टन रूपसिंह हाकी प्रतियोगिता की आस में बैठे खेल प्रेमियों को इस बार भी निराश करने जा रही है। कार्तिक मेले के साथ में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन तो होगा लेकिन कभी उज्जैन की नाक कही जाने वाली हाकी प्रतियोगिता के इस बार भी आसार नहीं हैं। इसकी बजाय राजधानी भोपाल में हाकी की महफिल सजने को तैयार है। 19 नवंबर से वहां हाकी का महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।

कभी शहर में कैप्टन रूपसिंह हॉकी प्रतियोगिता का जोश रहता था। अब यह जोश काफूर हो चुका है आयोजन से एक माह पूर्व से ही इसे लेकर आमजन में उत्साह बन जाता था। क्षीरसागर स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को दर्शक ढुंढने और किराए से मंगवाने नहीं पड़ते थे लोग स्वतः चलकर आते थे और नगर निगम के आयोजन की सराहना करते थे। देशभर से कई टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आती थी जिसमें एयर इंडिया सहित अर्धसैनिक बल, भेल सहित नामी गिरामी टीमें हिस्सा लेती थी।



मेजर ध्यानचंद के छोटे भाई थे कैप्टन रूपसिंह

कैप्टन रूप सिंह हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छोटे भाई थे। 1932 और 1936 ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट थे। उनके नाम पर ग्वालियर में स्टेडियम है, जो पहले हॉकी स्टेडियम था, बाद में क्रिकेट स्टेडियम बन गया।

नानाखेड़ा में नया सिंथेटिक टर्फ बन रहा

पहले क्षीर सागर स्टेडियम में देश भर की टीमें आकर खेलती थीं। अब नानाखेड़ा में 48.71 करोड़ का नया सिंथेटिक टर्फ बन रहा है। यह हॉकी के नए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। खेल एवं युवक कल्याण विभाग इसे अंजाम दे रहा है। राज माता सिंधिया खेल प्रांगण में इसे तैयार किया जा रहा है।

तकरीबन सभी भूले प्रतियोगिता को

हाल यह है कि कैप्टन रूपसिंह हाकी प्रतियोगिता के बारे में नगरनिगम के आयोजन करने वाले विभाग के अधिकांश कर्मचारी, अधिकांश प्रशासनिक अधिकारी और अधिकांश जनप्रतिनिधियों की स्थिति यह रही है कि उन्हें याद ही नहीं है कि प्रतियोगिता कब होती थी और कैसे बंद हुई और क्यों बंद की गई। यहां तक की कैप्टन रूपसिंह को लेकर भी किसी को जानकारी हो ऐसा चचाओं में सामने नहीं आया ।

19 नवंबर से राजधानी में महाकुंभ- राजधानी भोपाल में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के आयोजन 19 नवंबर से नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में होने वाला है। आयोजन को सिर्फ अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए शहर के हर वर्ग और खासकर युवाओं को इससे जोड़ने की तैयारी है। चैंपियंस ट्रॉफी को पूरे भोपाल में जन-उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके जरिए युवाओं को हॉकी और खेल संस्कृति से जोड़ने का प्रयास होगा। 19 नवंबर से शुरू होने वाली महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में छह देशों की टीमें हिस्सा लेंगी।

पिछले दो दशक से गायब हुई प्रतियोगिता

दो दशक पूर्व तक उज्जैन में कैप्टन रूप सिंह हाकी प्रतियोगिता का आयोजन होता रहा है। इसके लिए नगर निगम अलग से बजट भी निकालता था और निगम के जनसंपर्क विभाग के माध्यम से इस अभा स्पर्धा का आयोजन किया जाता था। नगर निगम ने बड़े ही तरीके से इस आयोजन को समेटा है। आयोजन को लेकर जनप्रतिनिधियों की सक्रियता पर भी सवाल खड़े होते हैं।

देवउठनी एकादशी के बाद गूंजेंगी शहनाइयां

2026 में 11 तो 2027 में विवाह के 23 मुहूर्त

नवंबर-दिसंबर 2026 में विवाह के सीमित अवसर, नए साल में जनवरी से जून तक मिलेंगे कई शुभ दिन, जुलाई से नवंबर तक फिर रहेगा विराम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवउठनी एकादशी के साथ चातुर्मास समाप्त होते ही एक बार फिर मांगलिक आयोजनों और शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। इस वर्ष 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। इसके अगले दिन से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। हालांकि, नवंबर और दिसंबर में विवाह के लिए अवसर सीमित हैं। वर्ष 2026 के शेष समय में कुल 11 विवाह मुहूर्त बताए गए हैं। वहीं, वर्ष 2027 में उज्जैन के पंचांग के अनुसार 23 संभावित शुभ विवाह तिथियां सामने आई हैं।

नवंबर 2026 में विवाह के लिए 21, 24, 25 और 26 तारीख शुभ मानी गई हैं। इसके बाद दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 दिसंबर को विवाह के अवसर रहेंगे। इस तरह देवउठनी एकादशी के बाद साल के अंत तक विवाह के लिए कुल 11 तिथियां उपलब्ध होंगी। 16 दिसंबर से खरमास शुरू होने के कारण विवाह जैसे मांगलिक आयोजनों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद नए साल में 15 जनवरी 2027 से विवाह के मुहूर्त फिर शुरू होंगे।



2027 में जनवरी से जून तक विवाह के अवसर

नए वर्ष 2027 में उज्जैन के स्थानीय पंचांग की प्रारंभिक गणना के अनुसार जनवरी में 15 और 20 तारीख, फरवरी में 3 और 11 तारीख, मार्च में 4, 10 और 11 तारीख, अप्रैल में 19, 23, 26 और 28 तारीख तथा मई में 3, 17 और 31 तारीख को संभावित विवाह मुहूर्त हैं। जून में 21 और जुलाई में 2 तारीख को भी शुभ तिथि बताई गई है।

नवंबर-दिसंबर में फिर शुरू होगा विवाह सीजन

वर्ष 2027 में चातुर्मास के कारण जुलाई से नवंबर तक विवाह आयोजनों पर विराम रहेगा। देवउठनी एकादशी 10 नवंबर 2027 को है। इसके बाद नवंबर में 10, 11, 12, 24 और 26 तारीख तथा दिसंबर में 8 और 9 तारीख को संभावित विवाह तिथियां हैं। इस प्रकार उज्जैन के पंचांग की इस प्रारंभिक सूची में वर्ष 2027 के लिए कुल 23 संभावित विवाह तिथियां सामने आई हैं। हालांकि, अलग-अलग पंचांगों और परंपराओं में तिथियों की संख्या में अंतर हो सकता है। विवाह की अंतिम तारीख तय करने से पहले वर-वधू की कुंडली, तिथि, नक्षत्र, ताराबल, चंद्रबल और विवाह लग्न का स्थानीय ज्योतिषाचार्य से मिलान कराना जरूरी होगा।

पेयजल पाइपलाइन शिफ्टिंग में लापरवाही

ठेकेदार अमित जिंदल पर लगाई 10 लाख रुपये की पेनॉल्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। शनिवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सर्वप्रथम सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग तक प्रस्तावित चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग तक पेयजल पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की संबंधित ठेकेदार अमित जिंदल पर 10 लाख रुपये की पेनॉल्टी लगाने के निर्देश दिए।

लगभग 1.5 किलोमीटर लंबाई एवं 30 मीटर चौड़ाई वाले इस मार्ग पर निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष पीक्यूसी सड़क निर्माण एवं सीवरेज कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित स्थलों पर विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने तथा मार्ग के एक ओर से सभी निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मार्ग पर पेयजल पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य हरियाखेड़ी एजेंसी एनसीसी को सौंपा गया है। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

निगम आयुक्त ने केटीएम चौराहे से नीलगंगा मार्ग तक लगभग 2.76 किलोमीटर लंबाई एवं 18 मीटर चौड़ाई के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तार से जानकारी लेते हुए शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।निगम आयुक्त ने केटीएम चौराहे से नानाखेड़ा मार्ग को जोड़ने वाले मार्गों का भी निरीक्षण किया तथा इन मार्गों के विकास एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उत्साहपूर्वक मना भव्य बाल मेला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाल दिवस के अवसर पर शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीवाजीगंज में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर सिंह बघेल, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण उज्जैन, विशेष अतिथि के रूप में देवेन्द्र कुमार आर्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला उज्जैन, डॉ. विवेक तिवारी, संकुल प्राचार्य, शा. नूतन कन्या उमावि इन्दिरा नगर उज्जैन, राम सिंह बनिहार, संयुक्त संचालक क्रीड़ा, जिला उज्जैन एवं डॉ. सुरेश पाठक, सहायक राज्य संगठन आयुक्त संभाग उज्जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया।



नेहरू जी के विचारों में दिखा आधुनिक भारत का सपना, जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया याद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और भारत रत्न पंडित पजवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण, देश की एकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने में नेहरू के योगदान को याद किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचार, आदर्श और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को देश के विकास और एकता के लिए प्रेरित करते रहेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि नेहरू जी का पूरा जीवन देश की एकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, अनंत नारायण मीणा और चंद्रभान सिंह चंदेल ने भी विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व बबलू खींची और राजेश राणा सहित कांग्रेसजनों ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

बिरसा मुंडा जयंती पर आज मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर आज 15 नवंबर को उज्जैन में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम विक्रम विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित होगा। आयोजन की शुरूआत सुबह 8:30 बजे सांस्कृतिक रैली से होगी। रैली तरणताल चौराहे से शुरू होकर विक्रम विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम तक पहुंचेगी। इसके बाद सुबह 9:30 बजे मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय स्तरीय और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले जनप्रतिनिधि और नागरिक दोनों नेताओं का संबोधन सुन सकेंगे।जनजातीय गौरव दिवस का उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करना है।

लोगायुक्त की जांच में सामने आया फर्जी नामांतरण कर अपात्रों को बनाया था जमीन का मालिक

तत्कालीन तहसीलदार समेत तीन को 3-3 साल की सजा

ताजपुर और बकानिया की कृषि भूमि के नामांतरण में नियमों को किया था दरकिनार, विशेष न्यायालय ने लगाया कुल 1.35 लाख रुपए का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जमीन के नामांतरण में पद का दुरुपयोग कर अपात्र लोगों को भू-स्वामी बनाने के दो पुराने मामलों में विशेष न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। तत्कालीन तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय और उनके साथ मिलीभगत कर जमीन का नामांतरण कराने वाले उमेश माली तथा पराग महाजन को तीन-तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) की अदालत ने दोनों मामलों में कुल 1 लाख 35 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार शाम करीब 5 बजे फैसले की जानकारी दी।

ताजपुर की 1.41 हेक्टेयर जमीन का मामला

- पहले मामले में ग्राम ताजपुर की सर्वे नंबर 1237 स्थित 1.41 हेक्टेयर कृषि भूमि का नामांतरण उमेश माली के नाम किया गया था। जांच में सामने आया कि तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय ने प्रकरण को मद अ-46 के बजाय मद अ-6 में दर्ज किया। बिना तारीख के आवेदन और मौका मुआयना पंचनामे के आधार पर 21 सितंबर 2007 को नामांतरण स्वीकृत कर दिया गया। इस प्रक्रिया से शासन को करीब 1 लाख 27 हजार 312 रुपए के स्टाम्प शुल्क की क्षति हुई।
- इस मामले में न्यायालय ने नित्यानंद पाण्डेय को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आईपीसी की धारा 120बी के तहत तीन साल का सश्रम कारावास सुनाया। उमेश माली को भी आपराधिक षड्यंत्र के मामले में तीन साल की सजा दी गई। दोनों पर 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

बकानिया की 1.71 हेक्टेयर जमीन में भी गड़बड़ी

दूसरा मामला ग्राम बकानिया की सर्वे नंबर 664 स्थित 1.71 हेक्टेयर कृषि भूमि से जुड़ा है। इसका नामांतरण पराग महाजन के नाम किया गया था। जांच में पाया गया कि 6 मार्च 2007 को इस प्रकरण को भी निर्धारित मद अ-46 के बजाय मद अ-6 में दर्ज किया गया। आवेदन, आपत्ति संबंधी विज्ञप्ति और अन्य दस्तावेजों में तारीख तथा प्रकरण क्रमांक जैसी जरूरी जानकारियां भी दर्ज नहीं थीं। इसके बावजूद 10 जुलाई 2007 को नामांतरण स्वीकृत कर दिया गया। इससे शासन को 69 हजार 6 रुपए के स्टाम्प और पंजीयन शुल्क की क्षति पहुंची। इस मामले में भी न्यायालय ने तत्कालीन तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय को तीन साल का सश्रम कारावास सुनाया। पराग महाजन को भी आपराधिक षड्यंत्र के तहत तीन साल की सजा और 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। दोनों मामलों में लोकायुक्त संगठन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बृजेश उपाध्याय ने पैरवी की।

लोकायुक्त जांच में सामने आया कि वर्ष 2006-07 में ग्राम ताजपुर और बकानिया की कृषि भूमि के नामांतरण में नियमों को ताक पर रखा गया था। तत्कालीन तहसीलदार ने वास्तविक भू-स्वामी नहीं होने के बावजूद मौखिक पट्टे पर खेती करने और लगान जमा करने के आधार पर दो लोगों के नाम जमीन का नामांतरण कर दिया। इसके लिए प्रकरणों को निर्धारित मद अ-46 के बजाय मद अ-6 में दर्ज किया गया, जिससे रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की अनिवार्यता समाप्त हो गई और स्टाम्प शुल्क भी जमा नहीं हुआ।

कर्मचारी की आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने के लिए अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें
मो. 98278 20 470

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

उद्यमी संवाद में उद्यमियों ने साझा किए अनुभव

इंदौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-एक में जिंसी हाट बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। साथ ही नागरिकों की समस्याओं, लंबित आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई की। शिविर में कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार एवं श्री रिंकेश वैश्य सहित पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, महापौर परिषद के सदस्य निरंजन सिंह चौहान, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कूनो नेशनल पार्क के दो चीते राजस्थान के जंगलों में पहुंचे

श्योपुर। कूनो नेशनल पार्क के चीतों ने राजस्थान के जंगलों में भी अपना विचरण क्षेत्र बढ़ा लिया है। करौली जिले की करणपुर रेंज में कूनो के दो नर चीते केजीपी-3 और केओएमजी-4 पहुंच गए हैं। खास बात यह है कि इस क्षेत्र में बाघ और तेंदुओं का भी विचरण होता है। ऐसे में एक ही जंगल में तीन बड़े शिकारी वन्यजीवों की मौजूदगी से निगरानी की चुनौती बढ़ गई है। केजीपी-3 पहले मंडरायल से आगे बढ़कर करणपुर पहुंचा था। वहीं केओएमजी-4 ने 10 नवंबर को गोटा घाट के रास्ते चंबल नदी पार की और महाराजपुर नाका होते हुए करणपुर रेंज में प्रवेश किया। उसकी लोकेशन कानारदा क्षेत्र में भी दर्ज की गई है। राजस्थान की किसी एक रेंज में पहली बार कूनो के दो चीते एक साथ विचरण कर रहे हैं। दोनों नर हैं। इनके साथ रहने या अलग-अलग विचरण करने की स्थिति स्पष्ट करने के लिए वन विभाग उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को मुर्गा बनाकर लात मारी, वीडियो वायरल

नागदा जंक्शन। भारत कामर्स हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य द्वारा बच्चों को मुर्गा बनाकर लात मारने का वीडियो वायरल हुआ है। मामले में प्रबंधन ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भारत कामर्स हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल केबी गुप्ता द्वारा बच्चों को स्कूल परिसर में मुर्गा बनाकर लात मारते हुए वीडिया वायरल होने के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। प्रबंधन मामले में जवाब देने की स्थिति में नहीं है। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा भी प्राचार्य पर कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी करने की बात कही जा रही है। विद्यार्थियों के अभिभावक पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने के लिए भी आवेदन देने की बात कर रहे हैं। प्रबंधन द्वारा प्रिंसिपल को नोटिस देकर जवाब मांगा है। बता दें कि गुप्ता पूर्व में नवोदय स्कूल के प्राचार्य पद पर कई वर्षों से काबिज थे। वर्ष 2022 में सेवानिवृत्ति होने के बाद वर्ष 2025 से भारत कामर्स विद्यालय में प्राचार्य हैं।

20 दिसंबर को परीक्षा, प्रदेश के 34 हजार शिक्षक होंगे शामिल



भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों के सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 20 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने मंगलवार को परीक्षा आयोजन को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालयों पर निर्धारित केंद्रों में होगी। परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश माशिमं की ओर से अलग से जारी किए जाएंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश के करीब डेढ़ लाख सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी आयोजित की जा रही है। 34 हजार शिक्षकों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। इनमें करीब 20 हजार सरकारी और 14 हजार निजी स्कूलों के शिक्षक शामिल हैं। शिक्षकों की संख्या को देखते हुए जिला मुख्यालयों पर परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। वहीं, करीब 40 हजार शिक्षकों की पदोन्नति टीईटी के कारण अटकी हुई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि टीईटी उत्तीर्ण करने वाले शिक्षक ही पदोन्नति के लिए पात्र होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की तैयारी के लिए टीईटी के माडल प्रश्नपत्र भी तैयार कराए हैं। इन्हें विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। शिक्षक इन मॉडल प्रश्नपत्रों के माध्यम से परीक्षा के पैटर्न और प्रश्नों की प्रकृति को समझकर तैयारी कर सकेंगे।

नैनो न्यूज

- **महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली उत्सव संपन्न-** देवास के महालक्ष्मी मंदिर में छह दिवसीय दीपावली उत्सव संपन्न हुआ। मंदिर में लगभग 7.30 करोड़ रुपये की नकदी और आभूषणों से माता का दरबार सजाया गया था।
- **बड़ौद मंडी में सोयाबीन 8001 रुपये क्विंटल-** दीपावली अवकाश के बाद बड़ौद कृषि उपज मंडी में खरीदी शुरू हुई। शुभ मुहूर्त में सोयाबीन का अधिकतम भाव 8001 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।
- **मंडी में सोयाबीन की खरीदी शुरू-** शाजापुर कृषि उपज मंडी छह दिन के अवकाश के बाद खुली। शुभ मुहूर्त में सोयाबीन की खरीदी हुई और अधिकतम भाव 8001 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा।
- **सिंचाई पाइपलाइन से पानी बर्बाद-** सुसनेर क्षेत्र में सिंचाई पाइपलाइन से लाखों लीटर पानी बेवजह बहने का मामला सामने आया। पानी की बबार्दी रोकने और व्यवस्था सुधारने की जरूरत जताई जा रही है।
- **रतलाम में टायर गोदाम में भीषण आग-** रतलाम में टायर गोदाम में आग लगने से बड़ी संख्या में टायर जल गए। समीप का गैरेज और कार भी आग की चपेट में आए। लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है।
- **गांधीसागर बैठक में औद्योगिक प्रस्तावों पर चर्चा-** 18 नवंबर को गांधीसागर में होने वाली कैबिनेट बैठक में मंदसौर के केमिकल पार्क और रतलाम के बायो प्लांट सहित औद्योगिक विकास प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

283 करोड़ रुपए के यूनिटी मॉल की निर्माण गुणवत्ता पर सवाल...

सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की शिकायत, भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के आरोपों से मचा हड़कंप

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उच्चस्तरीय जांच का दिया आश्वासन

283 करोड़ की परियोजना, निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में 283 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन यूनिटी मॉल की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार हो रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में कथित भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के आरोप सामने आए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को शिकायत भेजकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और परियोजना में बरती जा रही कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। सांसद की शिकायत पर केंद्रीय मंत्री ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया है। यूनिटी मॉल को उज्जैन के विकास और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में देखा जा रहा है। इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी या घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। निर्माण कार्य में कथित गड़बड़ियों को लेकर उठे सवालों ने परियोजना की निगरानी और जिम्मेदार एजेंसियों की भूमिका को भी चर्चा में ला दिया है।

जांच से सामने आएगी निर्माण की वास्तविक स्थिति

283 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। जांच में निर्माण सामग्री के नमूनों की प्रयोगशाला में जांच, स्वीकृत तकनीकी मानकों से निर्माण कार्य का मिलान, गुणवत्ता परीक्षण की रिपोर्ट और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल की जानी चाहिए। इससे स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हुआ है या कहीं नियमों की अनदेखी की गई है।

यूनिटी मॉल शहर की एक बड़ी विकास परियोजना है। ऐसे में इसकी गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों का जवाब केवल आश्वासन से नहीं, बल्कि जांच की रिपोर्ट और ठोस कार्रवाई से मिलना चाहिए। अब देखना होगा कि उच्चस्तरीय जांच कब शुरू होती है और उसकी रिपोर्ट में क्या तथ्य सामने आते हैं।

सांसद ने केंद्रीय मंत्री तक पहुंचाया मामला



भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के सामने शिकायत रखते हुए निर्माण कार्य की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता बताई है। शिकायत में उठाए गए मुद्दों के आधार पर परियोजना में इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री, गुणवत्ता परीक्षण, कार्य की निगरानी और निर्माण से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों एवं एजेंसियों की भूमिका की जांच किए जाने की मांग महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री की ओर से जांच का आश्वासन मिलने के बाद अब इस मामले में आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी।

सिंगावदा से आगे गंभीर डेम के नीचे निमार्णाधीन टनल के कट एंड कवर कार्य का निरीक्षण

कान्ह डायवर्शन का काम धीमा, ईई को शोकाज नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट के काम में धीमी गति को लेकर संभागायुक्त सह मेलाअधिकारी अशीषसिंह ने जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि टनल खुदाई के बाद पीसीसी एवं सिगमेंट बिछाने के कार्य की दैनिक प्रगति बढ़ाई जाए।

सिंहस्थ महापर्व-2028 के लिए महत्वपूर्ण कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश संभागायुक्त-सह-सिंहस्थ मेला अधिकारी ने दिए है। शनिवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के साथ उन्होंने ग्राम सिंगावदा से आगे गंभीर डेम के नीचे निमार्णाधीन टनल के कट एंड कवर कार्य का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से परियोजना की वर्तमान प्रगति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। अपेक्षित गति से कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश संभागायुक्त ने दिए।

दैनिक प्रगति बढाई जाए

संभागायुक्त ने टनल खुदाई के बाद पीसीसी एवं सिगमेंट बिछाने के कार्य की दैनिक प्रगति बढ़ाई जाए। परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य का स्पष्ट एवं व्यावहारिक प्लान तैयार किया जाए तथा उसी के अनुसार कार्य करते हुए निर्माण की गति में निरंतर वृद्धि की जाए। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली के बाद टनल के खुदाई कार्य के साथ पीसीसी कार्य पूर्ण कर सिगमेंट बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। संभागायुक्त ने नवंबर माह के निर्धारित कार्य प्लान की समीक्षा करते हुए कहा कि अब दिसंबर माह के लिए विस्तृत एवं यथार्थ परक कार्ययोजना तैयार की जाए।

सिंगावदा के किसानों से चर्चा

निरीक्षण के दौरान दोनों ही अधिकारियों ने ग्राम के किसानों से भी चर्चा की। उन्होंने किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता, फसलों एवं कृषि कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों ने किसानों से कान्ह परियोजना को समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए सहयोग करने की समझाइए भी दी। निरीक्षण के दौरान अपर मेला अधिकारी सुश्री दृष्टि जायसवाल, ओमप्रकाश सनोडिया सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी, इंजीनियर एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पाकिस्तान से इंदौर बिकने आई 'गोरी' ने खराब कर दी 18 'महिलाओं की किडनी'..

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के रानीपुरा-छावनी क्षेत्र से इस समय चौंकाने वाली खबर सामने आई। शनिवार को यहां औषधि विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ लाख की वह प्रतिबंधित क्रीम जब्त की जो पाकिस्तान से बिकने यहां आई थीं। विभाग की नींद तब खुली जब 'गोरी' नामक इस क्रीम ने करीब 18 महिलाओं की सेहत बिगाड़ते हुए उन्हीं किडनी संबंधी गंभीर बीमारी हुई। दरअसल, यह मामला तब खुला जब महाराष्ट्र के नागपुर की अनेक महिलाएं पिछले डेढ़-दो साल से इस पाकिस्तानी 'गोरी' नामक क्रीम का इस्तेमाल कर रही थीं और उन्हें उक्त गंभीर बीमारी हुई। इसके बाद महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई पड़ताल में पता चला कि उक्त क्रीम के भीतर पारे की मात्रा तय मानक से कई गुना अधिक है, जिसके चलते विभाग अलर्ट मोड में आया और इस पर तुरंत प्रतिबंध की कार्रवाई शुरू हुई। मजे की बात तो यह है कि भारत सरकार ने 2 मई 2025 को को ही पाकिस्तान में बनने या वहां से निर्यात किए गए किसी भी सामान के सीधे और तीसरे देश के रास्ते आयात तथा पारगमन पर रोक लगा दी थी।

शाजापुर में आवारा कुत्ते का आतंक, दस से ज्यादा लोगों को काटकर किया घायल

महिलाएं भी हुईं शिकार, ज्योतिनगर, लक्ष्मी नगर और बस स्टैंड क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर में शनिवार सुबह एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। कुत्ते ने अलग-अलग क्षेत्रों में हमला कर दस से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। अचानक हुए इन हमलों से शहर के ज्योतिनगर, लक्ष्मीनगर और बस स्टैंड क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत फैल गई। कुत्ते के हमले में घायल हुए लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह से ही एक कुत्ता शहर के अलग-अलग इलाकों में लोगों पर हमला कर रहा था। कुत्ते ने राह चलते लोगों को अपना निशाना बनाया। ज्योतिनगर, लक्ष्मीनगर और बस स्टैंड के आसपास कुत्ते के हमले में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद लोगों में भय का माहौल बन गया और लोग घरों से निकलने में भी सतर्क नजर आए।

कुत्ते के हमले में घायल होने वालों में आसिफ (25), सोनू जाटव (24), राजेंद्र (29), महेश सिंह (22), सुनीता भिलाला (33), पिरु नाथ (35), सतेंद्र (35), जितेंद्र (42), कुंदन पारछे (30) और संदीप (30) शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। कुछ घायलों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. अरुण पाटीदार ने बताया कि सुबह से अब तक कुत्ते के काटने के दस से अधिक मरीज अस्पताल पहुंच चुके हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। इनमें से कुछ लोगों को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती भी किया गया है।

नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



घटना के बाद पीड़ितों और स्थानीय लोगों ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवारा और आक्रामक कुत्तों पर नियंत्रण के लिए कार्रवाई की जाती तो इस तरह कई लोगों को घायल होने से बचाया जा सकता था। नागरिकों ने नगरपालिका से आवारा कुत्तों को पकड़ने और शहर में सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है।

रेलवे स्टेशन मुसाफिर खाने की बेंच पर मिले दो मासूम

जीआरपी ने रेस्क्यू के बाद दोनों को मातृछाया की निगरानी में भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के मुसाफिर खाने की बेंच से शुक्रवार शनिवार रात जीआरपी ने दो मासूम के मिलने पर उनका रेस्क्यू किया और मेडिकल परीक्षण के बाद मातृछाया की निगरानी में भेज दिया। मासूमों के माता-पिता का पता लगाया जा रहा है।

जीआरपी टीआई सुनील गुप्ता ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि मुसाफिर खाने की बेंच पर दो मासूम बच्चे लेते हुए हैं उनके आसपास कोई परिजन नहीं है दोनों मासूम बच्चों के सिसक ने की आवाज भी आ रही है। महिला आरक्षक और पुलिस टीम के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पार्सल ऑफिस के पास मुसाफिर खाने पहुंचने पर दोनों मासूम बच्चों का रेस्क्यू किया गया और उन्हें थाने लाने के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया। मासूमों में एक डेढ़ साल की बालिका और दूसरा छह माह का बालक है। रात भर महिला आरक्षकों ने बच्चों की देखभाल की और शनिवार सुबह दोनों को सेवा भारती मातृछाया की निगरानी में भेज दिया गया। उनके माता-पिता का पता लगाने के लिए प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए हैं, जिसमें एक महिला दो बच्चों के साथ दिखाई दी है महिला नशे की हालत में होना बताई जा रही थी जिसकी तलाश शुरू की गई है। स्टेशन परिसर के बाहर लगे कैमरो के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। 2 साल पूर्व भी उज्जैन स्टेशन से नर्मदा एक्सप्रेस में सवार हुई महिला ने अपनी 16 दिन की बेटी को सीट पर छोड़ा था और बाथरूम जाने का बोलकर लापता हो गई थी मासूम बालिका उज्जैन से भोपाल तक पहुंच गई थी यात्रियों की सूचना पर बालिका का रेस्क्यू किया गया था और उज्जैन लाया गया था बालिका की मां रेलवे स्टेशन पर उसे लेकर घूमती दिखाई दी थी जिसका अब तक पता नहीं चल पाया है ।

जोन-1 में सबसे ज्यादा 499 वाहन चालकों के 13 हजार से अधिक चालान लंबित

3 साल से नहीं भरा चालान, वसूली करने घर पहुंचेगी पुलिस

जुर्माना जमा नहीं करने पर घर पहुंचकर वाहनों को जब्त करने की होगी सख्त कार्रवाई

चौराहों पर भी उपलब्ध रहेगी नियम तोड़ने वालों की सूची, कोर्ट जाने पर दोगुना जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के चालानों की लगातार बढ़ती लंबित राशि यातायात पुलिस के लिए चिंता का विषय बन रही है। इन चालानों की वसूली के लिए योजना बनाई गई है। पहले चरण में ऐसे वाहन चालकों की सूची तैयार की गई है, जिन्होंने 20 से 25 बार या इससे अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन किया है।

ऐसे 1140 वाहन चालक सामने आए हैं। अब लंबित चालानों की राशि वसूलने के लिए यातायात विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इनके घर पहुंचेंगे। यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट, रांग साइड, रेड लाइट जंप और दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलने जैसे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की जोनवार सूची तैयार की है। इन वाहन चालकों की गाड़ियां इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के कैमरों में कैद हुई हैं। सूची में सबसे ज्यादा मामले जोन-1 में सामने आए हैं। न्यायालय चाहे तो चालान की राशि बढ़ा भी सकता है। वाहन चालकों को चाहिए कि न्यायालय में चालान जाने से पहले ही जुमार्ने की राशि जमा कर दें। सूची को अब जोनवार सभी चौराहों पर भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वहां वाहन चालकों से लंबित चालानों की राशि जमा कराई जा सके। उल्लेखनीय है कि यातायात पुलिस समय-समय पर इस तरह की सूची तैयार कर लंबित चालानों की वसूली करती है।

सूची को अब जोनवार सभी चौराहों पर भी उपलब्ध कराया जाएगा

यहां 499 वाहन चालकों के 13,668 चालान लंबित हैं, जिनकी राशि वसूली जाना है। इसके बाद जोन-2 में 399 वाहन चालकों के 10,494 चालान लंबित हैं। जोन-3 में 139 वाहनों के 3659 और जोन-4 में 103 वाहनों के 2734 चालान लंबित हैं। इन सभी से जुमार्ने की राशि वसूल की जानी है। इस सूची को अब जोनवार सभी चौराहों पर भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वहां वाहन चालकों से लंबित चालानों की राशि जमा कराई जा सके। उल्लेखनीय है कि यातायात पुलिस समय-समय पर इस तरह की सूची तैयार कर लंबित चालानों की वसूली करती है। हालांकि, संभवतः यह पहली बार है, जब यातायात विभाग चालान की राशि वसूलने के लिए वाहन चालकों के घर पहुंचेगा।

वाहन जब्ती की तैयारी

एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार कौल के अनुसार, पिछले तीन साल में आइटीएमएस के कैमरों में लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को शार्टलिस्ट किया गया है। अब यातायात पुलिस इन वाहन चालकों के घर पहुंचकर चालान की राशि वसूल करेगी। वाहन चालक चालान जमा कर देते हैं तो ठीक है, अन्यथा उनके वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत लाल बत्ती तोड़ने और रांग साइड आने-जाने पर 500 रुपये, जबकि हेलमेट नहीं पहनने पर 300 रुपये का चालान बनाती है। अन्य चालान न्यायालय में चले जाने पर वाहन चालकों से दोगुनी राशि वसूली जाती है।

पद की राजनीति से परे संवेदनाओं का रिश्ता

दिव्यांग बच्चों के साथ जीतू पटवारी ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजनीति में जहां पद, प्रतिष्ठा और जिम्मेदारियों की चर्चा होती है, वहीं कुछ अवसर ऐसे भी होते हैं, जब मानवीय संवेदनाएं इन सबसे ऊपर नजर आती हैं। ऐसा ही आत्मीय दृश्य इंदौर के रेडिसन होटल में देखने को मिला, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ के 100 से अधिक दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली मिलन मनाया।

इस दौरान पटवारी ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया, उनसे बातचीत की और उनकी बातें सुनते हुए खुशियों के पल साझा किए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनके साथ बिताए आत्मीय क्षणों को उन्होंने अपने लिए विशेष भावनात्मक अनुभव बताया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रेणुका पटवारी भी मौजूद रहीं।

पटवारी ने कहा कि जिम्मेदारी केवल पद और शब्दों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। समाज के उन बच्चों के साथ खड़ा होना जरूरी है, जिन्हें स्नेह, सम्मान और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उनके अनुसार, किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना ही जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक है।

उन्होंने कहा कि इन बच्चों के साथ दीपावली मिलन अब उनके लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संवेदनाओं और आत्मीयता से जुड़ा ऐसा अवसर बन गया है, जिसका उन्हें हर वर्ष इंतजार रहता है।

जीतू पटवारी ने कहा कि राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच बच्चों के साथ बिताए इन पलों ने यह संदेश दिया कि सामाजिक जिम्मेदारी का असली अर्थ जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा करने में ही है।

न्यूज कालम



वैकुंठ चतुर्दशी पर 51 हजार दीपों से जगमगाएगा मंडलेश्वर का नर्मदा तट

मंडलेश्वर। धर्मनगरी मंडलेश्वर में वैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर 23 नवंबर को नर्मदा तट पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष 51 हजार दीपों से मां नर्मदा का पावन तट रोशन होगा। हजारों दीपों की जगमगाहट से नर्मदा तट अलौकिक छटा बिखेरेगा। यह भव्य आयोजन नगर की धार्मिक आस्था, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता का अनुपम उदाहरण बनेगा। दीपोत्सव के दौरान नर्मदा तट पर विभिन्न आकर्षक रंगोलियों की मनमोहक आकृतियां बनाई जाएंगी, जिन्हें हजारों दीपों से सजाकर भव्य स्वरूप दिया जाएगा। आयोजन का विशेष आकर्षण मां नर्मदा में 51 हजार दीपों का दीपदान रहेगा। इसके साथ ही नौका के माध्यम से भी मां नर्मदा में दीप प्रवाहित किए जाएंगे। नर्मदा के जल में तैरते दीपों की रोशनी से पूरा तट अद्भुत और अलौकिक दृश्य प्रस्तुत करेगा।आयोजन के तहत शाम 7 बजे सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए नगरवासियों से प्रत्येक घर से तेल एवं दीपक संग्रहित करने की अपील की जा रही है।

राज्यपाल पटेल ने खंडवा सहित 6 जिलों के लिए एंबुलेंस हरी झंडी दिखाकर रवाना की

खंडवा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शुक्रवार को भोपाल के ष्लोक भवनष में आयोजित गरिमामय आयोजन में भारतीय रेडक्रॉस की जिला शाखाओं को प्रदाय की जाने वाली 6 एंबुलेंस का लोकार्पण किया। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा के अध्यक्ष श्री श्याम सिंह कुमरे, सचिव श्री रामेन्द्र सिंह, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी एवं भारतीय रेडक्रॉस की जिला इकाइयों के पदाधिकारी और लोक भवन चिकित्सालय के चिकित्सक मौजूद थे।राज्यपाल श्री पटेल ने जिला शाखाओं को प्रदान की जा रही प्रत्येक एंबुलेंस का सनातन परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन किया। वाहनों को झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। लोकार्पण समारोह में एन.एच.डी.सी. लिमिटेड भोपाल के द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी मद से स्वीकृत एंबुलेंस भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा खण्डवा, सिवनी, छिंदवाड़ा, अशोकनगर, नरसिंहपुर एवं भोपाल को प्रदाय की गई है।इस अवसर पर रेडक्रॉस समिति खंडवा के चेयरमैन श्री अखिलेश गुप्ता, सचिव श्री भानुभाई पटेल, अनिल बाहेती, श्री रविंद्र सिंह एवं एच.आर. पांडे सहित प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों ने भोपाल में एंबुलेंस ग्रहण की और राज्यपाल श्री पटेल का आभार प्रकट किया।

रोटरी क्लब ने बाल दिवस पर आंगनवाड़ी में खिलौने और खेल सामग्री वितरित की

बड़वानी। रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी के सदस्यों द्वारा आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में सांई मंदिर के पास स्थित आंगनवाड़ी क्रमांक 8/1 में पहुंच कर बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत किया और बच्चों को खिलौने और खेल सामग्री भी प्रदान की और बच्चों को बोला यदि आप रोज आओगे तो ये खिलौने और खेलने की चीजों का उपयोग कर पाओगे ,बच्चों को अधिक संख्या में आंगनवाड़ी में प्रेरित करने के उद्देश्य से क्लब द्वारा इस गतिविधि को अंजाम दिया गया , बच्चे नई खेल सामग्री और खिलौने पाकर बहुत खुश हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला जाधव और सहायिका सीमा दसौंधी द्वारा क्लब सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए और कुछ सामग्री के लिए भी निवेदन किया जिसके लिए क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जैन और सदस्यों ने स्वीकृति देते हुए कहा कि आपको आपकी वांछित सामग्री दे दी जाएगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब के मानद सचिव रोटेरियन बुरहानी रिजवी,पूर्व डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर रोटेरियन डॉक्टर अर्पित लाड़,क्लब ट्रेनर रोटेरियन सचिन पंडित जी उपस्थित रहे।

सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने किया 12 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू

बाग। पुलिस थाने के सामने स्थित फल की दुकान में कल रात करीब 12 फीट लंबा अजगर घुसने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकान के बाहर अजगर दिखाई देने पर राहगीरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसकी सूचना सुदर्शन पवार ने सरपंच धर्मेंद्र बामनिया को दी। सूचना मिलते ही सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने भोजन की थाली छोड़कर मौके पर पहुंचने को प्राथमिकता दी। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक अजगर दुकान के शटर के भीतर प्रवेश कर चुका था। उन्होंने सावधानीपूर्वक अजगर को अपने नियंत्रण में लिया और दुकान से बाहर निकाला। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अजगर को सुरक्षित जंगल में छुड़वाया गया।सरपंच धर्मेंद्र बामनिया केवल इस घटना में ही नहीं, बल्कि लंबे समय से वन्यजीवों के संरक्षण के लिए निःशुल्क एवं निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे हैं। क्षेत्र में कहीं भी जहरीले सांप या अन्य वन्यजीव दिखाई देने की सूचना मिलने पर वे बिना किसी स्वार्थ के मौके पर पहुंचते हैं। कई बार बड़े-बड़े जहरीले सांपों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित प्राकृतिक स्थानों पर छोड़ चुके हैं। उनका यह सेवाभावी प्रयास जहां लोगों की सुरक्षा में मददगार साबित हो रहा है, वहीं बेजुबान वन्यजीवों के जीवन की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



चेंबर ऑफ कॉमर्स का पदभार ग्रहण और दीपावली मिलन समारोह 17 नवम्बर को

खंडवा।पूर्व निमाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज,खंडवा की नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह 17 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।इस समारोह के मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल होंगे वहीं विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव,और खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे उपस्थित रहेंगी। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रवक्ता कमल नागपाल और नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 नवंबर मंगलवार शाम 7 बजे से नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण का कार्यक्रम होगा।वहीं द्वितीय सत्र में दीपावली मिलन समारोह होगा। जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स की समस्त सदस्य संस्थाओं के पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहेंगे और परस्पर नव वर्ष के लिए शुभकामनाएं देंगे। श्री अग्रसेन भवन,घंटाघर,खंडवा में होने वाले इस आयोजन में मिलन समारोह पश्चात अन्नकूट प्रसादी का भी कार्यक्रम होगा।चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील बंसल,सचिव संतोष गुप्ता और कोषाध्यक्ष मोहन दीवान ने समस्त कार्यकारिणी सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

हत्या की वारदात का चांदपुर पुलिस ने किया खुलासा

अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची पति की हत्या की साजिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री समर वर्मा ने बताया कि दिनांक 12 नवम्बर को थाना चाँदपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोरधी में शाम लगभग 7 बजे रात्रि के दौरान दिलीप पिता अबेसिंह वास्कले की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की घटना घटित हुई थी। घटना के संबंध में दिनांक 12 नवम्बर को फरियादी पिन्टू पिता अबेसिंह वास्कले निवासी ग्राम मोरधी खुड़ियावड़ फलिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रारंभिक तौर पर मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत होने पर थाना चाँदपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की परिस्थितियाँ संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता से जांच प्रारंभ की गई। मृतक के शव का जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में पाँच चिकित्सकों के मेडिकल पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। प्राप्त शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु गला घोंटने से होना सामने आया, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह सामान्य सड़क दुर्घटना न होकर हत्या का मामला है।

मोबाइल फोन से मिला महत्वपूर्ण सुराग- अनुसंधान के दौरान घटनास्थल के निरीक्षण एवं सर्चिंग में एक मोबाइल फोन प्राप्त हुआ। तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर उक्त मोबाइल फोन ग्राम मोरधी निवासी दशरिया पिता रेमलिया का होना पाया गया। पुलिस द्वारा उसकी तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में हत्या की सुनियोजित साजिश का खुलासा हुआ।

अवैध संबंधों के चलते रची गई हत्या की साजिश- पुलिस अनुसंधान में सामने आया कि मृतक दिलीप की पत्नी सेंगली के ग्राम मोरधी निवासी रमेश पिता मोती के साथ पिछले लगभग चार-पाँच वर्षों से अवैध संबंध थे। इस बात की जानकारी मृतक को होने के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद एवं मारपीट होती रहती थी। इसी कारण रमेश एवं सेंगली ने मृतक दिलीप को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

घटना दिनांक 12 नवम्बर को शाम के समय मृतक के अत्यधिक शराब के नशे में होने की जानकारी उसकी पत्नी सेंगली ने अपने प्रेमी रमेश को फोन पर दी। इसके बाद रमेश ने अपने सहयोगियों महेश पिता केमता एवं सिलदार पिता जुरलिया के साथ मिलकर योजना को अंजाम देने की तैयारी की। आरोपियों को घटनास्थल तक पहुँचाने एवं अन्य गतिविधियों में नानसिंह उर्फ नानका पिता रेमला द्वारा सहयोग किया गया।



बाल दिवस पर नेपानगर में बैलेंस डे एवं कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेपानगर में बैलेंस डे एवं कैरियर काउंसलिंग गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

इस अवसर पर कक्षा 8 के छात्र ललित महेतो एवं मोहित द्वारा चाचा नेहरू के जीवन परिचय से जुड़ी जानकारी साझा की गई। कई छात्र-छात्राओं द्वारा रोल प्ले के माध्यम से डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापार, एयर होस्टेस आदि कई प्रकार के चरित्रों का अभिनय मंच पर कर कैरियर से जुड़ी कई जानकारियां साझा की गईं। विद्यार्थियों द्वारा नाट्य मंचन कर शिक्षा का महत्व समझाया गया। शिक्षकों सुदर्शन नाथ सेठी, निभांकर, अग्रवाल, महाजन द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान देने पर कुरैश, सुजाता, सुधा, प्रफुल्ल, दीपक आदि का आभार व्यक्त किया गया। सुजाता द्वारा कैरियर गाइडेंस के २१ डोमेनों को समझाया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामुदायिक भोज किया गया। तत्पश्चात खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लेमन रेस, चेयर रेस, छात्रों की कबड्डी, छात्राओं की खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन सैयद शाकिर द्वारा किया गया।

राजकुमार खंडेलवाल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल, बड़वानी में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के प्रति प्रेम, स्नेह एवं उनके सर्वांगीण विकास के महत्व को रेखांकित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे आकर्षक ड्रेस में विद्यालय आकर उत्सव की खुशियों को और भी खास बना दिया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह, उमंग और मुस्कान देखते ही बन रही थी।

विद्यालय में बच्चों के मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ समय बिताकर इस दिन को यादगार बनाया। पूरे विद्यालय का वातावरण प्रेम, आनंद और उल्लास से सराबोर रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री माधव खंडेलवाल ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे अनमोल पूंजी हैं। प्रत्येक बच्चे में एक विशेष प्रतिभा होती है, जिसे उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और सकारात्मक वातावरण देकर निखारा जा सकता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कार वान, आत्मनिर्भर, संवेदन शील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



हवाई पट्टी के लिए चिन्हित जमीन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बुरहानपुर। बुरहानपुर के पास ग्राम खड़कोद में प्रस्तावित हवाई पट्टी के लिए चिन्हित जमीन का शुक्रवार शाम कलेक्टर विवेक कुमार ने निरीक्षण किया। करीब 125 एकड़ में बनने वाली एयर स्ट्रिप की तैयारियां शुरू हो गई हैं।कलेक्टर ने अधिकारियों से स्थल की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित हवाई पट्टी के डिजाइन, जमीन के नक्शे, सीमाओं और उपलब्ध क्षेत्रफल पर चर्चा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से शासन की गाइडलाइन के मुताबिक पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता रखने को कहा। उन्होंने बेहतर प्रबंधन के साथ योजना बनाकर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ, अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, एसडीएम पल्लवी पुराणिक और पीडब्ल्यूडी अधिकारी पद्मा रेखा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। फरवरी २०२६ में मुख्यमंत्री मोहन यादव बुरहानपुर आए थे। उन्होंने मंच से जिले में एयर स्ट्रिप बनाने की घोषणा की थी। इसके बाद हवाई पट्टी के लिए जमीन चुनने की प्रक्रिया शुरू हुई और खड़कोद में १२५ एकड़ जमीन चिन्हित की गई। हवाई पट्टी बनाने का उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर करना और कृषि, खासकर केला उत्पादन, वस्त्र, फर्नीचर और चिकित्सा उद्योगों को बढ़ावा देना है।

एसपी ने किया छैगांव माखन थाने का आकस्मिक निरीक्षण

खंडवा। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शुक्रवार को थाना छैगांव माखन का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालयीन व्यवस्थाओं और अभिलेखों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लंबित अपराधों एवं विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए वर्षांत को ध्यान में रखकर प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। एसपी ने फरार आरोपियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के साथ अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सीसीटीएनएस में आवश्यक प्रविष्टियां समय पर और त्रुटिरहित दर्ज करने तथा विवेचना में उपलब्ध टैबलेट का उपयोग कर दस्तावेजों एवं प्रकरणों की प्रगति डिजिटल रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिये।

15 नवंबर को जिले के नगर निवाली में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित होगा

मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में होंगे शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

जनजातीय समाज के गौरव, स्वाभिमान और अदम्य साहस के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को बड़वानी जिले के नगर निवाली में उनकी प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा । इस गरिमामय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सहभागिता करेंगे तथा भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को नमन करेंगे।भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अनुपम मिसाल है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अस्मिता तथा स्वाभि मान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके नेतृत्व में संचालित उलगुलान आंदोलन ने न केवल ब्रिटिश शासन को चुनौती दी, बल्कि जनजातीय समाज में अधिकारों और आत्मसम्मान के प्रति नई चेतना का संचार भी किया। उनका बलिदान और विचार आज भी देशवासियों, विशेषकर जनजातीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रतिमा अनावरण समारोह केवल एक स्मारक के लोकार्पण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, संघर्ष और बलिदान को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। निवाली में स्थापित होने वाली भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा प्रदान करेगी। इस आयोजन के माध्यम से जनजातीय समाज के महान नायकों के ऐतिहासिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाने तथा नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत से परिचित कराने का संदेश भी दिया जाएगा। साथ ही, यह समारोह जनजातीय समाज के सम्मान, सहभागिता और समावेशी विकास के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को भी अभिव्यक्त करेगा।

भोपाल के सहायक संचालक श्री मंडलोई द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



स्थानीय शासकीय पीएम श्री हाई स्कूल में शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं और शैक्षणिक गुणवत्ता का जायजा लेने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय निरीक्षण संपन्न हुआ। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के सहायक संचालक श्री प्रवीण मंडलोई जी द्वारा विद्यालय का औचक एवं विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने विद्यालय में मौजूद शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-शिक्षक संवाद और कुल व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जहां कुछेक बिंदुओं पर मामूली सुधार की आवश्यकता महसूस की गई, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के लिए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने तथा हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गईं।

निरीक्षण के उपरांत विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक व प्रशासनिक विषयों पर चर्चा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना और गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस संपूर्ण निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान प्राचार्य श्री जे.पी. यादव, प्रधानपाठक श्री सियाराम मोरे तथा श्री सुबोध मिश्रा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। व्यवस्थाओं के सुव्यवस्थित पाए जाने पर अधिकारियों द्वारा संपूर्ण स्टाफ को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और निरंतरता बनाए रखने की अपेक्षा जताई गई।

दो दिवसीय अंतरप्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

सिंधी भाषा, साहित्य, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा देशभर के साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 14 एवं 15 नवंबर को दो दिवसीय अंतरप्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन सिंधी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए सिंधी, हिंदी साहित्यकार एवं राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्यकार, लेखक, कवि, चिंतक एवं सिंधी भाषा के विद्वान शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान सिंधी लोक कथाओं, साहित्यिक रचनाओं, भाषा संरक्षण, साहित्य सृजन, भारतीय ज्ञान परंपरा में सिंधी संतों के योगदान तथा सिंधी साहित्य के इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श, इसके बाद आयोजित सत्र में सिंधी लेखिकाओं की रचनाओं में कुटुंब प्रबोधन एवं सिंधियत की भूमिका विषय पर चर्चा होगी। इसमें डॉ. तमन्ना लालवाणी की भूमिका रहेगी तथा डॉ. विम्मी सदारंगाणी मुख्य वक्ता और डॉ. कमला गोकलाणी अध्यक्षता करेंगी। दोपहर 1 से 2.15 बजे तक खीयलदास बेगवाणी 'फानी' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर साहित्यिक सत्र होगा। इसमें कन्हैयालाल मोटवाणी 'मांदो' की भूमिका, नंदकुमार सम्मुखाणी मुख्य वक्ता तथा डॉ. दिलीप भावनाणी अध्यक्षता करेंगे। दोपहर 2.15 से 3.45 बजे तक भोजन एवं विश्राम रहेगा।

शाम 4 से 5.15 बजे तक गंगाराम सम्राट के साहित्य में इतिहास बोध विषय पर चर्चा होगी। इसमें मनोज चावला की भूमिका, हूंदराज बलवाणी मुख्य वक्ता और नामदेव ताराचंदाणी अध्यक्षता करेंगे। शाम 5,.15 से 6.30 बजे तक साहित्य सृजन में लेखकों के निजी जीवन के मनोवैज्ञानिक प्रभाव विषय पर सत्र होगा। इसमें संजय वर्मा की भूमिका, डॉ. नादिया मरसंद मुख्य वक्ता और कैलाश शादाब अध्यक्षता करेंगे।

पहले दिन शाम 7.30 से रात 9.30 बजे तक सदाहायत कृष्ण खटवाणी की याद में अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसका संचालन अशोक जमनानी करेंगे, जबकि रश्मि रमाणी काव्यपाठ करेंगी और ढोलण राही अध्यक्षता करेंगी। इसके बाद रात 9.30 से 11 बजे तक रात्रिभोज होगा। 15 नवंबर को सुबह 8,30 से 9.30 बजे तक नेरन का आयोजन होगा। सुबह 9.45 से 11 बजे तक वेदांत मार्गी सिंधी संत 'सामी' के श्लोकों में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर सत्र होगा। इसमें डॉ. जितेंद्र थधाणी की भूमिका, खीमन यू. मूलाणी मुख्य वक्ता और डॉ. रविप्रकाश टेकचंदाणी अध्यक्षता करेंगे।

सुबह 11 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक कन्हैयालाल तलरेजा के रचना संसार में भारत भक्ति विषय पर चर्चा होगी। इसमें प्रकाश तेजवाणी की भूमिका, डॉ. जयेश शर्मा मुख्य वक्ता और विनीता भावनाणी अध्यक्षता करेंगी। दोपहर 12.30 से 1.45 बजे तक गीतकार गोवर्धन भारती पर केंद्रित सत्र होगा। इसमें नारी लच्छवाणी की भूमिका, ढोलण राही मुख्य वक्ता और डॉ. माला कैलाश अध्यक्षता करेंगी। दोपहर 1.45 से 2.45 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। दोपहर 3 से शाम 4.15 बजे तक खीमन यू. मूलाणी के सिंधी साहित्य में योगदान विषय पर सत्र आयोजित होगा। इसमें अशोक मनवाणी की भूमिका, भगवान बाबाणी मुख्य वक्ता और बुलू चोइथाणी अध्यक्षता करेंगे। शाम 4.15 से 5.30 बजे तक खुलियाल सत्र एवं समापन सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके बाद शाम 5.30 बजे चाय के साथ सम्मेलन का समापन होगा।

प्रभारी मंत्री डॉ. टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

बड़वानी । प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 15 नवंबर को दोपहर एक बजे निवाली आकर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का अनावरण होगा।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/13RT, दिनांक 12.11.2026. कार्य का नाम:** Provision of CCTV surveillance system at TRD depot, Tower wagon shed, TSS and SP/SSP over Ratlam Division. **अनुमानित लागत:** रु. 2,31,75,832/-. **बयाना राशि:** रु. 4,63,500/-. **समापन अवधि:** 06 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 07.12.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in. नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। SPAN/13/1/330

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

फांसी लगाने वाले युवक 24 घंटे बाद मौत

उज्जैन। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार दोपहर को आलोट से घनश्याम पिता कन्हैलाल मालवीय 26 साल को गंभीर हालत में परिजन ने भर्ती कराया था। 24 घंटे चले उपचार के बाद शनिवार को घनश्याम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि घर में फांसी लगाई थी। उसे लटका देख नीचे उतारा था। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर किया था। प्रधान आरक्षक तेजकरण हिरवे बताया कि मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी आलोट पुलिस को भेजी जायेगी।

कछुआ अगरबत्ती से धर्मशाला के कमरे में लगी आग

उज्जैन। क्षीरसागर स्थित औदिच्य ब्राह्मण समाज की धर्मशाला के कमरा नम्बर 6 में गुजरात से आये यात्री ठहरे था। सुबह वह कमरा खाली कर चले गये, लेकिन रात में जलाई गई कछुआ अगरबत्ती सुलगती रही। कुछ देर बाद कमरे से धुआं निकलने लगा। धर्मशाला कर्मचारियों को जानकारी लगी तो उन्होने कमरा खोला, कछुआ अगरबत्ती से बिस्तरों में आग लग चुकी थी। आगजनी की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। फायर फायटर मौके पर पहुंची और कुछ मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि कमरे में 10 से 12 जोड़ी रजाई-गादी रखी थी जो आग में जली है।

मकान खाली कराने की बात पर 2 लोगों में विवाद

उज्जैन। सखीपुरा में मकान खाली कराने की बात पर राजेश पिता हरिशचंद्र गोयल 59 साल निवासी बसंत विहार और देवेन्द्र पिता मांगीलाल नामदेव निवासी नलियाबाखल के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया। राजेश गोयल का कहना था कि उसने मकान किराये पर दिया था, जिसे खाली करने के लिये बोला गया तो मारपीट की गई।

घर के बाहर से खड़ी बाइक चोरी, कंजरों पर शंका

उज्जैन। तिरूपति सॉलिटर कालोनी में रहने वाले हर्षित पिता उपेन्द्र नारायण उपाध्याय ने अपनी बाइक क्रमांक एमपी 13 झेडबी 5302 घर के बाहर रात में खडी की थी। सुबह 5 बजे नींद से जगा और बाहर आया तो उसकी बाइक दिखाई नहीं दी। रात में अज्ञात बदमाश लॉक तोड़कर बाइक चुराकर ले गया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, चिमनगंज पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हुआ। एक दिन बाद मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। आशंका जताई गई है कि बाइक चोरी को कंजर गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है। पूर्व में कई बाइक चोरी के मामलों में कंजरों का मूवमेंट सामने आ चुका है। पुलिस ने कुछ बदमाशों को पकड़ा है लेकिन चिमनगंज थाना क्षेत्र में बाइक चोरी के मामले लगातार सामने आ रहे है।

बाल दिवस पर पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



उज्जैन। पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस पर बड़नगर में एसडीओपी महेन्द्र परमार और थाना प्रभारी बड़नगर नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा सेंट मार्टिन स्कूल में सायबर सुरक्षा और डायल 112 के प्रति जागरूकता कायर्क्रम आयोजित किया। पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने तथा ऑनलाइन धोखाधडी से बचने के उपाय बताए गए। विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 की उपयोगिता के साथ कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उज्जैन पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाने एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

महाकालेश्वर मंदिर समिति ने लिया फैसला...

विधायक पुत्र के वीआईपी प्रोटोकॉल पर सालभर का प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में रील बनाकर नियमों का उल्लघंन करने वाले इंदौर के विधायक पुत्र की वीआईपी सुविधा और प्रोटोकाल पर श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति ने सख्त एक्शन लेते हुये एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

पिछले दिनों इंदौर के विधायक गोलू शुक्ला का पुत्र रूद्राक्ष शुक्ला वीआईपी प्रोटोकाल के दौरान महाकाल मंदिर दर्शन करने कुछ साथियों के साथ पहुंचा था। इस दौरान मंदिर समिति के नियमों का उल्लघंन करते हुये परिसर और दर्शन के समय मोबाइल से रील बनाई थी और बाद में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

रील वायरल होने के बाद मंदिर की व्यवस्थाओं और नियमों को लेकर सवाल उठने लगे थे। मंदिर परिसर में आम श्रद्धालुओं के लिये मोबाइल ले जाना और रील बनाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद वीआईपी प्रोटोकाल में पहुंचे विधायक पुत्र मोबाइल मंदिर के नंदीहॉल तक लेकर पहुंचा था। सवाल उठने पर शुक्रवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति ने एक्शन लेते हुये सुरक्षा कंपनी के पर कार्रवाई करते हुये 5 लाख का जुर्माना लगा दिया था और 3 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। यह कार्रवाई भी सवालों के घेरे में आ गई थी और कहा जाने लगा था कि गलती विधायक पुत्र की थी। शनिवार को मंदिर समिति ने विधायक पुत्र के खिलाफ भी एक्शन लिया और वीआईपी प्रोटोकाल पर एक साल का प्रतिबंध लगाते हुये विशेष दर्शन की सुविधा पर रोक लगा दी।



आम श्रद्धालुओं की तरह करना होगे दर्शन

श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा लगाये गये प्रतिबंध के बाद अब विधायक पुत्र को आम श्रद्धालुओं की तरह कतार में लगकर दर्शन करना होगें। उन्हे किसी मंदिर समिति की ओर से अब कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जायेगी। विधायक पुत्र रूद्राक्ष का पूर्व में भी मंदिर से जुड़े कई मामलों में नाम सामने आया था। कोराना के समय भी गर्भगृह के गेट तक पहुंचकर फोटो ली थी। रंगपंचमी में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध था लेकिन रूद्राक्ष शुक्ला पहुंचे थे, महाकाल मंदिर ही नहीं पिछले साल देवास माता टेकरी पर पट खुलवाने को लेकर उनका विवाद सामने आया था।

वध से पहले घेराबंदी कर पकड़ी मवेशियों से भरी पिकअप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

क्रूरतापूर्वक मवेशियों को वध के लिये पिकअप में भरकर ले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और पीछाकर पकड लिया। 2 युवकों को गिरफ्तार कर 9 मवेशियों छुडाया।

भाटपचलाना थाना पुलिस को रात्रिगश्त के दौरान सूचना मिली कि महेन्द्र पिकअप में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर कुछ लोग बदनावर की ओर वध के लिये लेकर जा रहे है। पुलिस ने तत्काल ग्राम मलोड़ा के पास घेराबंदी की और पिकअप को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रफ्तार तेज कर भागने का प्रयास किया, पुलिस ने पीछाकर रोक लिया और उसमें सवार 2 युवकों को हिरासत में लिया। युवकों की पहचान ईश्वरलाल पिता सीताराम पाटीदार निवासी ग्राम मलो?ा भाटपचलाना और राकेश पिता हाकम बंजारा निवासी ग्राम नवादा उन्हेल के रूप में हुई। पिकअप में 9 मवेशी (केडें) क्रूरतापूर्वक भरे थे। पिकअप को थाने लाया गया और मवेशियों को मुक्त कराया। मामले में दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 4, 6/9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 और धारा 11 (1) (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का प्रकरण



दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। टीआई सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि मवेशियों को धार जिले में ले जाया जा रहा था। कार्रवाई में एएसआई सज्जनसिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक अमर सिंह, हरगोविंद सिंह, आरक्षक भोलाराम ओसारी, मुकेश नागर, सैनिक कृष्णा धाकड अजयपाल सिंह का सहयोग रहा।

हिन्दू संगठन भी कर रहा था पीछा

बताया जा रहा है कि पुलिस को मिली सूचना के साथ हिन्दू संगठन भी गौवंश तस्करी करने वालों का पीछा कर रहा था। पुलिस द्वारा पकड़ी गई पिकअप के दौरान संगठन के लोग भी मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने आक्रोश व्यक्त किया यहीं नहीं पिकअप का कांच भी फोड़ दिया। पुलिस ने मामला शांत कराया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

रात 3 बजे विक्रमनगर स्टेशन के भरा था ट्राली में.....

हिरासत में पीडब्ल्यूडी का बेरिकेड बेचने वाला युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय संपत्ति बेरिकेड चुराकर कबाडी की दुकान पर बेचने वाले युवक को पुलिस ने कुछ घंटो में गिरफ्तार कर लिया। मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। कबाडी की दुकान से बेरिकेड भी बरामद किया गया है।

शांतिनगर में रहने वाले राहुल टटवाल ने शुक्रवार को नागझिरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि विक्रमनगर रेलवे स्टेशन के सामने पीडब्ल्यूडी के पीले बेरिकेड रखे थे। रात में एक युवक ट्राली में बेरिकेड भरकर ले गया है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया और कैमरों के फुटेज देखे। एक युवक रात 3 से 4 बजे के बीच चोरी करता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक की तलाश की और कुछ घंटे बाद हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसका नाम मंयक सिंघार निवासी विक्रमनगर नागदा सामने आया। उसने चोरी के बाद बेरिकेड कबाडी की दुकान पर बेचना कबूल किया। पुलिस बरामदगी के लिये कबाडी की दुकान पर लेकर पहुंची और बेचा गया बेरिकेड बरामद कर लिया। टीआई राकेश भारती ने बताया कि बरामद शासकीय संपति 10 हजार कीमत की है। मामले में चोरी की शासकीय संपति खरीदने वाले कबाडी को भी पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है।



लावारिस हालत में पडे रहते है बेरिकेड

शहर में पुलिस और पीडब्ल्यूडी विभाग के बेरिकेड और स्टापर बडे धार्मिक आयोजनों, त्यौहार पर सुरक्षा व्यवस्था के लिये लगाये जाते है। लेकिन कार्यक्रमों के खत्म होने के बाद उन्हे कई दिनों तक नहीं हटाया जाता है। सडकों पर लावारिस हालत में पडे रहते है। रात में बडे वाहन क्षतिग्रस्त कर चले जाते है। जिसका फायदा नशा और चोरी करने वाले उठाते है। बेरिकेड के टूटे टुकओं को उनके द्वारा ठिकाने लगा दिया जाता है।

नगर निगम की संपत्ति हो चुकी है चोरी

पुलिस-पीडब्ल्यूडी के बेरिकेड के साथ नगर निगम संपत्ति चोरी के मामले भी पूर्व में सामने आ चुके है। नगर निगम द्वारा शहर के मार्गो और उद्यानों में सौर्दयकरण के लिये लगाई जाने वाली जालियां, नालों पर लगे लोहे के ढक्कन भी बदमाश चोरी कर लेते है। शासकीय विभागों के पास रख-रखाव की जिम्मेदारी और चौकीदारों की मौजूदगी नहीं होने पर बदमाश फायदा उठ रहे है।

महिला से हुआ ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क का खुलासा

उज्जैन। लाखों की ड्रग्स के साथ पकडाई महिला से तस्करी के नेटवर्क का खुलासा होने पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ एनडीपीएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

नशे के कारोबार को लेकर पुलिस ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाकर समाज को नशामुक्त बनाने का प्रयास कर रही है, इसी कड़ी में घट्टिया थाना क्षेत्र के गरोठ हाइवे पानबिहार क्षेत्र से आधी रात को स्कूटी की डिक्की में 10 लाख की एमडी ड्रग्स छुपाकर ला रही नजमा पति शब्बीर खां 60 साल निवासी आगर नाका उज्जैन को पक?ा गया था। पूछताछ में उसने रतलाम ताल से ड्रग्स लाना बताया था, पुलिस ने 2 दिन की रिमांड पर लेकर तस्करी के नेटवर्क से जुडे साथियों की जानकारी जुटाई। महिला के संपर्क में उज्जैन तोपखाना का रहने वाला इश्तियाक पिता फैज मोहम्मद और इंदौर का अब्दुल रऊफ अंसारी, इस्माईल उर्फ गुड्डू अंसारी के साथ जुनैद उर्फ जून्नू शेख सामने आये। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल और पानबिहार चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव के नेतृत्व में टीम बनाई और इंदौर-उज्जैन में दबिश देकर चारों को गिरफ्तार किया गया। चारों ने नजमा से ड्रग्स लेना कबूल किया। पुलिस ने चारों को नशे के अवैध कारोबार में शामिल होने का आरोपी बनाया। घट्टिया टीआई खोवाल ने बताया कि सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में कुछ आरोपियों की जानकारी सामने आई है जिनकी तलाश जारी है।

क्षमता से ज्यादा सवारी भराना चालक को पडा भारी

यातायात पुलिस ने आटो जप्त कर काटा चालान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

क्षमता से ज्यादा सवारी भरकर आटो चालक का वीडियो सामने आने पर यातायात पुलिस ने नम्बर के आधार पर चालक को पक?ा और आटो जप्त कर चालानी कार्रवाई की।

यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर पर एक वीडियो पहुंचा था। जिसमें आटो चालक क्षमता से ज्यादा सवारी भरकर आटो चला रहा था। आटो के पिछले हिस्से में एक युवक भी बाहर लटका हुआ था। वहानों की आवाजाही के बीच चालक द्वारा यात्रियों की जान जोखिम में डालकर आटो को दौडाया जा रहा था। यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीआई सुदर्शन खरे ने वीडियो में दिखाई दे रहे आटो के नम्बर एमपी 13 झेड एन 4158 के आधार पर चालक का पता लगाया और आटो जप्त कर थाने ले आये। चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई और समन शुल्क वसूला गया। चालक ने कान पकड़कर मांगी मांगी और गलती नहीं करने के साथ यातायात नियमों का पालन करने की बात कहीं। विदित हो कि पूर्व में भी आटो, ई-रिक्शा, कार, बाइक चालकों के स्टंट करते वीडियों और क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर लोगों की जान जोखिम में डालने के वीडियो सामने आने पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई, बावजूद वाहन चालक खुद के साथ दूसरों की जान के दुश्मन बनते दिखाई दे रहे है।



चिंतामण गणेश मंदिर में सजेगा छप्पन भोग का भव्य दरबार

स्वर्णिम भारत मंच एवं पुजारी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष भव्य आयोजन, मिलेगी महाप्रसादी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्री चिंतामन गणेश मंदिर में 15 नवंबर 2026, रविवार को भव्य अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रात: 11 बजे विघ्नहर्ता भगवान श्री चिंतामन गणेश को 56 प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों का भव्य भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी एवं भंडारे का आयोजन होगा। स्वर्णिम भारत मंच एवं मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक महोत्सव को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

पौराणिक मान्यता-भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी से जुड़ा है मंदिर का इतिहास उज्जैन का श्री चिंतामन गणेश मंदिर अत्यंत प्राचीन एवं विशेष धार्मिक मान्यताओं वाला सिद्ध स्थल माना जाता है। मंदिर की स्थापना को लेकर प्रचलित पौराणिक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी इस क्षेत्र में आए थे। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने यहां भगवान गणेश की आराधना की तथा तीन स्वरूपों में विराजित गणपति की पूजा-अर्चना की थी। मंदिर के समीप स्थित प्राचीन लक्ष्मण बावड़ी को भी इसी पौराणिक प्रसंग से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि यह विवरण मंदिर की धार्मिक एवं स्थानीय परंपराओं पर आधारित है। एक ही स्थान पर भगवान गणेश के तीन स्वरूप, चिंतामण, इच्छामण और सिद्धिविनायक इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां भगवान गणेश के तीन दिव्य स्वरूपों का एक साथ विराजमान होना है। यहां भगवान चिंतामण गणेश, इच्छामण गणेश एवं सिद्धिविनायक के रूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार चिंतामण गणेश भक्तों की चिंताओं का हरण करते हैं, इच्छामण गणेश मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं तथा सिद्धिविनायक जीवन में सुख, समृद्धि एवं कार्यों में सिद्धि प्रदान करते हैं। यहां विराजित गणेश प्रतिमाओं को स्वयंभू माना जाता है। मंदिर की यह विशेषता इसे देशभर के प्रमुख गणेश तीर्थों में विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। मंदिर का प्राचीन स्थापत्य मालवा की ऐतिहासिक मंदिर निर्माण परंपरा की झलक प्रस्तुत करता है। इतिहास एवं स्थापत्य संबंधी विवरणों में इसका संबंध परमारकालीन मंदिर परंपरा से भी जोड़ा जाता है, जबकि बाद के समय में मंदिर का जीर्णोद्धार भी हुआ। अन्नकूट की प्राचीन परंपरा को पुन: भव्य स्वरूप देने का प्रयास

मंदिर के पुजारी जी ने बताया कि दीपावली से पूर्णिमा के मध्य मंदिरों में नई फसल एवं मौसमी सब्जियों से अन्नकूट भोग लगाने की प्राचीन धार्मिक परंपरा रही है। चिंतामन गणेश मंदिर में भी पूर्व में यह परंपरा निरंतर चलती थी, लेकिन बीच के समय में व्यवस्थाओं के अभाव में यह आयोजन सीमित हो गया था। अब भगवान गणपति की प्रेरणा एवं भक्तों के सहयोग से इस ऐतिहासिक परंपरा को पुन: भव्य स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहें। सात वर्षों की अन्न सेवा को समर्पित धार्मिक आयोजन, सेवा और समरसता का संदेश स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चिंतामन गणेश सुख-समृद्धि एवं मंगल के दाता हैं।

सनातन परंपरा में प्रत्येक शुभ कार्य का प्रारंभ प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आराधना से होता है। इसी धार्मिक आस्था एवं सेवा भावना को केंद्र में रखते हुए स्वर्णिम भारत मंच द्वारा मंदिर के पुजारी परिवार एवं प्रबंध समिति के समन्वय से लगातार दूसरे वर्ष इस भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वर्णिम भारत मंच द्वारा संचालित नि:शुल्क अन्न सेवा प्रकल्प के सात वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, परोपकार एवं सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। मंच का संकल्प है कि धार्मिक आस्था के साथ मानव सेवा की भावना भी निरंतर मजबूत हो तथा कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न सोए। मंदिर में विशेष सजावट, छप्पन भोग एवं महाप्रसादी की तैयारियां महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। भगवान का आकर्षक श्रृंगार, छप्पन भोग की भव्य सजावट एवं श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्थाएं की। जा रही हैं। आयोजन में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। स्वर्णिम भारत मंच, चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी परिवार एवं समस्त भक्त परिवार ने धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर भगवान श्री चिंतामन गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा महाप्रसादी ग्रहण करने की अपील की है। प्रात: 11 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पण एवन दोपहर 12 से 3ः30 बजेः महाप्रसादी एवं भंडारा श्री चिंतामन गणेश मंदिर परिसर मे होगा।

सूर्य की ओर देखना



सूर्यमुखी के फूलों को सूर्य की ओर मुंह किए हुए देखा, तो स्मरण हुआ कि मनुष्य के जीवन का दुख यही है, उसकी सारी पीड़ा, सारा संताप यही है कि वह सूर्य की ओर अपना मुंह नहीं कर पाता है। हम सारे लोग जीवन भर सत्य की ओर पीठ किए हुए खड़े रहते हैं।

सूर्य की ओर जो भी पीठ करके खड़ा होगा, उसकी खुद की छाया उसका अंधकार बन जाती है। जिसकी पीठ सूर्य की ओर होगी, उसकी खुद की छाया उसके सामने पड़ेगी और उसका मार्ग अंधकारपूर्ण हो जाएगा। जो सूर्य की ओर मुंह कर लेता है, उसकी छाया उसके लिए विलीन हो जाती है एवं आंखें और उसके रास्ते आलोकित हो जाते हैं।

दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक वे, जो सूर्य की ओर पीठ किए रहते हैं और थोड़े-से वे लोग हैं, जो उसकी ओर मुंह कर लेते हैं। जो लोग सूर्य की ओर पीठ किए रहते हैं, उनका जीवन दुख, पीड़ा और मृत्यु के अतिरिक्त कुछ भी नहीं। उनका जीवन एक दु:स्वप्न से ज्यादा नहीं। वे नाममात्र को ही जीते हैं। कल्पना में ही उनका सारा आनंद होता है। और जो लोग सूर्य की ओर या प्रभु की ओर मुंह कर लेते हैं, उनके जीवन में आमूल क्रांति घटित हो जाती है। एक ही दुख है कि हमारी पीठ उस तरफ हो, जहां हमारा मुंह होना चाहिए।

केवल वही मनुष्य सत्य की ओर उन्मुख होने में समर्थ हो पाते हैं, जो अपने चित्त को समस्त वाद-विवादों, सत्य के संबंध में प्रचलित पंथों और मतों से अपने को मुक्त कर लेते हैं। जो व्यक्ति आस्तिकता या नास्तिकता से बंध जाता है, वह सत्य को उपलब्ध करने में या सत्य की ओर आंखें उठाने में असमर्थ हो जाता है।

सम्पादकीय

साइबर संकट

दुनिया की सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में शुमार माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं का कमोबेश बाधित होना बड़ी बहस का मुद्दा बन गया है। इस कंपनी के नेटवर्क पर साइबर हमला हुआ है या उसमें कोई आंतरिक समस्या पैदा हो गई है? एक आशंका यह भी जताई जा रही है कि इस महा-विराट कंपनी ने कोई एआई प्रयोग किया था, जो उसके नेटवर्क के अनुकूल नहीं बैठा। वैसे, यह बहुत आम बात है, तमाम कंपनियां अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में जुटी रहती हैं। ताजा समस्या से इतना तो स्पष्ट है कि इस कंपनी को अपनी कोशिशों में उम्मीद के मुताबिक कामयाबी नहीं मिल रही है। शुक्रवार को हद हो गई, माइक्रोसॉफ्ट की कई सेवाएं अनेक देशों में थम गईं। आउटलुक, टीम्स और अन्य माइक्रोसॉफ्ट365 जैसी सेवाओं को चालू रखने के लिए कंपनी को काफी मशक्कत करनी पड़ी। महज एक घंटे में 72 देशों के कम से कम 43,000 यूजर्स शिकायत करने लगे।

माइक्रोसॉफ्ट का ठीक से काम करना कितना जरूरी है, यह समझना चाहिए। दुनिया का करीब 62 प्रतिशत आईटी ढांचा माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं पर निर्भर है। फॉर्च्यून में दर्ज 100 टॉप कंपनियों में से 95 प्रतिशत माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं से जुड़ी हैं। दुनिया के करीब 1.6 अरब पर्सनल कंप्यूटर-लैपटॉप माइक्रोसॉफ्ट के सहारे चल रहे हैं। अतः माइक्रोसॉफ्ट के तंत्र में अगर समस्या आ रही है, तो बड़े पैमाने पर ई-मेल का आदान-प्रदान प्रभावित हो जाएगा। चैट और मीटिंग में मुश्किलें आएंगी। कुछ लिखना और हिसाब-किताब करने में भी परेशानी आएगी। इतना ही नहीं, स्टोरेज समस्या भी विकराल हो जाएगी। ध्यान रहे, यह जो समस्या आई है, उसके चलते माइक्रोसॉफ्ट की एआई सेवा कोपायलट के संचालन में भी दिक्कतें पेश आई हैं। आज ज्यादातर बुनियादी सेवाएं ऑनलाइन आधारित हो गई हैं। माइक्रोसॉफ्ट की समस्या का असर भारतीय एयरलाइंस पर भी पड़ा है। खासकर स्पाइसजेट की कुछ उड़ानें रद्द या विलंबित करनी पड़ी हैं। एयर इंडिया ने भी अपने महत्वपूर्ण ई-मेल को दूसरे माध्यमों से मंजिल तक पहुंचाया है। अन्य एयरलाइंस ने भी अपने ग्राहकों को उड़ान संबंधी अपडेट पर खास नजर रखने के लिए कहा है। यह जो साइबर खतरा सामने आया है, इसकी आशंका पहले से रही है। अक्सर सवाल उठता रहा है कि अगर ऑनलाइन सेवाएं कभी बाधित हुईं, तो जनजीवन कैसे अस्त-व्यस्त हो जाएगा? यह सबक है, कंपनियों को बहुत चौकस रहना होगा, ताकि भविष्य में अचानक आने वाली कोई समस्या बेकाबू न हो जाए।

जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती विशेष

जंगलों से उठी स्वाधीनता की हुंकार



अमित राव पवार (दैनिक अवन्तिका)

राजमहलों,युद्धभूमियों और राजनीतिक आंदोलनों की कथा नहीं है। इसकी नींव उन अनगिनत प्रतिरोधों,बलिदानों और जनसंघर्षों ने भी रखी,जिनकी आवाज लंबे समय तक राष्ट्रीय विमर्श में पर्याप्त स्थान नहीं पा सकी। जंगलों,पहाड़ियों और दूरस्थ अंचलों में जनजातीय समुदाय अपनी भूमि,संस्कृति,परंपराओं और स्वाभिमान की रक्षा के लिए औपनिवेशिक सत्ता से जूझ रहे थे। उनके लिए स्वतंत्रता महज शासन परिवर्तन नहीं,बल्कि अपनी जीवन-पद्धति और सामुदायिक अधिकारों को बचाने का संकल्प थी।

इसलिए 1857 को अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक निर्णायक व्यापक विद्रोह मानते हुए भी यह याद रखना जरूरी है कि प्रतिरोध उससे बहुत पहले शुरू हो चुका था। अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी में देश के अलग-अलग क्षेत्रों में संथाल,भील,कोल,खासी और अन्य समुदायों ने भूमि पर कब्जे,कर-वसूली,साहूकारी शोषण तथा पारंपरिक व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप के विरुद्ध संघर्ष किए। 1817 का ओडिशा का पाइका विद्रोह भी औपनिवेशिक शासन के शुरूआती बड़े जनउभारों में था। पाइका मुख्यतः स्थानीय शासकों की कृषक-सैनिक टुकड़ियां थीं,इस आंदोलन में घुमुसर के कोंध सहित अनेक जनजातीय और

गैर-जनजातीय समूहों ने भाग लिया। अतः इसे केवल जनजातीय विद्रोह कहना उचित नहीं,बल्कि व्यापक जनप्रतिरोध के रूप में देखना चाहिए।

इसी गौरवशाली परंपरा के नायक थे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को वर्तमान झारखंड के उलिहातू गांव में हुआ। छोटानागपुर क्षेत्र में औपनिवेशिक नीतियों,जमींदारी व्यवस्था,महाजनों और ठेकेदारों के हस्तक्षेप ने मुंडा समाज की पारंपरिक खूँटकट्टी भूमि व्यवस्था को आघात पहुंचाया। जिन खेतों और जंगलों पर समुदाय का जीवन निर्भर था,उन्हीं पर उसका अधिकार कमजोर किया जा रहा था। यह संकट केवल आर्थिक नहीं था,यह सामाजिक गरिमा,सांस्कृतिक पहचान और स्वशासन की आकांक्षा पर भी चोट थी। बिरसा ने इस पीड़ा को



सामूहिक चेतना में बदला। उन्होंने समाज को एकजुट होने,कुरीतियों से दूर रहने,आत्मसम्मान जगाने और अन्याय का प्रतिरोध करने का संदेश दिया। वे धार्मिक-सामाजिक सुधारक भी थे और जननेता भी। उनके नेतृत्व में 1899-1900 का उलगुलान अर्थात महान उथल-पुथल औपनिवेशिक सत्ता तथा शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध सशक्त आंदोलन बना। इसका मूल आग्रह था कि आदिवासी अपनी धरती,अधिकार और स्वशासन पर फिर से दावा करें। ब्रिटिश शासन ने आंदोलन को बलपूर्वक दबाया। बिरसा 3 मार्च 1900 को गिरफ्तार किए गए और 9 जून 1900 को रांची जेल में मात्र 25 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ। उनके संघर्ष ने जनजातीय भूमि-अधिकारों के प्रश्न को व्यापक रूप से उजागर किया,आगे चलकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम,1908 ने भूमि हस्तांतरण पर महत्वपूर्ण संरक्षणात्मक प्रावधान किए।

बिरसा की विरासत किसी एक आंदोलन या समुदाय तक सीमित नहीं। तिलका मांझी,सिद्धू-कान्हू,चांद-भैरव,टंट्या भील,गोविंद गुरु और रानी दुर्गावती जैसे व्यक्तित्व भी प्रतिरोध,नेतृत्व और आत्मसम्मान की प्रेरक परंपरा के प्रतीक हैं। इनके संघर्षों की परिस्थितियां अलग थीं,लेकिन उनमें अन्याय के सामने न झुकने का साहस था। इन नायकों को राष्ट्रीय इतिहास में उचित स्थान देना किसी अन्य सेनानी का महत्व घटाना नहीं,बल्कि स्वतंत्रता की कहानी को अधिक संपूर्ण बनाना है।जनजातीय जीवन को समझने के लिए जल,जंगल और जमीन के महत्व को समझना अनिवार्य है। जंगल आजीविका का साधन भर नहीं,वह स्मृतियों,आस्थाओं,औषधीय ज्ञान,लोककथाओं और सामुदायिक संबंधों का संसार है। प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व,संसाधनों के संयमित उपयोग और पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व की परंपराएं आज पर्यावरण संकट के दौर में महत्व रखती हैं। जनजातीय भाषाएं,गीत, नृत्य,लोकदेवता,पर्व,खानपान और मौखिक परंपराएं भारत की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करती हैं। इनका संरक्षण पूरे राष्ट्र की जिम्मेदारी है।

वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। यह दिन बिरसा मुंडा की जयंती के साथ उन ज्ञात-अज्ञात जनजातीय वीरों और समुदायों के योगदान को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने देश के स्वाभिमान और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। लेकिन गौरव केवल समारोहों,माल्यार्पण और भाषणों से सार्थक नहीं होगा। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं,सम्मानजनक रोजगार,भाषाई-सांस्कृतिक संरक्षण और विकास संबंधी निर्णयों में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। विकास ऐसा हो जिसमें विस्थापन और उपेक्षा के बजाय अधिकार,सहमति और गरिमा केंद्र में रहें।बिरसा मुंडा का जीवन हमें सिखाता है कि परिवर्तन की शुरूआत जागरूकता,संगठन और आत्मसम्मान से होती है। उनकी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके आदर्शों को सार्वजनिक जीवन में उतारें,जनजातीय इतिहास को शिक्षा और शोध में उचित स्थान दें तथा वर्तमान पीढ़ियों के अवसरों और अधिकारों की रक्षा करें। भारत की पहचान अनेक भाषाओं,संस्कृतियों और परंपराओं के संगम से बनी है। इस संगम में जनजातीय समाज का योगदान अविभाज्य है। जंगलों से उठी वह स्वाधीनता-हुंकार आज भी हमें न्याय,समानता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का सदैव संदेश देती है। धरती आबा बिरसा मुंडा और समस्त जनजातीय वीरों को शत-शत नमन। जय हिंद!

कुचला हुआ तराजू

रेहड़ी के कोने पर एक फटा हुआ स्कूल बैग टंगा था, जिसमें उसकी नौ साल की बेटी गुड़िया की फीस की रसीद रखी थी। कल स्कूल का आखिरी नोटिस था, फीस न भरी गई तो परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

बुलडोजर से उतरते ही नगर निगम के प्रवर्तन अधिकारी ने लाठी फटकारी, हटाओ यह कूड़ा! जब्त करो इसका सामान!

माधव कांप उठा। उसने दोनों हाथ जोड़ लिए, साहब, बस दो घंटे में हट जाऊंगा... दिन भर कुछ नहीं बिका, अभी तो अलाव जलाया है। बिटिया की फीस के चार सौ रुपये जुटाने हैं बाबूजी!

लेकिन सिस्टम किसी की बेटी की फीस की रसीद नहीं पढ़ता, वह सिर्फ नियम पढ़ता है।

बुलडोजर के लोहे के पंजे ने एक ही झटके में उस लकड़ी की रेहड़ी को हवा में उछाला और कंक्रीट पर पटक दिया।

कड़ाही उलट गई। दहकते हुए लाल अंगारे सड़क के ठंडे पानी में गिरकर छनछना उठे। लोहे का वह पुराना तराजू और उसके बाट बुलडोजर के भारी टायरों के नीचे आकर चपटे हो गए। मूंगफली के दाने कीचड़ में रौंद दिए गए।

यार, तुमने कभी किसी बाप को अपनी ही रोजी-रोटी की राख पर घुटनों के बल बैठते देखा है? इस मुल्क में गरीब का पेट भरना कानून का उल्लंघन है, अगर वह बिना ब्रांडेड शोरूम के हो।

माधव ने रोते हुए अपनी थरथराती उंगली उठाई।

उसकी रेहड़ी के ठीक पीछे, उस सौ करोड़ के शॉपिंग मॉल के आगे दर्जनों लग्जरी ऑडी और मर्सिडीज कारें पूरे फुटपाथ और आधी सड़क को घेरकर खड़ी थीं। उनके कारण पूरी सड़क पर लंबा जाम लगा हुआ था।

माधव की आंखों से आंसू बह निकले, साहब, वो जो पीछे पचास बड़ी गाड़ियां पूरे रास्ते पर कब्जा किए खड़ी हैं, उन्हें आपका बुलडोजर क्यों नहीं छूता? क्या वो अतिक्रमण नहीं है?

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15नवंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:39सूर्यास्त 17:41
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - ? षष्ठी 22:11 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - उत्तराषाढा. 21:01 उपरांत श्रवण
योग - गण्ड 05:46 उपरांत वृद्धि
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुस्सानी 05मास तारिख

मेष- संयम और सूझबूझ से कार्यस्थल पर दिन निपटाएं। व्यापारिक सौदों में लिखा-पढ़ी स्पष्ट रखें।

वृषभ- परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल बेहतर रखें। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा, बजट संभालें।

मिथुन- कार्यस्थल पर आपकी कार्यशैली की सराहना होगी। व्यापार में नए अवसरों से लाभ संभव है।

कर्क- पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण और सुखद रहेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे।

सिंह- वित्तीय स्थिति सुधरेगी। मानसिक रूप से प्रसन्न और शांत रहेंगे। पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाएं।

कन्या- कार्यस्थल पर एकाग्रता से काम निपटाएं। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें।

तुला- अपनों के साथ सौम्यता और धैर्य से बात करें। बहते जल में सरसों का तेल या काले तिल प्रवाहित करें।

वृश्चिक- फिजूलखर्च पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर्याप्त विश्राम करें।

धनु- रचनात्मक कार्यों में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। व्यापार में नया निवेश भविष्य में लाभ देगा।

मकर- संतान पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी, आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ- स्फूर्ति बनी रहेगी, स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शनि देव के सामने चौमुखी दीया जलाएं। सलाह की प्रशंसा होगी।

मीन- व्यापार में लाभ के नए अवसर सामने आएंगे। पारिवारिक माहौल सुखद और आनंददायक रहेगा।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली-5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग-2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना-6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,40,300 रवा- 1,40,000 चांदी-टंच- 1,82,500 पाट- 1,82,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

समसामयिक

सेवानिवृत्ति के बाद



हर उम्र दराज व्यक्ति ये जानता है कि दुनिया को छोड़कर जाना है, फिर भी 80 प्रतिशत संसार में ऐसे लिप्त रहते हैं कि मानो वे अजर-अमर हैं। 40 वर्ष शासकीय नौकरी करने के बाद सेवा निवृत्ति हुई । शासन ने जो कुछ भी दिया उसे स्वयं के नाम व्यस्थित न करते हुए किसी ने मकान खरीद लिया, प्लाट ले लिए, दुकानें खरीद ली। अन्ततः सारे पैसे पंगे लग गए। अब बची है पेंशन, तो उस पर भी घर वालों की नजर है। हम स्वतंत्र रूप से उसे भी खर्च नहीं कर सकते। सेवानिवृत्ति के बाद यात्रा करने का विचार मन में ही रह गया। दान धर्म का विचार भी बस विचार ही रह गया। स्थिति ऐसी हो गई है कि मेरी मर्जी से मैं किसी को चाय-पान भी नहीं करा सकता। हर बात पर घर वाले और रिश्तेदार टोकते हैं। सलाह देते हैं कि तु हें ऐसा करना चाहिए, वैसा करना चाहिए, ये ठीक नहीं किया, वो ठीक नहीं किया। कुल मिलाकर 62 वर्ष के बाद भी हम बेअक्ल ही रहे।

ऊपर लिखी गई बातों के लिए दोषी कौन है? उत्तर के रूप में कहा जाएगा कि हम स्वयं हैं। किसने कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद प्राप्त धन से आप स पत्ति खरीदें। किसने कहा था कि सभी बच्चों के नाम एक-एक मकान, एक-एक दुकान कर दें और खुद खोखाराम बन जाएँ। यह सब आपने अपने परिवार के प्रति अति प्रेम में किया या दिखावे के लिए किया। इसे आपकी मूर्खता ही कहा जा सकता है। जो व्यक्ति जमाने को देखते हुए खुद में परिवर्तन नहीं करता वह आजीवन परिवार, समाज और रिश्तेदारों से बेइज्जत ही होता है। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाला धन आपके शेष जीवन को व्यवस्थित करने के लिए होता है। आप स्वस्थ रहें, तीर्थयात्रा करें, दान पुण्य करें, जो पसन्द हो वह खाएँ, पहनें, मर्जी से आएँ, जाएँ, मिलें-जुलें, नाचें-गायें और शेष जीवन को आन्दमय तरीके से जीएँ। आपने अपनी जमा पूँजी जिन बच्चों के लिए लगा दी, आज वही बच्चे आपसे पूछ रहे हैं कि आपने अपने लिए कुछ बचा कर क्यों नहीं रखा? इसका उत्तर हमारे पास नहीं है। हम कैसे कह दें कि बेटा! हमने तुम्हारे भविष्य के लिए तुमको मकान, दुकान, प्लाट, एफ.डी. आदि दिया। मैंने अपने लिए कुछ नहीं बचाया। यदि ऐसा कह देते हैं तो वही बच्चे कहेंगे कि हमने कब कहा था कि हमारे लिए ऐसा करो। यदि हम यह कहते हैं कि बेटा हमें तुम सब पर पूरा भरोसा है कि बुढ़ापे में तुम मेरी सेवा करोगे, क्योंकि हमने तुम सब को पाल-पोस कर बड़ा किया, पढ़ाया, लिखाया इस काबिल बनाया कि तुम अपने पैरों पर खड़े हो सको। आज तुम सब समर्थ हो तो मेरे लिए क्या इतना भी नहीं करोगे? इस पर बच्चे कहेंगे कि पिताजी! हम अपने बच्चों के भविष्य को देखें या आपके भविष्य को देखें। सेवानिवृत्ति के बाद मिली हुई राशि को आपने अधिक धन के लालच में खर्च कर दिया। आरोप हम पर लगा रहे हो कि हम लोगों की भलाई के लिए किया, अब आप



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय (दैनिक अवन्तिका)

अपने हिसाब से शेष जीवन जीएँ, हमसे जो कुछ हो सकेगा, करेंगे। पर अपने बच्चों के भविष्य को अंधेरे में रखकर आपके बुढ़ापे को ठीक करने के लिए हम कुछ करेंगे, इस भरोसे आप बिल्कुल न रहें। हमें दोष भी दें, क्योंकि आपने दिखावे और लालच में जेब का धन खर्च किया और अपना बुढ़ापा खुद बिगाड़ा। दोषी आप हैं, आप हैं और आप ही हैं।

बिरसा मुंडा का देश व जनजातीय समुदाय को समर्पित व्यक्तित्व

भगवान बिरसा मुंडा की 152 वीं जयंती

भारत अपनी आजादी की छत वर्षगांठ पर अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता में भगवान बिरसा मुंडा का भी एक अहम नाम की अहमियत है। भगवान बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और लोक नायक जिन्हे आदिवासी समाज का 'धरती आबा (पृथ्वी के पिता) के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने 19 वीं सदी के अंत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ मुंडा विरोध का नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य यूरोपीय लोगों को खदेड़ कर एक स्वतंत्र मुंडा राज्य की स्थापना करना था। भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, अधिकार चेतना, और आत्म सम्मान के प्रतीक थे। उन्होने जनजातीय समुदाय को जागृति, संगठन, स्वाभिमान और संघर्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने जीवन भर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया। सभी को भगवान मुंडा के जीवन से समाज को प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। क्योंकि यह दिवस केवल जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के रूप ही नहीं, बल्कि उनकी विरासत का सम्मान और गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को उजागर करने के लिए भी मनाया जा रहा है ।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्त्व में स्वतंत्रता के 75 वर्ष का जश्न मनाते हुए, वर्ष 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया था। तात्कालीन मध्यप्रदेश सरकार ने सबसे पहले उस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। अब यह दिवस पूरे भारत में मनाया जा रहा है। भावी पीढियों को देश के प्रति उनके बलिदानों के बारे जानकारी दी जा रही है। 15 नवंबर, 2026 को 6 वॉ यह दिवस 11 नवम्बर से 18 नवम्बर तक पूरे देश में विभिन्न शासकीय, अशासकीय संगठनो में रांगोली, चित्रकला, शिल्पकला, नाटक मंचन, गायन वादन आदि प्रतियोगिता के साथ चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों के स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके शौर्य, संघर्ष, बलिदान, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास से आम नागरिकों को अवगत कराने के लिए भी मनाया जा रहा है ।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु में हुआ था। वे 19-20 साल की छोटी सी उम्र में, वनवासी-गिरिवासी समाज के 'उलगुलान' नामक आदोलन खड़ा किया। उन्होने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकुमत और जमींदारों के खिलाफ आंदोलन किया। वैसे मध्यप्रदेश के वे जनजातीय नायक, जिन्होंने स्वाधीनता संग्रामों में बढ़ चढ़कर भाग लिया और जिनकी जन्मस्थली/ कर्मस्थली अथवा बलिदानस्थली मध्यप्रदेश रही है---1. बिरसा मुंडा 2, राजा संग्राम शाह 3. रानी दुर्गावती 4. शंकर शाह-रघुनाथ शाह 5. भीमा नायक 6. टंट्या भील 7. खाज्या नायक 8. बादल भोई 9. सेहरा भोई 10. अमरू भोई 11. इमरत भोई 12. लोटिया भोई 13. टापरू भोई 14. झंका भोई 15. परथी भाई 16. शंहीद मुड्डे बाई 17 राजा उम्मेर सिंह गोंड 18. राजा ढिल्लन शाह गोंड 19. देवी सिंह गोंड 20. राजा महिपाल सिंह गोंड 21. राजा गंगाधर गोंड 22. रघुनाथ मंडलोई भिलाला 23. सीतारम कंवर भिलाला 24. सरदार विष्णु सिंह उइके के साथ बिरसा मुंडा को भगवान इसलिए कहा-- वे 'ऐश्वर्य, बल, यश, श्री, ज्ञान' से युक्त थे। उन्होंने अपनी जीवन का हर क्षण मातृभूमि की सेवा में समर्पित किया। उन्होने न केवल जनजातियों समूहों को बेगारी से बचाया, बल्कि परिश्रम अनुसार पारिश्रमिक की व्यवस्था भी की।

धर्म-आस्था

छठ महापर्व 2026 डूबते सूर्य को प्रणाम, उगते सूर्य को प्रणाम

छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, लोकआस्था और प्रकृति उपासना का एक ऐसा अनुपम पर्व है, जिसमें श्रद्धा, तपस्या, अनुशासन, स्वच्छता और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और जीवन के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश भी देता है। भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित यह महापर्व भारतीय लोकसंस्कृति की समृद्ध परंपरा और अटूट विश्वास का प्रतीक है। वर्ष 2026 में छठ महापर्व 13 नवंबर से 16 नवंबर तक मनाया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व की शुरूआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन व्रती स्नान करके घर और आसपास के वातावरण की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हैं तथा सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना का अनुष्ठान किया जाता है। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं और शाम को पूजा के बाद गुड़ की खीर तथा रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत आरंभ होता है, जिसमें व्रती पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना करते हैं।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

छठ महापर्व का तीसरा दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन संध्या अर्घ्य दिया जाता है। श्रद्धालु परिवार के सदस्यों के साथ नदी, तालाब और अन्य जलाशयों के किनारे पहुंचते हैं। बांस के सूप और दउरा में फल, नारियल, गन्ना, ठेकुआ तथा अन्य पारंपरिक प्रसाद सजाए जाते हैं। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जाती है। घाटों पर जलते दीपक, गूंजते छठ गीत और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ इस पर्व की आध्यात्मिक सुंदरता को और अधिक मनमोहक बना देती है। चौथे और अंतिम दिन प्रातःकाल उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके साथ ही व्रत का पारण होता है और चार दिवसीय महापर्व संपन्न हो जाता है।

छठ पूजा की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि इसमें डूबते और उगते दोनों सूर्य की उपासना की जाती है। यह परंपरा हमें जीवन का एक गहरा संदेश देती है कि हमें केवल सफलता और उपलब्धियों का ही सम्मान नहीं करना चाहिए, बल्कि संघर्ष, अनुभव और जीवन के प्रत्येक पड़ाव को भी समान महत्व देना चाहिए। डूबते सूर्य को अर्घ्य देना इस बात का प्रतीक है कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का अपना महत्व होता है। वहीं उगते सूर्य की आराधना नई ऊर्जा, नई आशा और सकारात्मक शुरूआत का संदेश देती है। वास्तव में, यह पर्व हमें सिखाता है कि विनम्रता और कृतज्ञता ही जीवन की सच्ची सुंदरता हैं।

छठ महापर्व का प्रकृति संरक्षण से भी गहरा संबंध है। इस पर्व में सूर्य, जल, वायु, पृथ्वी और वनस्पतियों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। पूजा में बांस के सूप, मिट्टी के दीपक, मौसमी फल और प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग हमें पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। नदी और तालाबों के किनारे पूजा करने की परंपरा जलस्रोतों के महत्व को रेखांकित करती है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, जल प्रदूषण और पर्यावरण संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, तब छठ महापर्व का प्रकृति-सम्मत संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकृति केवल हमारे उपयोग की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार है। इसलिए इसकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

छठ महापर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी अनुपम उदाहरण है। इस अवसर पर जाति, वर्ग, भाषा और आर्थिक स्थिति के भेदभाव पीछे छूट जाते हैं। समाज के सभी लोग मिलकर घाटों की सफाई करते हैं, रास्तों को सजाते हैं और व्रतियों की सहायता करते हैं। छठ के पारंपरिक लोकगीत इस पर्व की आत्मा हैं। इन गीतों में मां की ममता, परिवार के प्रति प्रेम, संतान की खुशहाली और सूर्यदेव के प्रति अटूट श्रद्धा की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश से विशेष रूप से जुड़ा यह पर्व आज देश के अनेक राज्यों और विदेशों में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित अनेक क्षेत्रों में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।



बाइक और कार की भिड़ंत में दो युवक घायल

शाजापुर। बाइक और कार की भिडंत में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे-52 पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सुनेरा थाना क्षेत्र में बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अशोकनगर निवासी सौरभ 25 वर्ष और विशाल 22 वर्ष घायल हो गए। दोनों युवक इंदौर में काम करने जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 के आरक्षक बृज यादव और पायलट सुरेश बरेठा मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने घायलों का उपचार शुरू किया।

जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

शाजापुर। जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले के ग्राम देंदला निवासी रामचरण 26 वर्ष गुरूवार को अपने खेत पर गया हुआ था, तभी उसने किसी कारण से जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को सारंगपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाजापुर में भी हालत में सुधार नहीं होने पर उसे इंदौर रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे इलाज के लिए शाजापुर के निजी अस्पताल ले गए जहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

बाइक सवार परिवार को ट्रक ने टक्कर मारी:महिला की मौत, बेटी और पति घायल

देवास। देवास में मक्सी बायपास के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला ज्योति वर्मा (35) की मौत हो गई। बाइक पर उनके पति अखिलेश वर्मा (40) और 14 साल की बेटी नंदिनी भी थीं। हादसे में दोनों घायल हो गए। परिवार बेटी के लिए स्वेटर खरीदने देवास के बाजार जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, अखिलेश वर्मा छोटा मालसापुरा से पत्नी ज्योति और बेटी नंदिनी के साथ बाइक से निकले थे। मक्सी बायपास पर ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर बीएनपी थाने की 112 गाड़ी घायलों को जिला अस्पताल ले गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद ज्योति को मृत घोषित कर दिया। अखिलेश के पैर और नंदिनी के हाथ में चोट आई है।

कलेक्टर से गुहार

दृष्टिबाधित और मूक-बधिर बुजुर्ग से जमीन में धोखाधड़ी, 29 साल बाद बेदखल करने की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले में जमीन के नाम पर एक लाचार और दिव्यांग बुजुर्ग के साथ सालों पहले हुई धोखाधड़ी और अब दबंगई का मामला सामने आया है। ग्राम अली सरखेड़ में आरोपियों ने एक दृष्टिबाधित बुजुर्ग को कागजों पर कोई और जमीन बेची, जबकि हकीकत में कब्जा किसी अन्य सरकारी जमीन पर दे दिया। अब 29 साल बाद जब पीड़ित परिवार वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बना रहा है, तो आरोपी उन्हें डरा-धमका कर प्लॉट से बेदखल करने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को पीड़ित के बेटे ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम अली सरखेड़ निवासी शिकायतकर्ता जमील खान ने बताया कि उनके पिता फखरुद्दीन खान दोनों आंखों से देख नहीं सकते, बोलने में असमर्थ हैं और उन्हें लकवे की भी शिकायत है। जमील का आरोप है कि उनके पिता की इसी लाचारी का फायदा उठाया गया। साल 1998 में उनके पिता ने इब्राहिम खान से 2,400 रुपए में एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी बाकायदा लिखा-पढ़ी भी कराई गई थी।

पीड़ित परिवार का कहना है कि वे पिछले करीब 29 सालों से उसी प्लॉट पर काबिज हैं और वहां उनका पुराना मकान बना हुआ था। हाल ही में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश के बाद परिवार ने वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का निर्माण शुरू किया। आरोप है कि मकान बनता देख इब्राहिम और शहजाद अब जमीन वापस मांग रहे हैं और बलपूर्वक प्लॉट छीनने के लिए परिवार को डरा-धमका रहे हैं।

कागजों में सर्वे नंबर 88, मौके पर थमाया 92

मामले में सबसे बड़ा फजीर्वाड़ा जमीन के सर्वे नंबर को लेकर किया गया है। जमील का आरोप है कि इब्राहिम खान पिता सिकंदर खान और शहजाद खान पिता इब्राहिम खान ने कागजों में सर्वे नंबर 88 की जमीन की लिखा-पढ़ी की थी, लेकिन बाद में धोखे में रखकर उन्हें सर्वे नंबर 92 की जमीन पर कब्जा थमा दिया। जमील का दावा है कि यह सर्वे नंबर 92 की जमीन पूरी तरह से सरकारी है और आरोपियों के नाम पर दर्ज ही नहीं है।

900 किलो लाहन और 38 केन बीयर जब्त

आबकारी पुलिस ने 6 प्रकरण किए दर्ज 1.40 लाख रुपए से अधिक की सामग्री की जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



शाजापुर के अलग-अलग जिलों में अवैध और जहरीली शराब के मामले सामने आने के बाद पुलिस और आबकारी विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके बावजूद शाजापुर जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। गुलाना तहसील के पंपापुर माधेपुर, कंजर डेरे और किठौर सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बार-बार दबिश के बावजूद इस कारोबार से जुड़े मुख्य लोगों तक कार्रवाई क्यों नहीं पहुंच पा रही है।

इसी बीच आबकारी विभाग ने अकोदिया क्षेत्र के मखावत दर पर पुलिस बल के साथ संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान 900 किलोग्राम लाहन और 38 केन बीयर (विदेशी मदिरा) जब्त की गई। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 1 लाख 40 हजार 320 रुपए बताया गया है। कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 6 न्यायालयीन प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं।

कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े और पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी आरसी बारोड के निर्देशन में आबकारी दल ने अकोदिया थाना पुलिस के साथ दबिश दी।

कम कीमत पर शराब मिलने का सवाल

क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को लेकर एक और सवाल उठ रहा है। अधिकृत मदिरा दुकानों पर निर्धारित दरों पर शराब मिलती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कम कीमत पर अलग-अलग ब्रांड की शराब उपलब्ध होने की शिकायतें हैं। ऐसे में सवाल है कि यह शराब कहां से आ रही है और इसकी आपूर्ति कौन कर रहा है। यदि अवैध कारोबार चल रहा है तो उसके मुख्य संचालकों और सप्लाई नेटवर्क तक कार्रवाई क्यों नहीं पहुंच रही है।



11 से 18 नवंबर तक मनेगा जनजातीय गौरव सप्ताह

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस को इस बार व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में गौरव सप्ताह के आयोजन होंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश मंत्री एवं शुजालपुर नगरपालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने शुक्रवार को आगर रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी।

उन्होंने कहा कि जनजातीय वीरों ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया, लेकिन कांग्रेस ने उनके योगदान को उचित सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरूआत हुई। परमार ने बताया कि 15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सहित केंद्र और राज्य के मंत्री शामिल होंगे। प्रत्येक जिले में 2 से 3 किलोमीटर लंबी सांस्कृतिक रैली निकाली जाएगी। शहरों के प्रमुख भवनों, चौराहों और सड़कों का नामकरण जनजातीय नायकों के नाम पर करने के साथ प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। 16-17 को छात्रावासों में संवाद व 18 से 20 नवंबर तक जनजाति गौरव चौपाल आयोजित होंगी।

शादी से 2 महीने पहले युवक ने फांसी लगाई, जाँच में जुटी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

न्यू देवास में शुक्रवार देर रात 22 वर्षीय देवराज गवाटिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह उसका शव घर के पोर्च में झूला टांगने के लिए लगे एंगल से रस्सी के सहारे लटका मिला।

सुबह छोटे भाई धर्मराज की नींद खुली तो उसने बड़े भाई को फंदे पर लटका देखा। उसने परिजनों को जगाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के मुताबिक, देवराज की दो साल पहले सगाई हुई थी। दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। हालांकि, उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

रात 12 बजे ड्यूटी खत्म कर घर लौटा था

देवराज परिवार के साथ न्यू देवास में रहता था और एक निजी कंपनी में काम करता था। वह रोज रात करीब 12 बजे काम खत्म कर घर लौटता था। शुक्रवार रात भी वह परिजनों के सोने के बाद करीब 12 बजे घर पहुंचा था। धर्मराज ने बताया कि देवराज कंपनी में ही खाना खाता था। कंपनी के लोगों ने बताया कि उसने उनके साथ भोजन किया था, लेकिन ठीक से खाना नहीं खाया। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह घर चला गया था।

पोलायकलां में 600 हेक्टेयर में औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना

80 करोड़ रुपये का निवेश करेगी एक्सल्स इंडिया, आगामी जून से उत्पादन प्रस्तावित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने और निवेश के नए अवसर विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल हुई है। दक्षिण भारत की एक्सल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी शाजापुर में करीब 80 करोड़ रुपये का निवेश कर अपनी औद्योगिक इकाई स्थापित करने जा रही है। कंपनी ने शाजापुर औद्योगिक पार्क में आवंटित भूखंड पर भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इकाई में आगामी जून से उत्पादन शुरू करना प्रस्तावित है। यहां आयशर के लिए व्यावसायिक एवं अन्य वाहनों से संबंधित कलपुर्जों का निर्माण किया जाएगा। एक्सल्स इंडिया की इकाई के भूमिपूजन कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं वीई कमर्शियल व्हीकल्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. माधवन के साथ बद्री सिन्हा, पुनीत कुमार और ज्ञानेंद्र दास मौजूद रहे। कंपनी द्वारा करीब 80 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाने वाली इस इकाई से जिले में विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद अब कंपनी का लक्ष्य निर्धारित समय पर इकाई तैयार कर उत्पादन शुरू करना है।

आने वाले समय में आवंटित भूखंडों पर अन्य इकाइयों की स्थापना से भी औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इन इकाइयों के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित होने के साथ परिवहन, गोदाम, मशीनों के रखरखाव, पैकेजिंग और अन्य सहायक कारोबारों को भी बढ़ावा मिल सकता है। इससे जिले की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

शाजापुर जिले में औद्योगिक निवेश का दायरा बढ़ाने के लिए पोलायकलां में लगभग 600 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार की योजना में शामिल कराने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

36 कंपनियों को आवंटित हो चुके हैं औद्योगिक भूखंड

शाजापुर औद्योगिक पार्क में निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ रही है। अब तक यहां 36 कंपनियों को औद्योगिक भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में एक्सल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भी भूखंड आवंटित किया गया है। कंपनी की ओर से निर्माण कार्य शुरू किया जाना औद्योगिक पार्क में धरातल पर उतरते निवेश का संकेत है।

मनोहरलाल और इंदरमल लाडवा राठौर परिवार ने लिया पूजन और प्रभावना वितरण लाभ



अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा के इमली गली स्थित जैन उपाश्रय में श्री पद्मावती महापूजन का आयोजन किया गया। परम पूज्य मधुरभाषिणी प.पू. सौम्या वंदना श्रीजी म.सा. की प्रेरणा और निश्रा में हुए पूजन में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

विधिकारक पंकज भाई झारड़ा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। नवीन भाई और चेतन भाई रिंगनोद ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ पूजन में भाग लिया।

राठौर परिवार ने लिया का लाभ

श्री पद्मावती महापूजन का लाभ मनोहरलाल और इंदरमल लाडवा राठौर परिवार ने लिया। पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रभावना वितरित की गई। इसका लाभ भी इसी परिवार ने लिया। इस दौरान जैन उपाश्रय में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे आयोजन में भक्ति का माहौल रहा।



एक्सीलेंस कॉलेज के छह रासेयो स्वयंसेवकों विवि स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

शाजापुर। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा 13 से 19 नवंबर 2026 तक ग्राम मानपुरा, जिला उज्जैन स्थित श्री राज राजेंद्र जयंतसेन सूरी शिक्षा महाविद्यालय देवास रोड पर रासेयो विश्वविद्यालय स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर की एनएसएस इकाई के छह स्वयंसेवक सुरेश कुमार चौरडिया, सोहेल शाह, नीलम कुशवाह, अंजली राठौर, ज्योति राजावत एवं लक्ष्मी केवट का चयन हुआ है। शिविर में उज्जैन संभाग के स्वयंसेवक नशा एवं टीबी मुक्त युवा तथा सिंहस्थ-2028 से संबंधित सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने शुक्रवार को स्वयंसेवकों को सम्मानित कर रवाना किया।

बीकेएसएन में मतदान जागरूकता पर निबंध व क्विज प्रतियोगिता संपन्न



शाजापुर। स्थानीय पीएम एक्सीलेंस पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन बीकेएसएन महाविद्यालय में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा चुनाव पाठशाला के तहत निबंध और बहुविकल्पीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और भावी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करना था। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता का विषय मतदान का महत्व रखा गया, जबकि क्विज प्रतियोगिता का विषय मतदाता सूची की तैयारी था। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सूची तैयार होने की प्रक्रिया और मतदान की अहमियत की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर चुनाव पाठशाला के संयोजक प्रो. अभिषेक पाटीदार, डॉ. सविता यादव, डॉ. शिवराज सिंह राठौड़, प्रो. प्रतिका परमार और प्रो. आशीष उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मुहूर्त के सौदों में कारोबार लहसुन 50 हजार तो प्याज 12600 रुपए प्रति क्विंटल बिका



शुजालपुर। दीपोत्सव अवकाश के बाद शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति द्वारा संचालित शुजालपुर सिटी स्थित थोक लहसुन-प्याज मंडी में मुहूर्त के सौदों के साथ कारोबार की शुरूआत हुई। मुहूर्त के सौदों में दरबार ट्रेडर्स ने रायकनपुरा के किसान महेश का लहसुन 50 हजार रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा। वहीं सिद्धिविनायक ट्रेडर्स ने रायपुर के किसान राजकुमार का प्याज 12 हजार 600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा। मुहूर्त के सौदों के साथ ही मंडी में नियमित नीलामी और व्यापार भी शुरू हो गया। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मंडी पहुंचे। उन्होंने नीलामी प्रक्रिया में सहभागिता की और किसानों, व्यापारियों तथा मंडी से जुड़े लोगों से चर्चा की। मंत्री ने कहा कि किसानों की मेहनत को उचित मूल्य मिले और उनकी उपज का सम्मान हो, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है और किसान समृद्धि का वास्तविक निमार्ता है। किसानों को उपज विक्रय के लिए पारदर्शी व्यवस्था और मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण और उनके हितों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान क्रमांक 2, ज्योती नगर, नगर निगम कॉलोनी, उज्जैन कुल क्षेत्रफल 207.00 वर्गमीटर को सूर्य प्रकाश सक्सेना द्वारा 33 वर्ष की अवधि (दिनांक 09/12/1987 से 08/12/2020 तक) के लिए नगर पालिक निगम उज्जैन से लीज पर प्राप्त किया गया था। श्री सूर्य प्रकाश सक्सेना का स्वर्गवास दिनांक 01/10/2012 को हो गया है, उनकी पत्नि श्रीमती रत्नेश का स्वर्गवास दिनांक 26/08/2010 को हो गया है। उनके स्वर्गवास के पश्चात उनके 1) पुत्र राजीव सक्सेना, 2) पुत्रवधु श्रीमती मंजू सक्सेना, 3) पुत्री श्रीमती दिपीका श्रीवास्तव, 4) पुत्र विवेक सक्सेना अपने आपको स्वर्गीय श्री सूर्यप्रकाशजी सक्सेना का एक मात्र उत्तराधिकारी होना बताते है तथा उपरोक्त उत्तराधिकारीयों के द्वारा उक्त भूखण्ड का लीज रिनिवल दिनांक 24/08/2021 को कराया गया है तथा फ्रीहोल्ड राईट्स की रजिस्ट्री दिनांक 25/05/2026 को कराली गई है।

उपरोक्त उत्तराधिकारीयों द्वारा उक्त भुखण्ड को विक्रय के लिए विजय पाटीदार व स्नेहलता पाटीदार को अनुबंधित कर दिया गया है। स्वर्गीय राम प्रकाश जी सक्सेना के उक्त उत्तराधिकारीयों के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखते हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 2, ज्योती नगर, नगर निगम कॉलोनी, उज्जैन कुल क्षेत्रफल 207.00 वर्गमीटर को बंधक कर क्रेता विजय पाटीदार, श्रीमती स्नेहलता पाटीदार को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक- 14/11/2026 ई., स्थान - उज्जैन

(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक
1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
फोन - 2554829, 94253-80339

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता जमीलउद्दीन पिता सरफूउद्दीन जाति मुसलमान निवासी बडनगर कृषक ग्राम बरगाडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे विक्रेता के स्वामित्व एंव आधिपत्य भूमि सर्वे नं 161/1/1/1/2 रकबा 0.0418 हे. मे से विक्रेता का भाग 483/4400 कुल किता 01 कुल रकबा 0.0483 हे भूमि ग्राम बरगाडी (राष्ट्रीय राज्य मार्ग) तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है उक्त भूमि को क्रय करने का सोदा मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से तय कर बयाना राशी विक्रेता पक्ष को अदा कर दि है व अपने पक्ष मे एक अनुबध पत्र निष्पादित करवा लिया गया है। तथा उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक का कोई ऋण भार बोझ हक कर्जा या लेन देन किसी प्रकार का स्वत्व संबधी या न्यायालय मे किसी प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा किसी अन्य व्यक्ति का किसी प्रकार से कोई भी हित, स्वत्व, एवं अधिकार होतो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर लिखीत प्रमाण दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके मियाद गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार कि कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा व मेरे पक्षकार के मुकाबले आपत्ति अवेध तथा शुन्यवत मानी जावेगी। दिनांक 13/11/2026

प्रेमसिहं चौहान सर्विस प्रोवाइडर
कार्यालय - कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.
मो.-8959193444, 9826696275, 9826898795

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने गणपतसिंह पिता रायसिंह जी जाति राजपुत निवासी ग्राम महु तहसील नागदा जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भुमि सर्वे नम्बर 554/3 रकबा 0.25 हेक्टर भुमि को क्रय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी हे।

यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की हुई हो, अथवा उक्त भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस में मिले व आपत्ति पेश करे ।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता है कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धन कारक नही रहेगी दिनांक 14/11/2026

जाकिर हुसैन एडव्होकेट
पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चौक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन मो. 98278-47404 एंव 99260-66398

पंजाब-तीर्थ यात्रा स्कीम की 2 बसें आपस में टकराई

तरनतारन। पंजाब के तरनतारन में शनिवार को नेशनल हाईवे-54 पर तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दोनों बसें तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत यात्रियों को लेकर जा रही थीं। इनमें करीब 80 लोग सवार थे।एक बस के श्रद्धालु अमृतसर के गोल्डन टेंपल में माथा टेककर लौट रहे थे। जबकी दूसरी बस हरिके से अमृतसर जा रही थी। इसी दौरान नौशहरा पन्नूआं के पास मोटरसाइकिल सवारों को बचाने की कोशिश में एक बस का संतुलन बिगड़ गया।बस डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ पहुंच गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार, शाम करीब 4 बजे एक बस के सामने अचानक मोटरसाइकिल सवार आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में ड्राइवर बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस डिवाइडर पार करते हुए दूसरी तरफ चली गई, जहां सामने से आ रही दूसरी बस से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत आएंगे पाकिस्तान मंत्री

नई दिल्ली। पाकिस्तान के जलवायु मंत्री मुसादिक मसूद मलिक अगले सप्ताह भारत आएंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक मलिक 20 से 22 नवंबर तक नई दिल्ली में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। भारत ने पाकिस्तान को स्ष्टह का सदस्य होने के नाते कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया था। इसके लिए पिछले महीने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को आमंत्रित किया गया था।ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार होगा जब पाकिस्तानी मंत्री भारत आएंगे। इससे पहले मई 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की बैठक में शामिल होने गोवा आए थे।

जयशंकर- गलवान विवाद के बाद बॉर्डर पर सैन्य तैनाती बढ़ी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को हिंदुस्तान टाइम्स से जुड़े कार्यक्रम में कहा कि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों के बाद भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपनी सैन्य ताकत बढ़ाई है। वहां लंबे समय तक बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात रखना जरूरी हो गया है। जयशंकर ने कहा कि सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर को पहले नजरअंदाज किया गया था। लेकिन पिछले 10 साल में सीमा पर सड़कें, पुल, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने का काम तेजी से हुआ है। 15 जून 2020 को चीन ने पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में सैन्य अभ्यास के नाम पर बड़ी संख्या में सैनिक जुटाने शुरू कर दिए थे। इसके बाद सीमा पर कई जगह तनाव बढ़ा और घुसपैठ की घटनाएं सामने आई। जवाब में भारत ने भी इन इलाकों में चीन के बराबर सैनिक तैनात कर दिए। दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी तक हुई। इसी दौरान गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई।

ट्रम्प-पुतिन-जिनपिंग की पहली बार एकसाथ मीटिंग

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले हफ्ते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक ही बैठक में शामिल होंगे। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह बैठक चीन के शेनझेन में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होगी। बैठक में सबसे अहम मुद्दा परमाणु हथियारों की संख्या कम करना होगा। इसके अलावा ईरान पर भी चर्चा होगी।बीते 80 साल में यह पहली बार होगा जब टॉप-3 देशों नेता एक साथ त्रिपक्षीय बैठक करेंगे। इससे पहले फरवरी 1945 में अमेरिका, सोवियत संघ (रूस) और ब्रिटेन के नेता क्रीमिया के याल्टा में मिले थे।

गुना में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

गुना। जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 14 नवंबर की अलसुबह आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम मुहालपुर में दबिश देकर 80 लीटर हाथ भट्टी की अवैध शराब जब्त की है। तीन बोरियों में 200 पन्नी पाउच में भरकर रखी गई इस शराब की अनुमानित कीमत 24 हजार रुपये बताई गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं आबकारी उपायुक्त संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन को मुखबिर से ग्राम मुहालपुर में अवैध शराब रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने जंडेल पुत्र भगवान सिंह यादव (32 वर्ष), निवासी मुहालपुर के रिहायशी मकान पर भोर में दबिश दी। तलाशी के दौरान तीन बोरियों में रखे 200 पन्नी पाउच बरामद हुए, जिनमें करीब 80 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भरी हुई थी। बताया गया कि आरोपी के विरुद्ध लगातार अवैध मदिरा विक्रय की शिकायतें मिल रही थीं। जब्त शराब मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत होने पर उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लेकर एफएसएल ग्वालियर भेजे गए हैं। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(ए), 34(2) एवं 49(ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत कुशवाह, आरक्षक गोविंद मीणा, कमल बरोड़िया, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी तथा होमगार्ड आरक्षक सतीश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य कश्यप को स्वर्णिम वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

जनसेवा, सामाजिक समर्पण और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला वैश्विक सम्मान

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं रतलाम शहर के लोकप्रिय विधायक चेतन्य कुमार कश्यप को जनसेवा, सामाजिक समर्पण, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'स्वर्णिम वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 'द आइकॉन ऑफ सोशल ट्रांसफॉर्मेशन, सेल्फलेस पब्लिक सर्विस एंड नेशन बिल्डिंग' की उपाधि के साथ प्रदान किया गया। स्वर्णिम फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र कुमार जैन ने श्री कश्यप को सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किया।

चेतन्य कश्यप भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने वर्ष 2013, 2018 और 2023 में लगातार तीन बार रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र से विजय प्राप्त की। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्हें 1,09,656 मत प्राप्त हुए और उन्होंने 60,708 मतों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 25 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में उन्हें कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया। वर्तमान में वे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। श्री कश्यप की सार्वजनिक जीवन की सबसे उल्लेखनीय विशेषताओं में से एक यह है कि उन्होंने अपने तीनों विधायक कार्यकालों के दौरान मिलने वाले वेतन, भत्तों और पेंशन का व्यक्तिगत लाभ नहीं लेने तथा इन संसाधनों को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया है। उनका यह कदम सार्वजनिक जीवन में सेवा और त्याग की भावना को प्रदर्शित करता है।

जरूरतमंदों को मिली नई उम्मीद- रतलाम में उनके प्रयासों से 'अहिंसा ग्राम' जैसी महत्वपूर्ण आवासीय पहल स्थापित हुई, जिसके माध्यम से झुग्गी बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को बेहतर आवास उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त कुपोषण उन्मूलन के लिए पौष्टिक आहार वितरण, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा को प्रोत्साहन तथा 'चेतना खेल मेला' के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना उनके सामाजिक सरोकारों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



उद्योग एवं रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में पहल मंत्री के रूप में श्री कश्यप प्रदेश में लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास, उद्यमिता, स्टार्टअप और औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्यरत हैं।

रतलाम की भौगोलिक स्थिति और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी का लाभ लेकर क्षेत्र में औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स विकास की संभावनाओं को भी आगे बढ़ाने पर उनका विशेष जोर है।

सफल उद्योगपति से जनसेवक तक का सफर- राजनीति में सक्रिय होने से पहले चेतन्य कश्यप ने उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। कश्यप एंड संस, कश्यप स्वीटनर्स लिमिटेड तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में उनका योगदान रहा है। सामाजिक, शैक्षणिक और औद्योगिक गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के विकास में भूमिका निभाई है।

सम्मान के पीछे जनसेवा की प्रेरणा- स्वर्णिम फाउंडेशन के संस्थापक श्री वीरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि श्री चेतन्य कश्यप का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण है। राजनीति में रहते हुए व्यक्तिगत सुविधाओं से ऊपर उठकर जनकल्याण को प्राथमिकता देना, जरूरतमंदों के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में कार्य करना उनकी विशिष्ट पहचान है।उन्होंने कहा कि स्वर्णिम वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का उद्देश्य ऐसे व्यक्तित्वों और उनके प्रेरणादायी कार्यों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है, जिनका योगदान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला हो। श्री चेतन्य कश्यप को प्रदान किया गया यह सम्मान केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, सामाजिक समर्पण और आदर्श जनप्रतिनिधित्व की भावना का सम्मान है।

मनाई गई पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137 वीं जयंती

दैनिक अवन्तिका » गुना

देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती हनुमान चौराहा स्थित नेहरू पार्क में जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित कैलाश नारायण भार्गव ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिशंकर विजयवर्गीय, कैलाश नारायण भार्गव एवं रजनीश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया और स्वतंत्रता के बाद अपनी पूरी क्षमता एवं संसाधन राष्ट्र निर्माण में समर्पित कर दिए। उन्होंने देश को विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े अस्पतालों, आईआईटी, आईआईएम और पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से विकास की मजबूत नींव रखी। देश में बड़े बांधों और औद्योगिक संस्थानों की स्थापना के जरिए भारत की तरक्की का मार्ग प्रशस्त किया। वक्ताओं ने कहा कि आजादी के बाद देश के नवनिर्माण में नेहरूजी का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता को याद करना हम सभी के लिए गौरव की बात है। आज उनके विचारों और आदर्शों की प्रासंगिकता केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में महसूस की जा रही है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने उन्हें सच्चे हृदय से श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुमार तिवारी ने किया, जबकि आभार वार्ड क्रमांक 2 के अध्यक्ष हलीम गाजी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश यादव, सत्यप्रकाश शर्मा गुरुजी, अनुसूचित जनजाति कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार, पंकज कनेरिया, मंडल अध्यक्ष राजू जाटव, चंदन सिंह कंसोटिया, फूल सिंह मोहरी, हेमंत जाटव, रविंद्र सिंह रघुवंशी, प्रशांत शर्मा, सेवादल अध्यक्ष राजू कोरी, रवि राजपूत, दिनेश कुमार शिवहरे, आईटी सेल के प्रदेश महासचिव डॉ. इंद्रजीत सिंह राजपूत, कन्हैयाराम अहिरवार, संजय जाटव एडवोकेट, संतोष मंडल, दक्ष मालवीय, नरेंद्र सिंह कुशवाह, गोलू कुशवाह, सिंह दिवाकर, डॉ. राजेंद्र सिंह गुरुजी, बृजेश भार्गव,



मुकेश सेन एवं कमलेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने चाचा नेहरू अमर रहें, पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहें और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ ही संविधान की रक्षा करने तथा देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की शपथ ली। अंत में जिला कांग्रेस की ओर से सभी उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती की शुभकामनाएं दी गई।

बाल मेले का हुआ आयोजन

गुना। बाल दिवस के अवसर पर शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के चटपटे एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना ने फीता काटकर बाल मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

हरदीप पुरी ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश से अपनी राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कुछ दिन पहले ही वे मध्य प्रदेश से उच्च सदन के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

राज्यसभा के बुलेटिन के अनुसार, सभापति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है, जो 14 नवंबर 2026 से प्रभावी होगा। मध्य प्रदेश की जिस सीट से पुरी निर्विरोध चुने गए, वह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी। यानी पुरी अब उत्तर प्रदेश के बजाय मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **क्र.सं.: 1. ऑक्शन केटलॉग सं.: ADVT-RTM-OOH-37. अनुबंध प्रकार:** Advertising. **लॉट नं.:** ADVT-RTM-INDB-OH-177-26-1 (Advertising - Out of Home). **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि:** 27.11.2026. **समय:** 12:00 बजे। **क्र.सं.: 2. ऑक्शन केटलॉग सं.: ADVT-RTM-OOH-38. अनुबंध प्रकार: Advertising. लॉट नं.:** ADVT-RTM-RTM-OH-176-26-1 (Advertising - Out of Home). **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि:** 28.11.2026. **समय:** 12:00 बजे। **क्र.सं.: 3. ऑक्शन केटलॉग सं.: ADVT-RTM-OOH-39. अनुबंध प्रकार:** Advertising. **लॉट नं.:** ADVT-RTM-RTM-OH-178-26-1 (Advertising - Out of Home). **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि:** 30.11.2026. **समय:** 12:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।
SPAN/4/1/331
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

वन विभाग के एसडीओ के ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा

नर्मदापुरम। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पदस्थ एसडीओ संजीव शर्मा के शासकीय आवास और छिंदवाड़ा स्थित निजी निवास पर शनिवार सुबह लोकायुक्त की टीमों ने छापा मारा। प्रारंभिक जांच और तलाशी अभियान में अब तक लगभग 7 करोड़ 60 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति का पता चला है, जो उनकी ज्ञात वैध आय से लगभग 560 प्रतिशत अधिक है।

उसके पास से तीन करोड़ का सोना और 26 लाख रुपये नकद तथा डेढ़ किलो से ज्यादा चांदी मिली है। लोकायुक्त को शिकायत मिली थी कि संजीव शर्मा ने अपनी सेवा अवधि के दौरान भ्रष्टाचार कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। नर्मदापुरम की विशेष अदालत से जारी सर्च वारंट पर जांच की गई। जांच में पचमढ़ी स्थित संजीव शर्मा के सरकारी आवास से मटकुली के इकोटेल होटल एंड रिसार्ट के दस्तावेज मिले हैं। इसे 2016-17 में खरीदा गया था। इसकी अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। पचमढ़ी के सेरेनिटी द विला होटल के दस्तावेज भी मिले हैं। इसे 2014 में खरीदा गया था। इसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये हैं। जमीन खरीदने से जुड़े 28 दस्तावेज भी मिले हैं। घर से कार, बाइक और ई बाइक भी मिली, जिनके नंबर एक समान 3773 हैं।

देश में स्वच्छता का नया सम्राट बना नवी मुंबई, पाया नंबर-1 स्थान

मुंबई। देश की स्वच्छता रैंकिंग में इस बार बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। लगातार आठ सालों से टॉप पर काबिज इंदौर की बादशाहत को पीछे छोड़ते हुए अब नवी मुंबई भारत का सबसे स्वच्छ शहर बन गया है। 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' के जारी नतीजों में गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे पायदान पर रहा है।

विभिन्न श्रेणियों में भी कई शहरों ने अपनी चमक बिखेरी है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में ग्रेटर विशाखापत्तनम और 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की सूची में उज्जैन टॉप पर रहे। वहीं, नदी किनारे बसे शहरों में मध्य प्रदेश के रीवा ने बाजी मारी, जबकि पहाड़ी शहरों में रुद्रपुर सबसे स्वच्छ घोषित किया गया।

इस बार इंदौर को एक अलग और खास श्रेणी में जगह दी गई है। केंद्र सरकार की नई पहल स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत, इंदौर ने अपने सहयोगी शहर देपालपुर के साथ मिलकर मेंटर सिटी कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस विशेष श्रेणी में अहमदाबाद और साणंद की जोड़ी पहले नंबर पर रही, जबकि तिरुपति और कुप्पम ने तीसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक भव्य समारोह में इन सभी विजेताओं को सम्मानित किया। इस पूरे सर्वेक्षण में देश भर के 4,700 से ज्यादा शहरी निकाय शामिल हुए थे। रिवरफ्रंट शहर मध्य प्रदेश का रीवा पहले स्थान पर रहा, जिसके बाद छत्तीसगढ़ का बिलासपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश का वाराणसी तीसरे नंबर पर रहा।तटीय शहर- केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, ओडिशा का पुरी सबसे स्वच्छ तटीय शहर बना। केरल का अलाप्पुझा दूसरे और महाराष्ट्र का रत्नागिरी तीसरे स्थान पर रहा। हिमालयी शहर- रुद्रपुर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जम्मू दूसरे और शोपियां तीसरे पायदान पर रहे। इस वर्ष के अभियान की थीम स्वच्छता की नई पहल - बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ रखी गई थी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सेवाराम पिता रणछोड़ जाति चमार अजा वर्ग निवासी शंकरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन का होकर अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की निजी खाते की कृषि भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 717 रकबा 0.40 हेक्टेयर भूमि एवं सर्वे क्रमांक 718/1/1/1/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि स्थित कृषक ग्राम-पिपलियाहामा प.ह.न.तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भूमि का विक्रय टोकन बयाना अनुबंधपत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोजा या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर - मयप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो-

इति दिनांक -14-11-2026

ज्योतिष शर्मा (सर्विस प्रोवाइडर)
ऑफिस पता-उन्हेल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन
मो. 96300-65216

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने माल ढुलाई में बनाया नया रिकॉर्ड, अक्टूबर में 27.7 प्रतिशत की शानदार वृद्धि

खाद्यान्न, कोयला और सीमेंट की लोडिंग में भारी उछाल; क्षेत्रीय व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को मिला बढ़ावा

गुवाहाटी (मालीगांव)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने माल ढुलाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अक्टूबर 2026 में 27.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि के दौरान रेलवे ने कुल 1.064 मिलियन टन (एमटी) माल की लोडिंग की, जो पिछले साल अक्टूबर में 0.833 मिलियन टन थी।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर 2026 तक संचयी माल ढुलाई 7.290 मिलियन टन तक पहुंच गई है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के 6.390 मिलियन टन की तुलना में 14.1 प्रतिशत अधिक है। खाद्यान्न-350 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि (0.054 एमटी)। विविध वस्तुएं (फल, सब्जियां, लकड़ी) 221.1



प्रतिशत की वृद्धि (0.061 एमटी)। कोयला-160 प्रतिशत की वृद्धि (0.013 एमटी)।

उर्वरक-120 प्रतिशत की वृद्धि। डोलोमाइट- 61.3 प्रतिशत की वृद्धि (0.258 एमटी)। सीमेंट- 40 प्रतिशत की वृद्धि।

अप्रैल-अक्टूबर 2026 के संचयी प्रदर्शन में भी सीमेंट लोडिंग में 148.1न (0.903 एमटी) और डोलोमाइट में 40 प्रतिशत (1.687 एमटी) की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में कोयले और कंटेनर की लोडिंग में भी क्रमश: 16.5 प्रतिशत और 10.3प्रतिशत की बढ़त हुई है। इसके अतिरिक्त, माल ढुलाई में नेट टन-किलोमीटर (जो परिवहन किए गए माल की मात्रा और तय की गई दूरी को दर्शाता है) के आधार पर अक्टूबर 2026 में 47.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह पिछले वर्ष के समान महीने के 511 मिलियन की तुलना में बढ़कर लगभग 754 मिलियन तक पहुँच गई है। पू. सी. रेलवे अपने ग्राहकों को विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कृषि उपज, खाद्यान्न और औद्योगिक सामग्रियों के सुचारू परिवहन के जरिए रेलवे किसानों और व्यापारियों को व्यापक बाजार तक पहुँचने में मदद कर रहा है, जिससे पूर्वोत्तर और देश के अन्य हिस्सों में आर्थिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिल रही है।

जाहिर सूचना

भवन क्रमांक 17/1, वराहमिहिर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन के संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा रामकिशोर विश्वकर्मा पिता रामचन्द्र विश्वकर्मा एवं चन्द्रकला पति रामकिशोर विश्वकर्मा, निवासीगण 25, खुर्रम शाह मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 17/1, क्षेत्रफल 50.27 वर्गमीटर, स्थित वराहमिहिर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन क्रय करने का अनुबंध किया गया है। उक्त भवन का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार शीघ्र ही अपने पक्ष में सम्पादित करवाने जा रहे हैं। अस्तु, वर्तमान जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति या संस्था का उक्त सम्पत्ति पर कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का भार हो, उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो या अनुबंधित हो, अथवा ऐसे विक्रय पत्र के सम्पादन में कोई आपत्ति हो, तो 7 (सात) दिवस की अवधि में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय 36, बम्बाखाना, उज्जैन में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के उपरांत इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और माना जाएगा कि उक्त सम्पत्ति समस्त प्रकार के भार से मुक्त है तथा उक्त स्वामीगण को उक्त भवन विक्रय करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। तदनुसार नियत समय में मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करवा लिया जाएगा।

सो सूचित हो। इति दिनांक 14.11.2026

अनिकेत जैन
36, बम्बाखाना, उज्जैन
मो. 7828844817

न्यूज-कॉलम

सेवादल ने मनाया पंडित नेहरू का जन्मदिवस

नीमच। कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा 14 नवंबर को भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन नीमच पर मनाया गया। सेवादल जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव की विशेष उपस्थिति में आयोजित जन्मदिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम सभी ने गांधी भवन परिसर में विराजमान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात गांधी भवन हाल में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सेवादल जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव एवं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया उपस्थित हुए, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहां की उन्होंने भारत देश के आजाद होने के बाद इस देश की बागडोर संभाली और देश का चहुंमुखी विकास किया। उनके विकास कार्य आज भी प्रासंगिक है।

पशुपतिनाथ मेले की तैयारियां तेज,सिसौदिया सभापति नियुक्त



मन्दसौर। आगामी 20 नवंबर से प्रारंभ होने वाले 64वें भगवान पशुपति नाथ महादेव मेले के सफल आयोजन के लिए नगर पालिका द्वारा 6 सदस्यीय मेला समिति का गठन कर दिया गया है। इस वर्ष पार्षद कमलेश सिसौदिया को मेला समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। समिति में उनके साथ सुनीता भावसार, रेखा सोनी, दीपक गाजवा, गोरधन कुमावत और प्रीतम पंचोली को सदस्य बनाया गया है। नपा अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर और प्रभारी सीएमओ रोहित राणावत ने नवनियुक्त सभापति एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए मेला पूरी भव्यता के साथ संपन्न होने का विश्वास जताया है।

वोट बचाओ, देश बचाओ वार्ड चौपाल आयोजित हुई

मन्दसौर। शहर ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर द्वारा वार्ड नं. 36, नरसिंहपुरा मण्डलम में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत वार्ड चौपाल का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के माध्यम से वोटर लिस्ट से नाम काटे जा रहे हैं और चुनावों को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने जनता को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश बिजवानी ने किया और आभार कन्हैयालाल कुमावत ने माना। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व मण्डलम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

होमगार्ड कमांडेंट कों 3 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

नीमच। लोकायुक्त उज्जैन टीम ने गुरुवार को नीमच में बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड युवराज सिंह चौहान को होमगार्ड सैनिक से तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन, उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन विनोद कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।आवेदक होमगार्ड सैनिक महेश थोरेचा ने 10 नवंबर को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन विनोद दीक्षित के सामने शिकायत की थी।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
W/623/5/3/NIT दिनांक: 13.11.2026
ई-टेंडरिंग नोटिस
मंडल रेल प्रबंधक मंडल कार्यालय कार्य लेखा शाखा पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-121. कार्य का नाम:** Dahod: Annual maintenance and operation of 0.6 MLD sewage treatment plant (STP) for two year duration. **अनुमानित लागत:** रु 23,78,117.04. **बयाना राशी:** रु 47,600/-. **कार्य की समापन अवधि:** 24 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 12.11.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 04.12.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SPAN/5/1/333
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

विदेशों में पहुंच चुकी चोरी हुई प्राचीन मूर्तियों को वापस लाने के लिए ठोस प्रयास किये जाये

मंदसौर के यशोधर्मन संग्रहालय में सात दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



हमारे अतीत की धरोहर और विरासतें ही भविष्य की चेतना को जागृत रखती हैं। इन्हें सहेजना और युवा पीढ़ी को इनसे अवगत कराना वर्तमान पीढ़ी का प्रमुख दायित्व है।

ये विचार प्रख्यात पुरातत्वविद् एवं इतिहासकार श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय ने शनिवार को सम्राट यशोधर्मन पुरातत्व संग्रहालय में आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और स्वदेश वापसी प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद गिरिजा शंकर रूनवाल ने सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर जोर दिया। मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय ने कहा कि मंदसौर सहित देश के विभिन्न स्थानों पर संग्रहित दुर्लभ प्रतिमाओं का संरक्षण पूरी प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। विदेशों में पहुंच चुकी चोरी हुई प्राचीन मूर्तियों को वापस लाने के लिए जल्द ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को हमारी प्राचीन कला, संस्कृति, सिक्के, अभिलेख और पुरावशेषों के महत्व की सही जानकारी मिलती है। पुरातत्व विभाग इंदौर के उप संचालक के.एल. डाबी ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि प्रदेश के 19 स्थानों पर एक साथ आयोजित इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक संपदा की चोरी के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और पुरावशेषों की स्वदेश वापसी को प्रोत्साहित करना है। यूनेस्को के निर्णय के अनुरूप इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर यह आयोजन पहली बार किया गया है।

प्रदर्शनी में सरल पैनलों के माध्यम से पुरावशेषों के ऐतिहासिक महत्व, चोरी के अंतरराष्ट्रीय तरीकों और उनकी पहचान की कठिनाइयों को बखूबी समझाया गया है। उद्घाटन समारोह में सेना के सेवानिवृत्त कमांडर बद्रीलाल जोशी, संग्रहालय प्रभारी रामेश्वर मेघवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, इतिहास प्रेमी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। संग्रहालय प्रभारी ने बताया कि सोमवार को छोड़कर यह प्रदर्शनी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आम जनता और शोधार्थियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क खुली रहेगी।

न्यूज कालम



त्रि-दिवसीय युवा उत्सव उमंग-2026 का समापन

मन्दसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में आयोजित त्रि-दिवसीय महाविद्यालयीन युवा उत्सव उमंग-2026 का समापन श्री कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर थीं, अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने की, और विशेष अतिथि के रूप में भूगर्भ शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। समापन सत्र में संगीत प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। एकल गायन पाश्चात्य में सलोनी वैष्णव और समूह गायन में आशीष लोहार ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशा शर्मा ने और आभार डॉ. सीमा जैन ने माना।

लायंस क्लब गोल्ड का दीपावली मिलन समारोह आयोजित



मन्दसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड का दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजन चेयरमैन लायन रमेश मुंदड़ा रहे। समारोह में गीत-संगीत के बीच सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। क्लब अध्यक्ष मनोज मित्तल, सचिव रितेश गर्ग और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने सभी लायन साथियों को दीपावली उपहार भेंट किए। इस दौरान लायंस क्लब गोल्ड परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

शा.मा.वि. निनोरा में नेहरू जयंती हर्षोल्लाह से मनाई



पिपलिया मंडी। जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय निनोरा में प्रधानाध्यापक श्री वीरम सिंह शक्तावत के मार्गदर्शन अनुसार तथा वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर के मुख्य आतिथ्य में पूर्व प्रधानमंत्री चाचा नेहरूजी की जयंती हर्षोल्लास मनाई गई। चाचा नेहरू की तस्वीर को माल्यार्पण कर अध्यापिका श्रीमती प्रेम पाटीदार के निर्देश अनुसार स्कूली बच्चों ने पोहा, खमन, नींबू पानी, फ्रूट सहित कई खाद्य सामग्री की आकर्षक स्टाले लगाई गई।

श्री अरविन्द मिण्डा बने सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष



मन्दसौर। दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन के बंडीजी के बाग में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में वर्ष 2027 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार गोधा ने सर्वसम्मति से अरविन्द मिण्डा को ग्रुप का नया अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की। साथ ही नेमीचंद जैन को सचिव और सुमतिलाल जैन को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाइयां दीं। कार्यक्रम का संचालन महावीर कोटड़िया ने और आभार दिलीप भोलिया ने व्यक्त किया।

पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई-कांग्रेस महासचिव पाटीदार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को प्रातः 9,30 बजे राजीवगांधी उद्यान में पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई गई।सर्वप्रथम नेहरू जी के चित्र पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के गरीबो,किसानों और मजदूरों को न्याय दिलाने ओर अज्ञानता व बीमारी को समाप्त करने का संकल्प लिया था।उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत इन प्रसिद्व शब्दो से की थी जब दुनिया सो रही होगी तब भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा।शर्मा ने कहा कि पंडित जी ने कहा था कि भारत किसी एक धर्म या वर्ग का नही है,बल्कि यहां रहने वाले हर नागरिक को समान अधिकार और कर्तव्य प्राप्त है नेहरू जी ने आराम हराम है का नारा भी दिया था। जिला कांग्रेस के महासचिव तुलसीराम पाटीदार ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई उन्होंने अपनी दूरदर्शी नीतियों ओर प्रेरक नेतृत्व के जरिये न केवल गम्भीर चुनोतियो पर काबू पाया बल्कि भारत को प्रगति के पथ पर सफलतापूर्वक आगे भी बढ़ाया।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर, कांग्रेसनेता अनिल बोराना, नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, अनिता खोखर, मंडलम अध्यक्ष पंकज बोराना, विष्णु फरक्या, पार्षद बाबू भाई मंसूरी,अशोक संघवी, दिनेश गुप्ता काचरिया, रामप्रसाद फरक्या,अनिल उस्ताद आदि मौजूद थे।

नीमच नपा का विशेष सम्मेलन संपन्न, सभी 24 प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच।

नगर पालिका परिषद नीमच का विशेष सम्मेलन में शुक्रवार को शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े सभी 24 प्रस्ताव स्वीकृती के साथ सम्पन्न हूआ । इनमें वार्ड क्रमांक 14 में पाटीदार एग्रो से बाबा शहाबुद्दीन रोड तक करीब 1.09 करोड़ रुपए की लागत से राड़क निर्माण, तरण पुष्कर की कार्यों पर पानी चोरी और अधूरे निर्माण पर विपक्ष ने घेरा बैठक में नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने ली आपत्ति द्य अन्य 24 सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में ग्वालटोली तलैया के पास 2.78 करोड़ रुपए की लागत से नमो पार्क विकसित करने, 1.97 करोड़ रुपए से लायंस पार्क का. सौंदर्याकरण, गीता में भवन की स्थापना, टैगोर मार्ग पर 1.82 करोड़ रुपए से बिजली के तारों न और खंभों को भूमिगत करने की मंजूरी दी गई। इसके अलावा सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, खेल मैदान और सफाई व्यवस्था से जुड़े प्रस्ताव भी पारित हुए। हालांकि विकास प्रस्तावों के बीच पानी । चोरी, अवैध कॉलोनियों, नगर पालिका की जमीनों पर कब्जों और अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर विपक्षी पार्षदों ने परिषद को घेरा गया ।

नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में कार्यसूची के गहराई कम करने, 2 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट स्थापित करने तथा जीवाजीराव छात्रावास मैदान को खेल मैदान के रूप में विकसित करनें के प्रस्ताव शामिल रहे।सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अस्थायी सफाई कर्मचारियों को 89 दिवस के लिए कार्य पर रखने का प्रस्ताव पास किया गया।

नीमच के ग्राम तलाऊ में एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से हत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

मनासा तहसील के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम तलाऊ में गुरुवार को एक व्यक्ति की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कुकड़ेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तलाऊ निवासी प्रभूलाल पिता शिवलाल रावत (उम्र 50 वर्ष) गांव में ही स्थित एक किराने की दुकान पर थे, तभी गांव के ही एक आरोपी रामसिंह पिता देवीलाल रावत ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर चोटें आने के कारण प्रभूलाल की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने परिजनों और मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंच गया था। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

बेटी को स्कूल छोड़ने निकली महिला ने दो बच्चों के साथ कुएं में लगाई छलांग, तीनों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम जिले के जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत हुसैन टेकरी पुलिस चौकी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शनिवार सुबह एक 26 वर्षीय महिला ने अपने दोनों मासूम बच्चों के साथ परिवार के ही एक कुएं में छलांग लगा दी। इस दर्दनाक हादसे में मां और दोनों बच्चों की मौत हो गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार सुबह करीब ८ बजे की है। २६ वर्षीय दया बाई पत्नी हरिओम अपनी ५ वर्षीय बेटी दक्षु को स्कूल यूनिफॉर्म पहनाकर स्कूल छोड़ने की बात कहकर घर से निकली थी। उसके साथ उसका ३ वर्षीय बेटा अरविंद भी था। घर से कुछ ही दूरी पर स्थित परिवार के कुएं के पास पहुँचकर महिला ने अपने दोनों बच्चों के साथ उसमें छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी प्रयासों के बाद तीनों को कुएं से बाहर निकाला। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उन्हें तत्काल जावरा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों (दक्षु और अरविंद) को मृत घोषित कर दिया।सुबह करीब 10.30बजे निजी अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला दया बाई को जावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुँची, जहां जाँच के बाद डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हुसैन टेकरी चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी के मुताबिक, महिला ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसके स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना से ठीक पहले घर में क्या परिस्थितियां थीं और परिवार में कौन-कौन रहता है। पुलिस के अनुसार, अभी परिजनों और परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज नहीं हो पाए हैं। तीनों शवों का जावरा में पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच और परिजनों के बयान सामने आने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

नाले में मिला अज्ञात नरकंकाल, क्षेत्र में फैली सनसनी; जांच में जुटी पुलिस

रतलाम। जिले के रावटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलड़ी के समीप स्थित बीगा पाटन के जंगल में शनिवार को एक अज्ञात नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नाले में क्षत-विक्षत हालत में शव पड़े होने की खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम बीगा पाटन के पास स्थित नाले में ग्रामीणों ने एक मानव कंकाल देखा। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना दिए जाने के दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी थी, जिस कारण घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा रही।बाद में मौके पर पहुंची रावटी थाना पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। शव का केवल एक पैर ही बचा हुआ है, जबकि शेष पूरा शरीर गलकर कंकाल में तब्दील हो चुका है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल भी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए।

बाल दिवस पर न्यायोत्सव और 15 दिवसीय नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ

मन्दसौर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर में न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह 2026 और 15 दिवसीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने न्यायोत्सव और नालसा योजना 2025 के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन अपनाने का आह्वान किया। जिला न्यायाधीश एवं सचिव सिद्धार्थ तिवारी ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, साइबर कानून और किशोर न्याय अधिनियम की व्यवहारिक जानकारी दी। नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। 14 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस सप्ताह के दौरान विधिक शिविर, मैराथन दौड़ और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल और प्राचार्या डॉ. सरोज प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अनियंत्रित कार ने बाइक, ऑटो और गाय को मारी टक्कर; चालक गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के छत्रीपुल स्थित मेहंदीकुई बालाजी मंदिर के पास शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार अनियंत्रित हो गई। कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक, एक इलेक्ट्रिक ऑटो और एक गाय को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाय उछलकर मंदिर के सामने बनी बाउंड्री वॉल से जा टकराई, जिससे दीवार टूट गई और गाय गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार, रत्नेश्वर रोड निवासी आकाश पिता कैलाश (32) भारतीय स्टेट बैंक में कलेक्शन का कार्य करता है। शनिवार दोपहर वह अपनी ब्रेजा कार लेकर मेहंदीकुई बालाजी मंदिर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल तथा एक इलेक्ट्रिक ऑटो को टक्कर मारते हुए वहां मौजूद एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे मुख्य मार्ग पर यातायात जाम हो गया।

सूचना मिलते ही स्टेशन रोड थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को हटाकर यातायात सुचारु कराया और आरोपी कार चालक आकाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वाहन जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- शैलजा पटवा पिता स्व. छोटेलाल पटवा वार्ड 76 पता- 37-डी सम्पत्त हिल्स भिचौली मर्दाना इन्दौर पिन- 2000251148 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-8

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- 1- नीता पति श्री दीपक 2- दीपक पिता श्री बाबूलाल काले वार्ड नं.37 पता- 7-ए, पुष्प विहार एक्स इन्दौर पिन- 1001054554 (नामांतरण शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 8 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-8 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-12

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- रेखा पिता चेतनदास खत्री पता- 1046 स्कीम नं. 44 फ्लेट नं. 102 बीजी पैलेस खाती वाला टैंक इन्दौर पिन- 1001157349 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-12

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- सुरेश सिरसाठ अशोक सिरसाठ पता- 1/5, वीर सावरकर नगर इन्दौर पिन- 1001157246 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

अंतरराष्ट्रीय दिवस पर जिला पुरातत्व संग्रहालय में प्रदर्शनी

ब्यावरा-राजगढ़ । यूनेस्को के तत्वावधान में प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को सांस्कृतिक संपदा की अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आमजन को सांस्कृतिक संपदा के संरक्षण एवं अवैध तस्करी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व संग्रहालय राजगढ़ में तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिला पुरातत्व संग्रहालय राजगढ़ के संग्रहाध्यक्ष द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदर्शनी का आयोजन 14 नवम्बर से 16 नवम्बर, 2026 तक किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः काल से शाम 5 बजे तक आमजन के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। इसमें प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को सांस्कृतिक संपदा के महत्व, उसके संरक्षण तथा अवैध तस्करी के विरुद्ध जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

दीपावली के पावन पर्व पर जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह आयोजित किया



ब्यावरा-राजगढ़। राजगढ़ जिला मुख्यालय पर स्थित एक निजी होटल में जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में पत्रकार मिलन समारोह कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉक्टर इच्छित गड़पाले की उपस्थित में आयोजित किया गया जिसमें कलेक्टर मिश्रा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं जिले की विभिन्न समस्याओं को उजागर करके समाज व जिले को नई दिशा प्रदान करते हैं आपने कहा कि प्रशासन खबरों को आधार बना कर ही अपनी जवाबदेही तय करता हैं और सुख दुख में सहयोग प्रदान करने का प्रयास करते हैं, डिजिटल युग मे एआई का जमाना है जिसमें सही और गलत खबरों का पता लगाना बड़ा मुश्किल हो जाता है, कठिन रास्तों पर काफी मुश्किलें आती है इसलिए अधिकांश लोग आसान रास्ता चुनते हैं, इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाल वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जमीदार, गोपाल विजयवर्गी, भानू ठाकुर आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री हिमानी बजाज ने किया।

विजया कॉन्वेंट स्कूल में बाल मेले की धूम, बच्चों ने स्टॉल लगाकर दिखाई प्रतिभा



जीरापुर। विजया कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में बाल मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों एवं अन्य आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल लगाए। बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए व्यंजनों और सामग्री के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं व्यावहारिक कौशल का परिचय दिया। बाल मेले में बच्चों की उत्सुकता और उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यार्थियों ने न केवल स्टॉल का संचालन किया, बल्कि खरीदारी करने आए लोगों के साथ संवाद करते हुए अपने प्रबंधन और व्यवहारिक ज्ञान को भी प्रदर्शित किया। मेले का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव, आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और आपसी सहयोग की सीख देना रहा। इस आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। बाल मेले ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ सीखने और आनंद लेने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया।

मायके पक्ष ने एसपी को सौंपा शिकायती आवेदन, ससुराल के 6 लोगों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग

ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के बाद विवाहिता की हत्या कर फंदे पर लटकाने का आरोप

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम संवास में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर अपनी बेटी को प्रताड़ित करने और हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।





शादी के बाद से ही दी जा रही थी प्रताड़ना

पचोर तहसील के ग्राम बामनपुरा निवासी प्रहलाद सिंह पिता बनेसिंह ने एसपी को सौंपे आवेदन में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री कुसुम बाई का विवाह 26 अप्रैल 2021 को ग्राम संवास तहसील नरसिंहगढ़ निवासी रवि पिता धनसिंह के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति रवि, सास कलाबाई, ससुर धनसिंह, देवर अनिल व अंकित तथा देवरानी सीताबाई पति अंकित द्वारा कुसुम को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

1 नवंबर को मिली मौत की सूचना

पीड़ित पिता ने बताया कि बीते 1 नवंबर 2026 को उनके पास फोन आया कि उनकी बेटी कुसुम ने फांसी लगा ली है। मायके पक्ष का आरोप है कि कुसुम ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि ससुराल वालों ने मिलकर पहले उसकी हत्या की और बाद में मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया। मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर परिजन ने 4 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

फोन पर जताई थी अनहोनी की आशंका

प्रहलाद सिंह के अनुसार, कुसुम अक्सर फोन पर अपने मायके में ससुराल वालों द्वारा की जा रही प्रताड़ना की जानकारी देती थी। उसने यह भी बताया था कि ससुराल वाले उसे फांसी लगाकर टांग देने की धमकी देते हैं। हालांकि, पिता के रूप में वे बेटी को यही समझाइश देते रहे कि समय के साथ धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा, लेकिन ससुराल पक्ष की प्रताड़ना बंद नहीं हुई।



दीपावली मिलन समारोह सामाजिक समरसता की निशानी – भाभौर

महिदपुर रोड। गुरुवार को नगर की सामाजिक संस्था मोहल्ला परिवार उपाध्याय परिवार तथा पत्रकारों का संयुक्त मिलन समारोह थाना प्रभारी आनंद भाभौर के मुख्य अतिथि में रखा गया कार्यक्रम में विशेष के अतिथि रूप में निजी चिकित्सक डॉ बी राठौर तथा डॉक्टर राहुल सौलंकी मौजूद रहे थाना प्रभारी भाभौर ने दीपावली मिलन समारोह आयोजन को सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल बताया तथा कहा कि मिलन समारोह के माध्यम से सभी में आपस में सौहार्द का भाव पैदा होता है इस अवसर पर डॉक्टर राठौर तथा डॉक्टर सौलंकी दिनेश मंडोवरा कृषि आदान संघ के वरिष्ठ सदस्य नरेश सेठिया सुनील मूणत प्रकाश राठौड़ विजय पोरवाल आदि ने भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता बताई किराना व्यापारी मूणत की बहिन सलौनी मूणत का मोहल्ला परिवार उपाध्याय परिवार तथा पुलिस थाना स्टाफ की और से सम्मान किया गया।

राजगढ़ के एक दम्पति ने पेश की ईमानदारी और आत्मियता की मिसाल



राजगढ़। ईमानदारी और आत्मियता की मिसाल आज भी जिंदा है। राजगढ़ जिला मुख्यालय पर गत दिनों शाम के वक्त श्रीमती सुमित्रा धनवाल निवासी पीडब्ल्यू कॉलोनी बाजार में खरीददारी करने हेतु स्कूटी से निकल रहीं थीं तभी जयस्तंभ के पास उनका पर्स गिर गया जिसे वहां से गुजर रहीं नागर मोहल्ला निवासी श्रीमती पूजा पति सतीश प्रजापति ने देखा, उन्होंने तत्काल आवाज लगाई किंतु स्कूटी बहुत आगे निकल चुकी थी। बाद में श्रीमती पूजा ने इस संबंध में अपने पति सतीश को जानकारी दी जिन्होंने खोये हुए पर्स के मालिक का पता लगाकर उन्हें पर्स सौंपा। पर्स में करीब 10 से 12 हजार रुपए नकदी, एक मोबाइल फोन था।

माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों का समाजजनों ने किया स्वागत



सुसनेर। शुक्रवार को अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति श्याम सोनी, महासभा के उपसभापति दिनेश राठी एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी अल्प प्रवास पर सुसनेर पधारे जहाँ स्थानीय माहेश्वरी समाज के श्री राधादामोदर मंदिर में प्रभु के दर्शन कर उपस्थित समाजजन को सभी आगंतुकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित माहेश्वरी समाजजजो ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर जिला सभा के अध्यक्ष अशोक बजाज, स्थानीय सभा के अध्यक्ष पुरषोत्तम मोदानी, जिला महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती रजनी बजाज एवं स्थानीय महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती ललिता लड्ढा एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बजाज ने किया एवं आभार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चतुर्भुजदास भूतड़ा ने माना।

भारतीय किसान यूनियन ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा का सांकेतिक पुतला दहन किया



सुसनेर। भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान विरोधी भाषण को लेकर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के विरोध में शुक्रवार को नगर के डाक बंगला चौराहे पर सांकेतिक पुतला दहन किया गया। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने सांसद के बयान पर विरोध जताते हुए नारेबाजी की और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाया। यूनियन के सदस्यों ने कहा कि किसानों के सम्मान और अधिकारों से जुड़े विषयों पर इस तरह की बयानबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी।

नगर पंचायत ने दिए प्रशस्ति पत्र

सेवा मित्रों का सम्मान एवं वार्डों में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

नगर परिषद बडौद द्वारा आज सेवा मित्रों का सम्मान समारोह एवं नगर के विभिन्न वार्डों में होने वाले 59 लाख रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में नगर में स्वच्छता, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य जनसेवाओं में कार्य करने वाले सेवा मित्रों श्रीफल, मिठाई एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके पश्चात नगर के विभिन्न वार्डों 1. स्टैण्ड पोल 2. फिश पार्लर 3. वार्ड 05 में हेमसिंह के मकान से गोविन्द भावसार के मकान तक सीसीरोड निर्माण कार्य 4. वार्ड 08 में विमल जैन के मकान से कैलाश मिश्रा के मकान तक सीसीरोड निर्माण कार्य 5. वार्ड 15 में गोपाल कुकरे के मकान से सुनिल कुकरे के मकान तक सीसीरोड निर्माण कार्य 6. वार्ड 08 में बस स्टैण्ड मुक्तिधाम के पास रिटेनिंग 7. वार्ड 04 में अखिल के मकान से मकसूद के मकान तक सीसीरोड निर्माण कार्य 8. वार्ड 15 में लालबाई माता मंदिर पुलिया के पास सीसीरोड निर्माण कार्य 9. वार्ड 03 में इकबाल खां के मकान से खाल तक 10. वार्ड 02 में आलोट रोड़ चैराहे पर नाली एवं चेम्बर 11. वार्ड 02 में मोहन बसेर के मकान से शंकर सिंह के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्यों का विधि-विधान से वरिष्ठजनो से भूमि पूजन कराया गया इन कार्यों पर लगभग रु. 59 लाख की राशि व्यय होगी, जिससे वार्ड वासियों को आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं में सुविधा मिलेगी।





भरतपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष व साथी ट्रस्टी गणों का बहुमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

श्री राजेंद्र सूरी कीर्ति मंदिर,भरतपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष संघवी बाबूलाल कटारिया एवं साथी ट्रस्टीगण ने महिदपुर सिटी में श्री त्रिस्तुतिक श्री संघ के अध्यक्ष आशुतोष छजलानी की अनुमति से श्रीसंघ के वरिष्ठ सरंक्षक सुरेश छजलानी, श्रीसंघ के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मेहता (बबलू भैया), संघ के वरिष्ठ श्रावक नरेंद्र धाड़ीवाल एवं श्रीसंघ के सचिव संयम बांठिया ने श्री राजेंद्र सूरी द्विशताब्दी महोत्सव भरतपुर का श्रीसंघ की और से निमंत्रण स्वीकार किया।

इसअवसर पर श्रीसंघ के बहुमान के लाभार्थी परिवार मुकेश कुमार सिरेमल बांठिया परिवार एवं श्री धूलचंद नाथूलाल बांठिया परिवार (लालगढ़ वाला) ने भरतपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष संघवी श्री बाबूलालकटारिया एवं साथी ट्रस्टीगण का बहुमान श्री त्रिस्तुतिक श्रीसंघ महिदपुर की तरफ से किया गया।

बाल दिवस पर बच्चों का स्वागत कर, टाफी खिलाकर मुँह मीठा किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

शनिवार 14 नवंबर को नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालयों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया।

स्कूली बच्चों को शिक्षक शिक्षिकाओं ने साथिया तथा मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया तथा बाल दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी स्कूलों में शनिवार को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया

झूलों का लिया आनंद

शाम के समय बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अपने पेरेंट्सों के साथ गोगापुर तालाब किनारे स्थित एमपीआर डीसी द्वारा वेलफेयर फंड से ग्राम पंचायत द्वारा स्कूली बच्चों के मनोरंजन के लिये निर्मित लगाये गये विभिन्न झूलों तथा मनोरंजन के अन्य साधनों का आनंद लेने पहुंचे स्कूलों में पहुंचे स्कूल छात्र-छात्राओं का शिक्षकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

23 नवंबर को निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व को लेकर ब्यावरा में प्रभात फेरियों का दौर जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं संस्थापक, मानवता और विश्व बंधुत्व के प्रतीक श्री गुरु नानक देव महाराज के पावन प्रकाश पर्व जन्मोत्सव को लेकर गुरु सिंह सभा ब्यावरा द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होकर गुरबाणी एवं शबद कीर्तन का गायन करते हुए शहर की मुख्य सड़कों के साथ-साथ छोटी-छोटी गलियों से भी गुजर रहे हैं। गुरु सिंह सभा के मुख्य सेवादार डॉ. सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभात फेरियों का यह क्रम 22 नवंबर तक जारी रहेगा। इसी कड़ी में 15 नवंबर को नरसिंहगढ़ शहर में भी समाज बंधुओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें संगत गुरबाणी एवं शबद कीर्तन के माध्यम से गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में ब्यावरा शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो पंच प्यारों की अगुवाई में संपन्न होगा।



इस दौरान संगत द्वारा गुरु नानक देव की वाणी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है तथा संपूर्ण मानवता के कल्याण, सुख-शांति एवं सर्वत्र भलाई के लिए अरदास की जा रही है। प्रभात फेरियों के माध्यम से शहर में आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक सद्भावना और मानवता का संदेश दिया जा रहा है। गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन में हमेशा समानता, सेवा, सद्भावना और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया।

हाईवे पर लगे क्यूआर कोड स्कैन करने पर मिल रही पुरी जानकारी

सारंगपुर। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने हाईवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बढाने के लिए नया सिस्टम शुरू कर हाईवे पर जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए, जिन्हें स्कैन करते ही यात्रियों को आसपास उपलब्ध सभी जरूरी सेवाओं की जानकारी मोबाइल नंबर के साथ-साथ परियोजना से जुड़ी बुनियादी जानकारी दी जाती है। इसी तरह सारंगपुर से गुजरे नेशनल हाइवे क्रमांक 52 ब्यावरा से देवास पर सारंगपुर धनोरा के पास लगे क्यूआर कोड को जब स्कैन किया जाता तो परियोजना से जुड़ी बुनियादी जानकारी भी दिखने लगी है। इसके पहले सिर्फ बुनियादी परियोजना जानकारी में न तो निर्माण करने वाले ठेकेदार कंपनी का नाम था और न ही संचालन एवं रखरखाव करने वाले, परियोजना की लागत की जानकारी स्कैन करने पर नहीं मिल रही थी लेकिन अब समस्त जानकारी क्यूआर को स्कैन करने से मिल रही है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्यूआर कोड हाईवे पर सड़क किनारे लगे प्रमुख संकेत बोर्डों पर टोल प्लाजा, वे-इंग स्टेशन और विश्राम स्थलों पर राजमार्ग के शुरू और अंतिम बिंदुओं पर बेहतर दृश्यता के लिए इनमें रेट्रो-रिफ्लेक्टिव बोर्ड का उपयोग किया गया है।

स्कैन करने पर मिल रही यह जानकारी

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर ब्यावरा से देवास खंड पर लगे क्यूआर को स्कैन करने पर निर्माण करने वाली कंपनी ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, परियोजना की लंबाई 141.26 किमी, निर्माण अवधि में सितंबर 2016, सिविल निर्माण लगात 1583.79 करोड और रखरखाव की अवधि अप्रैल 2019 अंकित है।

डॉ. सांकला ने MBBS परीक्षा में सफलता हासिल की

सुसनेर। नगर के होनहार युवा अभिषेक सांकला ने एमबीबीएस की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। परीक्षा में सफलता मिलने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

डॉ. अभिषेक सांकला की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, निरंतर लगन और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चिकित्सा जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर सफलता हासिल करना उनके परिश्रम और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जीवन में निरंतर नई ऊंचाइयां प्राप्त करें तथा चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएं। साथ ही एक कुशल चिकित्सक बनकर जरूरतमंदों एवं समाज के लोगों की सेवा करें।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 14 आवेदन पंजीकृत, 2 का मौके पर निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण व शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग हेतु शुक्रवार को भाटपचलाना क्लस्टर स्तर पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पण्ड्या, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, स्थानीय जनपद सदस्य रौनक जैन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवराम जाट मौजूद रहे।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोवर्धनलाल मालवीय ने बताया कि बैठक के पूर्व क्लस्टर की 10 ग्राम पंचायतों में खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर योजनाओं एवं शिकायतों की समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान 14 आवेदन पंजीकृत किए गए, जिनमें से 2 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष 12 आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए गए हैं।

राशि तथा आजीविका मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर समूह को उपहार वितरण की कार्यवाही भी की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धीरेन्द्र पाराशर एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी व ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, सहायक सचिव व विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी/कर्मचारीगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक जितेन्द्रसिंह पंड्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु क्लस्टर स्तर पर प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों के लिए भ्रमण कार्यक्रम नियत किया गया है। इस अवसर पर स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री, लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र, संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता

डिस्को इन्फनों के रैंप पर छा गईं शर्वरी



फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला ने गुरुवार रात मुंबई में फैशन शो 'डिस्को इन्फनों' का आयोजन किया। 'आर्ट मुंबई 2026' के तहत आयोजित इस शो में अभिनेत्री शर्वरी वाघ ने अपने खूबसूरत लुक और शानदार रैंप वॉक से सबका ध्यान खींचा। महालक्ष्मी रेसकोर्स में हुए इस शो की थीम 1970 और 80 के दशक के डिस्को फैशन पर रखी गई थी। शर्वरी ने इस मौके पर मल्टीकलर स्वारोवस्की क्रिस्टल और स्टोन्स से सजी ड्रेस पहनी थी। इसके अलावा उन्होंने रेड कलर की कॉन्सेप्ट ड्रेप ड्रेस भी पहनी, जिसे क्रिस्टल और स्टोन से सजे ब्लाउज के साथ स्टाइल किया गया था। उनके लुक को चमकदार स्टोन चेन की कई लेयर्स ने और भी खास बना दिया था। शर्वरी ने जैसे ही रैंप पर एंट्री की, वहां मौजूद लोगों की निगाहें उन पर टिक गईं। उन्होंने अबू और संदीप के साथ भी रैंप पर जलवा बिखेरा। फ्रंट रो में बैठीं दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन तालियां बजाकर तीनों का हौसला बढ़ाती नजर आईं। वर्क फ्रंट की बात करें तो शर्वरी जल्द ही आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आएंगी। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी यह रोमांटिक फैमिली ड्रामा फिल्म 27 नवंबर को रिलीज होगी।

टॉक्सिक के इंटीमेट सीन पति को नहीं हुई दिक्कत

कियारा आडवाणी इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'टॉक्सिक : ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में कन्नड़ स्टार यश के साथ अपने इंटीमेट सीन्स को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं। अब कियारा ने इस विवाद पर बात की है। हाल ही में करण जौहर के चैट शो में अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ पहुंची कियारा ने कहा कि उनके सीन की वजह से सिद्धार्थ को कभी कोई परेशानी नहीं हुई। यहां तक कि सिद्धार्थ ने कभी इस बारे में उनसे बात तक नहीं की। उनके लिए ये कोई मुद्दा ही नहीं था। 'टॉक्सिक' के निराशाजनक प्रदर्शन को उन्होंने दिल तोड़ने वाला करार दिया और अपने नादिया के किरदार को खास बताया।

ब्रेकअप की कगार पर था कपल का रिश्ता

कियारा और सिद्धार्थ ने शो में अपनी लव स्टोरी के कुछ अनजान पहलू भी शेयर किए। 'शेरशाह' की शूटिंग के दौरान उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। कुछ समय की डेटिंग के बाद उन्होंने फरवरी 2023 में शादी रचाई। हालांकि पहली मुलाकात से लेकर शादी तक का सफर उनके लिए आसान नहीं था। बीच में रिश्ता टूटने की नौबत भी आ गई थी। कियारा अच्छे रिश्ते की तलाश में थीं और जब सिद्धार्थ ने यह कह दिया कि वह करियर पर फोकस करना चाहते हैं, तब एक्ट्रेस को लगा था कि रिश्ता आगे नहीं बढ़ेगा। लेकिन फिर 'जुगजुग जीयो' के सेट पर सिद्धार्थ फूल लेकर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने प्रपोज किया और शादी हुई। कपल की एक बेटी सरायाह मल्होत्रा है। जल्द ही वे दूसरी बार मम्मी-पापा बनने वाले हैं।

ओटीटी पर डेब्यू डबल रोल के साथ



शनाया कपूर की डेब्यू सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर : आफ्टर डार्क' शुक्रवार को रिलीज हुई है। उन्होंने जुड़वां बहनों- आयशा और अदिति मलिक का डबल रोल निभाया है। सेट से कुछ 'बिहाइंड-द-सीन' तस्वीरें साझा करते हुए शनाया ने लंबा नोट लिखा और करियर के शुरूआती दिनों में ही डबल रोल निभाने की चुनौतियों समेत अन्य अनुभव बयां किए। शनाया के मुताबिक इस प्रोजेक्ट ने उन्हें अपनी एक्टिंग क्षमताएं परखने का बेहतरीन मंच दिया है। उन्होंने लिखा, ₹यह शो मेरे लिए सब कुछ है। मैं करण जौहर को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे इतनी खास फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने का मौका दिया। करियर की शुरूआत में ही मुझे डबल रोल निभाने का मौका मिला और मैं एक्ट्रेस के तौर पर अपनी रेंज दिखा सकी।

कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब श्रुति ने खोले राज

श्रुति हासन एक बार फिर अपने बेबाक बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़े ऐसे दो मुद्दों पर खुलकर बात की है, जिन पर अक्सर फिल्मी सितारे बात करने से बचते हैं। नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में श्रुति ने कबूल किया कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। उन्होंने यह भी बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। उन्होंने एक बूंद भी शराब नहीं पी थी, लेकिन फिर उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में बात करते हुए श्रुति ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने शरीर और सुंदरता से जुड़े फैसले लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए और इसमें छिपाने या झूठ बोलने की जरूरत भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सिर्फ अपने विचार साझा कर रही हैं। इन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना उनका मकसद नहीं है। एक्ट्रेस ने यह भी माना कि शराब उनके लिए अच्छी नहीं है और अब वह इस आदत के बारे में पहले से ज्यादा सतर्क रहने की कोशिश करती हैं।



शिल्पा लेकर आ रहीं 'प्यार का प्रेशर कुकर'

आजकल रिश्तों के बीच सिचुएशनशिप, घोस्टिंग, बेंचिंग जैसे शब्द आम बातचीत का हिस्सा बन गए हैं। लेकिन इन शब्दों के पीछे छिपी उलझनें कई बार रिश्तों को मुश्किल बना देती हैं। इन्हीं उलझनों को अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी सुलझाती नजर आएंगी। वह नया टीवी शो 'प्यार का प्रेशर कुकर' होस्ट करने जा रही हैं, जिसमें नई पीढ़ी के रिश्तों, कमिटमेंट को लेकर असमंजस और डेटिंग के बदलते तौर-तरीकों पर बात होगी। शो में ऐसे कपल्स को शामिल किया जाएगा, जो अपने रिश्ते को लेकर किसी न किसी मोड़ पर अटके हुए हैं और रिश्ते को आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। शिल्पा ने कहा, ₹इस शो का फॉर्मेट मुझे सबसे ज्यादा पसंद आया है। यह भारत का पहला ऐसा रिलेशनशिप शो है, जिसमें माता-पिता भी कपल्स को उनकी स्थिति का आईना दिखाएंगे।

बोल्ड एक्टिंग की डिमांड

जॉनी लीवर की बेटी जेमी लीवर ने कास्टिंग काउच का बुरा अनुभव शेयर किया है। एक स्टारकिड होने के बावजूद उन्हें एक कास्टिंग डायरेक्टर ने फर्जी ऑडिशन में फंसाया था। एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए उसने कहा था कि उसे जैसी एक्ट्रेस की तलाश है, वो सारी खूबियां जेमी में हैं और उन्हें बस एक ऑडिशन देना है। लेकिन जब वीडियो कॉल पर कपड़े उतारकर बोल्ड एक्टिंग की डिमांड की, तब मामला समझ में आया और उन्होंने कॉल काट दी।

Sport

अल्वी फरहान को 3 गेम में हराया; सीजन के दूसरे खिताब से एक जीत दूर

जापान मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में खेले गए सेमीफाइनल में लक्ष्य ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराया। तीन गेम तक चले इस मुकाबले को जीतने में लक्ष्य को एक घंटा 9 मिनट का समय लगा। अब वे खिताब से एक जीत दूर हैं। फाइनल में उनका सामना कोकी वातानाबे या पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत वितिदसार्न से होगा। लक्ष्य ने पहले गेम में शानदार शुरूआत की और 21-12 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में अल्वी फरहान ने वापसी करते हुए 21-15 से गेम अपने नाम किया। इसके बाद निर्णायक गेम में लक्ष्य ने आक्रामक खेल दिखाया और 21-11 से जीत हासिल कर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया। जापान मास्टर्स से पहले लक्ष्य ने जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीता था। फाइनल में उन्होंने इंडोनेशिया के डिफेंडिंग चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से हराया था। यह इस सीजन का उनका पहला और करियर का सातवां इहऋ खिताब था। अब जापान मास्टर्स में भी वे उसी लय को बरकरार रखे हुए हैं।

शुरूआती तीन राउंड सीधे गेमों में जीते

लक्ष्य ने जापान मास्टर्स में अपने अभियान की शुरूआत चीनी ताइपे के ची यू जेन को 21-19, 21-18 से हराकर की थी। दूसरे राउंड में उन्होंने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 35 मिनट चला था।

क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य ने जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। यह मुकाबला 39 मिनट से कम समय में खत्म हुआ था। लक्ष्य सेन ने हाल ही में कोरिया ओपन से नाम वापस ले लिया था। हालांकि, जापान मास्टर्स में उनके प्रदर्शन से साल के अंत में होने वाले इहऋ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। अगर वे जापान मास्टर्स का खिताब जीतते हैं तो इस सीजन में उनके नाम दो खिताब हो जाएंगे।

अंडर-19 क्रिकेटर ने किया सुसाइड

नई दिल्ली। तेलंगाना के विकाराबाद जिले में बीसीसीआई अंडर-19 टीम में चुनी गईं 17 साल की क्रिकेटर नंदिनी ने सुसाइड कर लिया है। वे यहां अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई और क्रिकेट की तैयारी कर रही थीं। इस घटना के विरोध में उनके रिश्तेदारों ने प्रदर्शन किया। घटना शुक्रवार की है। परिजन का आरोप है कि इलाके में रहने वाला युवक अनिल प्यार के नाम पर नंदिनी का पीछा करता था। अनिल का दोस्त कृष्णा उसका साथ देता था। नंदिनी मूल रूप से यलाल मंडल के संगयापल्ली गांव की रहने वाली थीं। हाल ही में उनका सिलेक्शन बीसीसीआई अंडर-19 टीम में हुआ था।

जिम्बाब्वे के खिलाफ अफगानिस्तान की वापसी

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अफगानिस्तान ने वापसी कर ली है। शुरूआती 58 ओवर तक जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। ओपनर इनोसेंट काया और अनुभवी ब्रेंडन टेलर ने 96-96 रन की पारियां खेलकर टीम को 200 रन तक पहुंचाया। ऐसा लग रहा था कि जिम्बाब्वे पहले दिन बड़ा स्कोर खड़ा कर लेगा, लेकिन अफगानिस्तान से डेब्यू कर रहे स्पिनर नसीर खान ने 4 विकेट लेकर वापसी कराई। जिम्बाब्वे ने 200 रन पर सिर्फ एक विकेट गंवाया था, लेकिन अगले 8 ओवर में 12 रन जोड़कर 3 विकेट खो दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम का स्कोर 250/5 हो गया।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी आज़ाद नगर 1
हाल, 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम किराये से देना है
संपर्क: 8319023209 8989404428

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

कर्मचारी की आवश्यकता
वेटर
किचन हेल्पर
सिक्योरिटी गार्ड
सफाई हेतु
कर्मचारी की आवश्यकता है
पता : क्षिप्रा ढाबा हरि फाटक इंदौर रोड उज्जैन
7610571808
9098080060

नैनो न्यूज

- **भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली शर्मनाक हार:** माउंट माउंगानुई में खेले गए चौथे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 244 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। वनडे इतिहास में रनों के हिसाब से यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है।
- **मध्य प्रदेश को मिला पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम:** मध्य प्रदेश को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मिल गया है, और 19 नवंबर से यहाँ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी होगी।
- **अनुज श्रीवत्री बने भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर:** मध्य प्रदेश के इंटरनेशनल मास्टर अनुज श्रीवत्री ने फिलीपींस में सातवीं आसियान प्लस इंटरनेशनल ओपन शतरंज प्रतियोगिता जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया है।
- **युथ ओलंपिक में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन:** यूथ ओलंपिक में मणिपुर के अंबेकर मीतेई ने बॉक्सिंग में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। वहीं तान्वी ने बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा।
- **दीप्ति शर्मा को आईसीसी का सम्मान:** भारतीय महिला ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खास अवॉर्ड मिला है।

डेब्यू मैच में साकिब के 7 विकेट; सऊद शकील दोनों पारियों में शतक से चूके

पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ

एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी



पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रावलपिंडी में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा। टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तान ने पहली पारी 9 विकेट पर 434 रन बनाकर घोषित की।

जवाब में श्रीलंका ने पहली पारी में 446 रन बना दिए। टीम को 12 रन की बढ़त मिली। धनंजय डी सिल्वा ने 167 और कप्तान कुसल मेंडिस ने 119 रन की पारियां खेलीं। पाकिस्तान के लिए डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज साकिब खान 7 विकेट लिए।

दूसरी पारी में पाकिस्तान ने 8 विकेट पर 284 रन बनाए। सऊद शकील ने 97 रन की पारी खेली, लेकिन लगातार दूसरी पारी में शतक से चूक गए। पहली पारी में भी वह 93 रन बनाकर आउट हुए थे। साकिब खान ने श्रीलंका की पहली पारी में 34 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने 5 मेडन ओवर के साथ 130 रन देकर 7 विकेट हासिल किए। श्रीलंका की शुरूआत खराब रही। टीम ने 12 रन तक अपने दो विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद अब्बास ने पसिंदु सूरियाबंदर को खाता खोले बिना आउट किया। इसके बाद साकिब ने दिनेश चांदीमल को 1 रन पर पवेलियन भेजा। उन्होंने लाहिरू उदारा का विकेट भी लिया, जो 42 रन बनाकर खेल रहे थे।

दूसरी पारी में बनाए 284 रन

दूसरी पारी में पाकिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। तैयब आरिफ 11 रन बनाकर आउट हुए। अजान अवैस ने 66 गेंदों पर 22 रन बनाए। मोहम्मद ताहा ने 57 गेंदों पर 24 रन जोड़े। बाबर आजम ने 48 गेंदों पर 34 रन बनाए। इस दौरान टीम ने शुरूआती चार विकेट 107 रन पर गंवा दिए। इसके बाद सऊद शकील ने पारी संभाली। उन्होंने 210 गेंदों पर 97 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके थे। विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी ने 69 गेंदों पर 35 रन बनाकर उनका साथ दिया। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 156 गेंदों पर 92 रन जुड़े। इस साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला।

न्यूज कॉलम

सुबह-शाम ठंड, दोपहर में गर्मी का अहसास

धार। अब ठंड ने धीरे-धीरे दस्तक देना शुरू कर दिया है। तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच ठंडी हवाओं के चलने से सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। धार शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। खासकर सुबह जल्दी और शाम ढलने के बाद लोगों को ठंड महसूस होने लगी है। मौसम के तापमान पर नजर डालें तो कल दिन न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा।


14 साल की बच्ची ने बच्चे को जन्म दिया

धार। जिले के सरदारपुर सिविल अस्पताल में महज 14 साल की एक नाबालिग लड़की के मां बनने का मामला सामने आया है। नाबालिग ने 12 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर में एक बच्ची को जन्म दिया। डिलीवरी के दौरान अस्पताल से मिली सूचना के बाद जब पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। शुक्रवार को लड़की के बयान के आधार पर राजोद पुलिस ने आरोपी युवक को अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

तुअर और कपास के बीच गांजे के 230 पौधे मिले

मनावर। धार जिले के मनावर में पुलिस ने तुअर और कपास की फसल के बीच लगाए गांजे के 230 पौधे जब्त किए। खेत मालिक दिनेश मुवेल को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पौधों का वजन 6 क्विंटल 98 किलो और अनुमानित कीमत 1 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपये है। पुलिस ने यह कार्रवाई ऑपरेशन प्रहार के तहत ग्राम बडिया नाईपुरा, उमरबन में की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिनेश पिता प्रताप मुवेल ने अपने खेत में गांजे के पौधे लगाए हैं। इसके बाद मनावर थाना और उमरबन चौकी की पुलिस ने खेत पर दबिश दी।

194 गांवों की प्यास बुझाने आज झाबुआ पहुंचेगा नर्मदा का जल



बिरसा मुंडा जयंती पर कलश यात्रा से होगा स्वागत, जल संरक्षण के बारे में दी समझाइश

झाबुआ। नर्मदा झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत 15 नवंबर को झाबुआ जिले में नर्मदा का जल पहुंचेगा। इसे लेकर शनिवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में 194 गांवों के जलदूतों और लाभान्वित किसानों की बैठक हुई। इसमें जल के स्वागत, संरक्षण और सिंचाई में उपयोग को लेकर चर्चा की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा जयंती पर नर्मदा का जल झाबुआ पहुंचना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। ग्रामीण कलश यात्रा और पारंपरिक पूजा के साथ जल का स्वागत करें। मंत्री भूरिया ने कहा कि कम बारिश के कारण क्षेत्र के जल स्त्रोत खाली हैं। ऐसे में पानी की हर बूंद बचाना जरूरी है। किसानों को कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही परियोजना के रखरखाव में भी सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि जो गांव अभी परियोजना से छूट गए हैं, उनका सर्वे कर वहां भी पानी पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

नैनो न्यूज

- **इंदौर में सराफा कारोबार सुस्त-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट के असर से इंदौर में सोना 1 हजार और चांदी 3 हजार रुपये टूट गई। भाव कम होने के बावजूद बाजार में ग्राहकी फिलहाल सीमित बनी हुई है।
- **इंदौर-उज्जैन रोड पर नया निवेश-** गोदरेज प्रॉपर्टी ने इंदौर-उज्जैन रोड पर लगभग 31 एकड़ जमीन आवासीय प्लॉट परियोजना के लिए जोड़ी है। कंपनी इस जमीन पर नियोजित आवासीय विकास करेगी।
- **प्रॉपर्टी की नई कलेक्टर गाइडलाइन:** इंदौर में प्रॉपर्टी खरीदने और रियल एस्टेट में निवेश करने वालों के लिए हलचल तेज हो गई है। प्रशासन ने आगामी वित्तीय वर्ष 2027-28 के लिए नई कलेक्टर गाइडलाइन का ड्राफ्ट और तैयारियां शुरू कर दी हैं।
- **मास्टर प्लान सड़क निर्माण की समयसीमा तय-** इंदौर नगर निगम ने लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी और जिंसी चौराहे से नेमिनाथ चौराहे तक मास्टर प्लान सड़क निर्माण पूरा करने के लिए दिसंबर की समयसीमा तय की है।
- **इंदौर में आवासीय प्लॉट बाजार को बढ़ावा-** इंदौर में बड़े डेवलपर्स की आवासीय प्लॉट परियोजनाओं में रुचि बढ़ रही है। इंदौर-उज्जैन रोड पर नई परियोजना से इस क्षेत्र में नियोजित आवास विकास को गति मिलने की संभावना है।

बम धमाकों की धमकियों के बीच इंदौर में शो, पंजाबी सिंगर ने कहा-सबसे पहले पोहा खाऊंगा

दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट आज, 7.17 करोड़ के टिकट बिके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ का लाइव कॉन्सर्ट रविवार को इंदौर में होगा। लगातार मिल रही बम ब्लास्ट की धमकियों के बावजूद आयोजन तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। बायपास स्थित सी-21 एस्टेट के 4 लाख वर्गफीट के मैदान में भव्य स्टेज तैयार किया जा रहा है। शो को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज है। अब तक 25 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं, जिनकी कुल कीमत 7.17 करोड़ रुपए है। इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि आयोजकों ने 7 करोड़ रुपए से ज्यादा के टिकट बिकने की जानकारी दी है।

एंटरटेनमेंट रूल्स के तहत टिकट बिक्री से होने वाली आय में खर्च घटाने के बाद 10% रेवेन्यू के हिसाब से 60 लाख 82 हजार 795 रुपए एडवांस एंटरटेनमेंट टैक्स के रूप में जमा कराए गए हैं। तमाम धमकियों और सुरक्षा तैयारियों के बीच दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पर इंदौर की मशहूर छप्पन दुकान की पुरानी तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं आऊंगा और सबसे पहले पोहा खाऊंगा। उनकी इस पोस्ट ने इंदौरी फैंस का उत्साह दोगुना कर दिया है।



500 जवानों का पहरा, दिन में 3 से 4 बार मैदान की चेकिंग

धमकियों के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह के अनुसार, आयोजन स्थल और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।
त्रिस्तरीय सुरक्षा: आयोजन स्थल, आसपास के नाकों और प्रमुख चौराहों पर 500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।
लगातार सर्च ऑपरेशन: बम डिस्पोजल स्क्वॉड और क्राइम ब्रांच की टीमें दिन में 3 से 4 बार पूरे मैदान की जांच कर रही हैं।

महापौर सचिवालय से हाईकोर्ट तक धमकी भरे मेल भेजे

कॉन्सर्ट से पहले शहर में लगातार धमकी भरे ई-मेल मिल रहे हैं। हाल ही में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के सचिवालय, बैंकों और तीन निजी स्कूलों को बम से उड़ाने के मेल आए थे। इनमें बच्चों को कॉन्सर्ट में नहीं भेजने की चेतावनी भी दी गई थी। वहीं, ग्वालियर हाईकोर्ट को मिले ऐसे ही मेल के मामले में यूपी एटीएस ने एक संदिग्ध को पकड़ा है। उसने ई-मेल अकाउंट किसी और को बेचने का दावा किया है।

- **एडीसीपी बोले- धमकियां फर्जी पाई गईं-** एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शुरूआती जांच में देवास की एक निजी कंपनी के कर्मचारी निखिल गुप्ता की हैक की गई ई-मेल आईडी के इस्तेमाल की बात सामने आई है। लॉग-इन रिकॉर्ड में वीपीएन और अमेरिका का संदिग्ध आईपी एड्रेस मिला है। पुलिस डार्क वेब और साइबर नेटवर्क के एंगल से जांच कर रही है। अब तक मिली धमकियां फर्जी पाई गई हैं, लेकिन एहतियातन सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही।
- **पहले जान लें ट्रैफिक प्लान: 8 घंटे बंद रहेंगे भारी वाहन-** रविवार को कॉन्सर्ट के चलते दोपहर 4 बजे से रात 12 बजे तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। इस दौरान हाईवे पर बेस्ट प्राइज मोड़ से दस्तूर चौराहा, स्टार चौराहा और रेडिसन चौराहा होते हुए देवास नाका तक सभी प्रकार के भारी वाहनों और बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

बेटी बोली- पापा छत से कूद नहीं सकते, मां को 8 बार फोन किया

सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत की जांच में पत्नी-बेटी से पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया इलाके के त्रिवेणा होटल से कूदने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर राजकुमार यादव की पत्नी और बेटी से एएसआई कृष्णा भोंडे ने पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने बेटी से पूछा कि आखिरी बार पिता से उसकी क्या बातचीत हुई थी। पत्नी सरवरी बेगम के भी बयान दर्ज किए गए।

बेटी सुमन ने बताया कि पिता के पास पैसे नहीं थे, इसलिए उसने उनके अकाउंट में 500 रुपए ट्रांसफर किए थे। पिता बार-बार मां को फोन लगाने के लिए कह रहे थे, लेकिन मां सरवरी उनका फोन नहीं उठा रही थीं। पुलिस को दिए बयान में बेटी ने बताया कि पिता करीब 8 बार मां से बात कर उनका हालचाल पूछते रहे। साथ ही यह भी कहा कि मां की तबीयत खराब होने के कारण वह फोन नहीं उठा रही थीं। लसूड़िया थाने में शुक्रवार रात सरवरी बेगम और उनके पहले पति से हुई बेटी सुमन उर्फ कायनात खातून पहुंची थीं। यहां उनकी एएसआई कृष्णा भोंडे से बातचीत हुई। सुमन ने कहा कि उसके पिता होटल की छत के ऊपर से छलांग नहीं लगा सकते। बेटी के मुताबिक, राजकुमार ने उससे पेमेंट भेजने के लिए कहा था, ताकि मां सरवरी बेगम और बेटी की टिकट कराई जा सके। पिता ने यह भी कहा था कि वह मां को भेज दे, क्योंकि उनके भोपाल जाने पर मां और बहन परेशान हो जाती हैं। उन्होंने कोलकाता तक जाने की व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई थी। कुछ दिन पहले राजकुमार की पत्नी प्रीति यादव, उनकी मां और भाई ने राजकुमार और सरवरी के साथ मारपीट की थी। इसके बाद सरवरी काफी डर गई थीं। बेटी ने बताया कि राजकुमार कोलकाता से मां सरवरी बेगम को इंदौर यह कहकर लाए थे कि यहां कामकाज मिलेगा और परिवार से भी मदद मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



मां की पहली शादी के बारे में बताने से किया इनकार

एएसआई कृष्णा भोंडे ने सुमन से उसकी मां की पहली शादी को लेकर भी पूछताछ की, लेकिन उसने इस बारे में बताने से इनकार कर दिया। उसका कहना था कि इस पूरे मामले से उसके पहले पिता का कोई लेना-देना नहीं है। राजकुमार यादव के बारे में जानकारी देते हुए सुमन ने बताया कि जब वह बेंगलुरु में थे, तब वह उनके साथ रहती थी। बाद में राजकुमार ने भोपाल शिफ्ट होने की बात कही तो सुमन और उसका भाई नाना-नानी के पास चले गए। भोपाल में रहने के दौरान उसका भाई कई बार मां सरवरी बेगम से मिलने आया, लेकिन बाद में वह अपने पहले पिता के पास रहने चला गया। अब वह उनके साथ नहीं रहता। सुमन ने बताया कि उसकी मां ही राजकुमार की पहली पत्नी हैं।

10 साल नौकरी वाले दैनिक वेतन भोगी होंगे नियमित

इंदौर नगर निगम ने पारित किया संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम में लंबे समय से विनियमितीकरण की मांग कर रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। निगम ने 10 साल की सेवा अवधि पूरी कर चुके सभी पात्र दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का संकल्प पारित किया है।

इन कर्मचारियों को मध्यप्रदेश सरकार के वर्ष 2016 के सर्कुलर के अनुसार विनियमितीकरण का लाभ दिया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि दिवाली के अवसर पर और उससे पहले हुई एमआईसी की बैठक में निगम के सफाई मित्रों और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को यह लाभ देने की घोषणा की गई थी। इंदौर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात काम करने वाले ऐसे कर्मचारी, जिन्होंने 10 साल की सेवा पूरी कर ली है, लेकिन अब तक विनियमितीकरण का लाभ नहीं मिला है, उन्हें इस दायरे में शामिल किया जाएगा। महापौर ने कहा कि निगम ने अपनी घोषणा के अनुरूप कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करने की दिशा में फैसला लिया है। इससे कर्मचारियों को सम्मान और स्वाभिमान के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप पहले 1650 कर्मचारियों के मामले में कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के तहत समान पात्रता रखने वाले अन्य कर्मचारियों को भी समान राहत मिलनी चाहिए। इसी आधार पर 2016 के सर्कुलर की पात्रता पूरी करने वाले सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को विनियमित करने का संकल्प पारित किया है।

33 संगीन मामलों का हिस्ट्रीशीटर 1.70 लाख की ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नशा माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए पुलिस ने चौतरफा घेराबंदी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है, जो ऑटो चलाने की आड़ में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 1.70 लाख रुपये आंकी गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार आरोपी पर चोरी, लूट और डकैती की साजिश जैसे 33 संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की टीम ने भागीरथपुरा स्थित एमआर-04 रोड पर गश्त के दौरान एक युवक को पकड़ा। युवक पुलिस को देखकर भाग रहा था। घेराबंदी कर पकड़ने के बाद पूछताछ में उसकी पहचान एरोड्रम थाना क्षेत्र (पूर्व निवासी चंदन नगर) के 32 वर्षीय मोहित उर्फ लल्लू झंवर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। महज पांचवीं कक्षा तक पढ़ा मोहित पेशे से ऑटो चालक है, लेकिन अपराध की दुनिया में उसका लंबा रिकॉर्ड रहा है। एडिशनल डीसीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने बताया कि मोहित उर्फ लल्लू एक आदतन अपराधी है। वर्ष 2012 से 2023 के बीच उसके खिलाफ इंदौर के चंदन नगर, अन्नपूर्णा, छत्रीपुरा, द्वारकापुरी, राजेंद्र नगर, हीरानगर, तेजाजी नगर और सराफा समेत विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, अड़ीबाजी, लूट, डकैती की तैयारी, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट के 33 गंभीर प्रकरण दर्ज हैं।

चारों दिशाओं से कनेक्टिविटी देने की योजना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सिंहस्थ 2028 का ट्रैफिक दबाव संभालने के लिए आउटर सिटी में 310 किमी सड़कें और 11 ब्रिज बनाने की योजना है। इन प्रोजेक्ट्स पर 8300 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। महाराष्ट्र, गुजरात और प्रदेश के अन्य शहरों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे इंदौर की लॉजिस्टिक और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

सड़कें और ब्रिज बनाने की यह योजना एनएचएआई ने तैयार की है। योजना में शामिल 7 प्रमुख प्रोजेक्ट्स में से 4 पर काम शुरू हो चुका है, जिनकी डेडलाइन मई 2027 से अप्रैल 2028 के बीच है। शेष 3 प्रोजेक्ट अभी प्लानिंग और टेंडर प्रक्रिया के स्तर पर हैं।

शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से को मिलाकर 148 किमी लंबा रिंग रोड तैयार करने की योजना है। इसके बनने से भारी वाहन शहर के भीतर प्रवेश किए बिना एक तरफ से दूसरी तरफ जा सकेंगे। पश्चिमी बायपास के जरिए पीथमपुर, हातोद और शिप्रा के जुड़ने से औद्योगिक क्षेत्र से माल परिवहन सुगम होगा।

पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी

शव और स्कूटी पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हादसा दिखाया, पांच गिरफ्तार, एक फरार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर के मोरधी गांव में दिलीप वास्कले की मौत को पहले सड़क हादसा माना गया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि पत्नी ने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या की थी। आरोपियों ने हत्या के बाद शव और स्कूटी पर ट्रैक्टर चढ़ाकर घटना को हादसा दिखाने की कोशिश की। पुलिस ने पत्नी सेंगली समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है।

पुलिस अधीक्षक समर वर्मा ने 14 नवंबर को प्रेस वार्ता में बताया कि मामला चांदपुर थाना क्षेत्र के मोरधी गांव का है। 12 नवंबर को शाम करीब 7 बजे दिलीप पिता अबेसिंह वास्कले की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। पिंटू की रिपोर्ट पर पुलिस ने पहले सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

घटनास्थल के हालात संदिग्ध लगने पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई। जिला अस्पताल आलीराजपुर में पांच डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। शुरूआती रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया।

चार-पांच साल से थे पत्नी और प्रेमी के संबंध

जांच के दौरान घटनास्थल से मिले मोबाइल फोन के आधार पर पुलिस दशरिया तक पहुंची। पूछताछ में पता चला कि सेंगली और रमेश के बीच पिछले चार-पांच साल से संबंध थे। दिलीप को इसकी जानकारी होने के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद होता था।



आवश्यकता है
1) अमूल आईस्क्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी की
कार्य समय : दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
2) पेपर काउंटर संभालने वाले की
वेतन : 4500 से 5000 रु. प्रतिमाह
कार्य समय : सुबह 4 से सुबह 8 बजे तक (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749











मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com